संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार, 23 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



बीकानेर में किस तरह की गर्मी पड़ रही है, इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि बीएसएफ के जवानों ने रेत पर पापड़ सेंके हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 141 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




# सपा सरकार के गुंडाराज का हुआ सफाया: मोदी

## पांच चरणों के चुनाव में देश में मोदी सरकार पक्की : नरेन्द्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बस्तीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बस्ती में तीन लोकसभा क्षेत्रों बस्ती, संतकबीरनगर और डुमरियागंज से भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों ने हम पर भरोसा किया है। इसलिए मैं आपके भरोसे को टूटने नहीं दूंगा। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस और सपा को आरक्षण विरोधी बताया और पांच चरणों में ही मोदी सरकार बनने का दावा किया। उप्र में सपा सरकार के गुण्डाराज का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस मैदान में मैं पहले भी आया हूं लेकिन आज का दृश्य इससे पहले कभी नहीं देखा। इस चिलचिलाती धूप में खड़े लोगों से क्षमा मांगते हुए कहा कि मेरी व्यवस्था छोटी पड़ गयी। जनता से मुखातिब मोदी ने कहा कि आपकी तपस्या का बेकार नहीं जाने दूंगा। इसका कई गुना करके वापस करूंगा। देश में पांच चरणों के चुनाव हो गए हैं। इन्हीं चरणों ने मोदी सरकार पक्की कर दी है। इंडी गठबंधन पता नहीं क्या-क्या आंकड़ा बता रहा है। उन्हें याद नहीं रहता कि आज क्या बोल रहे हैं, दो दिन पहले क्या बोला था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वोट देना निरर्थक है। आपका वोट बर्बाद हो जाए, यहां का कोई मतदाता नहीं चाहेगा।



### जो डराना चाहते हैं भारत उन्हें बख्सेगा नहीं: मोदी

**मोदी** ने कहा कि सपा-कांग्रेस के लोग कहते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। आज भारत में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं है। आज मोदी सरकार है। भारत किसी को डराना नहीं चाहता, लेकिन जो हमें डराना चाहते हैं उन्हें बख्सेगा नहीं। उन्होंने कहा कि आज का भारत घर में घुस कर मारता है।

### कांग्रेस ने संविधान खत्म करने की कोशिश की: मोदी

**पीएम** ने कहा कि कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान खत्म करने की कोशिश की।
पीएम ने कहा कि बिहार के पिछड़े नेता सीताराम केसरी कांग्रेस के अध्यक्ष थे। मैडम सोनिया ने उन्हें बाथरूम में बंद कर दिया। खुद अध्यक्ष बन गयीं। सपा तो हमेशा दलित विरोधी रही है।

# बंगाल: 2010 के बाद जारी किए गए ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को कलकत्ता हाईकर्ट से बुधवार को एक और झटका लगा है। हाईकोर्ट ने तृणमूल सरकार द्वारा जारी राज्य के सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा कि फैसला सुनाए जाने के बाद रद्द किए गए प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किसी भी रोजगार प्रक्रिया में नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट के इस आदेश के परिणामस्वरूप करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए गए। हालांकि, साथ ही हाईकोर्ट ने कहा, इस प्रमाणपत्र के जिन



उपयोगकताओं को पहले ही मौका मिल चुका है, उन पर इस फैसले का असर नहीं होगा।

हालांकि, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को विशेष रूप से तृणमूल सरकार का उल्लेख नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि 2010 के बाद जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए जाएंगे।

# भाजपा-कांग्रेस पर चुनाव आयोग सख्त

**निर्देश**

- नड्डा-खरगे को चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस; चुनाव प्रचार में मर्यादा बनाए रखने को कहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के बीच राजनीतिक दलों के नेताओं की बयानबाजी का सिलसिला भी जारी है। चुनाव आयोग द्वारा लगातार ऐसे मामलों पर कार्रवाई भी की जा रही है। इस बीच चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निर्देश दिए हैं। दोनों




नेताओं से कहा गया है कि अपने स्टार प्रचारकों को कोई भी बयान देते समय सावधानी बरतने और मर्यादा बनाए रखने के निर्देश दें।

**चुनाव आयोग ने भाजपा को दिए सख्त निर्देश** चुनाव आयोग द्वारा चुनाव प्रचार के गिरते स्तर को देखते हुए ये आदेश दिए गए हैं। आयोग ने जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों को आड़े हाथों लिया। आयोग ने भाजपा को निर्देश दिए हैं कि पार्टी के नेता अपने भाषणों के दौरान धार्मिक और सांप्रदायिक बयानबाजी न करें।

# नई सरकार को आरबीआई से मिलेगा 2.11 लाख करोड़ का चेक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आम चुनाव 2024 के परिणामों के बाद देश में बनने वाली नई सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से बड़ा तोहफा मिलेगा। केंद्रीय बैंक के बोर्ड ने पहली बार सरकार को लाभांश के रूप में 2.11 लाख रुपये देने का फैसला किया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार की बैठक में वित्त वर्ष 2024 के लिए केंद्र सरकार के लिए 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश को मंजूरी दी, जो वित्त वर्ष 23 की तुलना में



लगभग 141 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2023 में केंद्रीय बैंक ने केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में ?87,416 करोड़ ट्रांसफर किए थे। मुंबई में बुधवार को आयोजित केंद्रीय बोर्ड की 608वीं बैठक के दौरान केंद्रीय बैंक के निदेशक मंडल ने दृष्टिकोण के जोखिम सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य पर विचार-विमर्श किया।

**भरेगा खजाना**

- बैंक के बोर्ड ने पहली बार सरकार को लाभांश के रूप में 2.11 लाख रुपये देने का फैसला किया

# उफ ये गर्मी: बीकानेर में 47 डिग्री पार पहुंचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेरः** देश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। कई जगहों पर तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच चुका है। आलम ये है कि गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में राजस्थान से एक ऐसी वीडियो सामने आई है, जिसे देखकर आप चौंक जाएंगे। बीकानेर में किस तरह की गर्मी पड़ रही है, इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि बीएसएफ के जवानों ने रेत पर पापड़ सेंके हैं।

# सातवें चरण में 199 दागी, 299 करोड़पति

**टीम एक्शन इंडिया**

**देश में** लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के पांच चरण पूरे हो चुके हैं। बाकी दो चरणों के लिए मतदान 25 मई और 1 जून को कराए जाएंगे। सातवें दौर के नामांकन की सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सातवें चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस चरण में कुल 904 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं जिनके शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। एडीआर ने जारी किए एक विश्लेषण में बताया है कि सातवें चरण में 904 उम्मीदवारों से 199 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 299 उम्मीदवार करोड़पति हैं।

**उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि :** 904 में से 199 (22 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 151 (17 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 13 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किए हैं। चार उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी-302) से जबकि 27 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी-307) से जुड़े मामले घोषित किए हैं।

महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 13 हैं। इन 13 में से दो उम्मीदवारों के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 25 उम्मीदवार हैं।

**दलवार आंकड़े क्या हैं?**

एडीआर ने सातवें चरण में उम्मीदवारों द्वारा घोषित आपराधिक मामले दलवार आंकड़े जारी किए हैं। टीएमसी के नौ में से सात, सपा के नौ में से सात, माकपा के आठ में से पांच, शिअद के 13 में से आठ, भाजपा के 51 में से 23, कांग्रेस के 31 में से 12, आप के 13 में से पांच, बीजद के छह में से दो, भाकपा के सात में से दो और 56 में से 13 में बसपा के उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है।



**रिपोर्ट**

- सातवें चरण में 199 दागी, 299 करोड़पति
- पांच सबसे अमीर उम्मीदवारों में कंगना






# वह शहजादे नही बल्की वे एक हिंदू और राजपूत हैं: सिंह

## वह सांसद बने तो मंडी संसदीय क्षेत्र की सडकों पर एक भी बेसहारा पशु दिखाई नहीं देगा

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि इस बार देश मे इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। मंडी में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि राजनीति कोई पेशा नही है यह एक जनसेवा है जिसमें लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिये दिन रात उनके बीच रह कर काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय उन्होंने स्वयं प्रभावित लोगों के दर्द को देखा और उसे पूरी ततपरता के साथ दूर किया। वह एक बड़े विजन के साथ इस चुनाव को लड़ रहे है। मण्डी को देश का सर्वश्रेष्ठ संसदीय क्षेत्र बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



शिमला की तरह मण्डी को भी स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके पिता प्रदेश के छह बार के मुख्यमंत्री स्वण्वीरभद्र सिंह ने मण्डी को सेंट्रल जोन का दर्जा देकर यहां कई सरकारी मुख्यालयों को खोला। मण्डी को आईआईटी, मेडिकल कालेज जैसी बड़ी सौगातें उन्ही की देन है। उन्होंने कहा कि सांसद के तौर पर उनकी माता प्रतिभा सिंह ने भी इस संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यो को गति दी। उन्होंने कहा कि अब उन्हें यहां से सांसद बनने का मौका मिल रहा है और अगर वह सांसद बनाते है तो वह अपने सभी उत्तरदायित्वों का पूरी ईमानदारी से निर्वाहन करेंगे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि लोक निर्माण मंत्री के नाते उन्होंने प्रदेश में सडकों के रखरखाव और इनके निर्माण के लिये केंद्र से 3560 करोड़ स्वीकृति करवाएं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता इस संसदीय क्षेत्र में सडकों के नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने का है

**पलटवार**


**⏩ इन बेसहारा पशुओं को भी उचित ठिकाना मिल सके और लोगों को इनके भय से निजात मिल सके**

जिससे यहां आने वाले देश विदेश के पर्यटकों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि जलोड़ी जोत व भुगु जोत में सुरंग निर्माण का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में मण्डी के लिये कुछ नही किया। उन्होंने कहा कि आजकल वह फिल्म निर्माण में एक स्क्रिप्ट राइटर बने हुए है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मोदी के नाम पर वोट मांग रही है। उनकी अपनी न कोई विकास की सोच है न ही कोई विजन। उन्होंने कंगना पर पलटवार करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में शहजादे नहीं होते और ना ही वह कोई शहजादे हैं। वे एक हिंदू और राजपूत हैं। उन्होंने कहा कि यदि वे सांसद चुने जाते हैं तो उसके बाद मंडी संसदीय क्षेत्र की सडकों पर एक भी बेसहारा पशु दिखाई नहीं देगा। वे सरकारए प्रशासन और अन्य स्वयं सेवी संगठनों के साथ मिलकर बेसहारा पशुओं के लिए अधिक से अधिक गौसदनों का प्रावधान करवाएंगेए ताकि इन बेसहारा पशुओं को भी उचित ठीकाना मिल सके और लोगों को इनके भय से निजात मिल सके।

# कांग्रेस शासन में जगलराज प्रदेश में गुंडागर्दी का हो रहा नंगा नाच: रवि

**नरेंद्र अंगारिया**

**कुल्लू :** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के बढ़ते तानाशाह और प्रदेश प्रशासन के लापरवाही के करना प्रदेश भर में जंगलराज की स्थिति बनती जा रही है। भाजपा प्रत्याशी एवं लाहुल के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि आज सोशल मीडिया पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता तोजिंग गांव के निवासी रोहन कपूर को मारने और दोनों पैर तोड? की धमकी दी गई। गौरतलब हो की बीते सोमवार को कांग्रेस के कार्यकताओं द्वारा काजा में हुए प्रदर्शन करते हुए जयराम ठाकुर, कंगना रनौत, धन सिंह रावत और रवि ठाकुर के काफिले पर किए गए हमले में रवि ठाकुर को निशाना बना कर कांग्रेस के कार्यकर्ता



आक्रामक हो गए। बीच बचाव के क्रम में जब भाजपा कार्यकर्ता चैन बनाकर आगे आए तो भीड़ में से एक अनजान शख्स रोहन कपूर को धक्का दे दिए जिस कारण से रोहन का दायां पैर फ्रैक्चर हो गया। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया पर इसी घटना क्रम की एक संबंधित पोस्ट पर काजा निवासी छेवांग दोरजे नामक कांग्रेस समर्थक ने कमेंट करके अगली बार मिलने पर मारने और दोनों पैर तोडने की खुलेआम धमकी दी। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए रोहन कपूर ने पूरी घटनाक्रम की लिखित शिकायत साइबर डिपार्टमेंट को दी है तथा कार्रवाई करने की मांग भी की। प्रशासन ने साइबर क्राइम तथा मारपीट की धमकी के तहत आवेदन को स्वीकार कर लिया है तथा कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

एसमल-01

# रामपुर एचपीएस द्वारा मिनी मैराथन का आयोजन

**लिहांटू**

**रामपुर बुशहर:** एसजेवीएन के 37वें स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रातः 7:00 बजे रामपुर एचपीएस द्वारा विभिन्न वर्गों हेतु मिनी मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों की दौड़ हेतु स्वहव की प्रदान की गई। इसका शुभारंभ रामपुर एचपीएस के परियोजना प्रमुख विकास मारवाह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर फ्लैग ऑफ किया गया।

इस अवसर पर रामपुर एचपीएस के समस्त विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ कर्मचारियों सहित उपस्थित रहे। मिनी मैराथन में रामपुर एचपीएस के अधिकारियों/कर्मचारियों, उनके परिजनों, महिला क्लब की सदस्यों



तथा अप्रेंटिसों द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया। परियोजना प्रमुख द्वारा विकास मारवाह द्वारा मिनी मैराथन में कर्मचारियों ,महिलाओं एवं बच्चों की भागीदारी को सराहा गया व मैराथन के महत्व को बताते हुए कहा कि इस तरह से दौड़ लगाकर जीवनशैली में बदलाव करके हम सभी फिट रहने एवं शरीर में आधुनिक जीवन शेली से होने वाले दुष्प्रभावों को कम कर सकते हैं। मिनी मैराथन कुल 06 वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें 07 से 13 वर्ष तक की लड़कियों एवं लडकों, 14 से 18 वर्ष तक की लड़कियों एवं लडकों, 21 से अधिक वर्ष तक की महिलाओं और पुरू हेतु अलग-अलग श्रेणी रखी गई थी, जिसके अनुरूप सबकी भागीदारी सराहनीय रही। मिनी मैराथन रामपुर एचपीएस के अवेरी स्टोर से बायल स्थित कार्यालय तक लगाई गई, जिसके लिए विभिन्न स्थानों पर परियोजना द्वारा बैनर लगाए गए एवं जल आदि के उचित प्रबंध किए गए थे।

प्रत्येक 06 श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे विजेता प्रतिभागियों व प्रत्येक श्रेणियों में एक-एक सांत्वना पुरस्कार से परियोजना प्रमुख विकास मारवाह द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके उपरान्त 9:00 बजे पूर्वाहन सभी प्रतिभागियों हेतु जलपान एवं भोजन की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम में लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया और कार्यक्रम के समापन पर शैलेश दत, विभागाध्यक्ष, मानव संसाधन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया और सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया।

# दो गोशालाओं में जिंदा जले 4 मवेशी, जलकर राख

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** जिला सिरमौर में राजगढ़ उपमंडल में दो गोशालाओं में चार मवेशी जिंदा जल गए। इस दौरान एक आटा चक्की और शेड भी जल गया। जानकारी के अनुसार उपमंडल की ग्राम पंचायत सैर जगास के जंगल में लगी आग से देवेंद्र सिंह पुत्र ख्यालुराम ग्राम सैर जगास की गोशाला चपेट में आ गई। इस अग्निकांड में गोशाला में बंधी तीन गाय व एक बछड़ा जिंदा जल गए। राजस्व विभाग ने देवेंद्र सिंह का एक लाख रुपये का नुकसान आंका है। इसी बीच पंचायत के टिक्करी गांव के सुनील कुमार पुत्र कल्याण सिंह की गोशाला भी आग की भेंट चढ़ गई,



जहां उसका एक बैल जल गया। इसके साथ-साथ एक आटा चक्की, एक शेड को भी नुकसान हुआ है। प्रशासन की ओर से सुनील कुमार का 1.20 लाख रुपये का नुकसान आंका गया है। आग की सूचना मिलते ही वन विभाग व पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और नुकसान का आकलन किया। उधर, एसडीएम राजकुमार ठाकुर ने घटना की पुष्टि की है।

# देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण फैला रही एनडीए: रोहित



**चमन शर्मा**

**शिमला :** देश में महज अब दो चरणों के चुनाव बाकी है। हिमाचल में सातवें और आखिरी चरण में चुनाव है। ऐसे में हिमाचल में भी इंडिया गठबंधन सक्रियता से भाजपा पर हमला बोल रहा है। बुधवार को इंडी गठबंधन ने संयुक्त प्रेस वार्ता में भाजपा और एनडी पर निशाना साधा। इस दौरान इंडी गठबंधन के नेताओं ने भाजपा और एनडीए पर देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने और जनता से किए वायदों को पूरा न करने का आरोप लगाया। इस दौरान इंडी गठबंधन के नेताओं ने कहा कि पांच चरणों के चुनाव बीत जाने के बाद देश में इंडिया एलाइंस के पक्ष में माहौल बन गया है। मतदाता प्रदेश में सरकारों को अस्थिर करने वाली भाजपा को जवाब दे रहे हैं। देश में परिवर्तन का माहौल बन चुका है। प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि संविधान और धर्मनिरपेक्षता में भरोसा रखने वाले प्रगतिशील दल भाजपा के खिलाफ लामबंध हुए है। रोहित ठाकुर ने कहा कि अब तक हुए चुनावी चरणों में इंडिया गठबंधन को निर्णायक बढ़त हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा

**आभार**

**⏩ देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने और जनता से किए वायदों को पूरा न करने का आरोप लगाया**

सरकार ने किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया, लेकिन पूरा नहीं हुआ। इसके अलावा केंद्र ने एनडीए के तहत 1500 करोड़ के बजट प्रावधान को समाप्त करके बागवानों पर कुठाराघात किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के परिपेक्ष में देखें तो वर्तमान सुक्खू सरकार ने प्रदेश में विकट वित्तीय स्थिति के बावजूद बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बागवानों के लंबित पड़े मामलों का भुक्तान किया। इसके अलावा लंबे समय से चल रही यूनिवर्सल कार्टन की मांग को पूरा किया। साथ ही वजन के हिसाब से प्रदेश में सेब बचने का निर्णायक फैसला लिया। केंद्र की भाजपा सरकार ने एप्पल इंपोर्ट ड्यूटी घटकर 50 फ ीसदी कर दी और लगभग 44 देशों से सेब देश में आयात हो रहा है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर में अलंकरण समारोह आयोजित



**सुभाग सचदेवा**

**गोहर :** आज डीएवी स्कूल गोहर में स्कूल नई संसद का अलंकरण समारोह आयोजित किया इस दौरान कैबिनेट सदस्य द्वारा शपथ ली गई। प्रधानाचार्यचंदेश्वर कुमार शर्मा द्वारा कैबिनेट को शपथ दिलवाई गई। प्रधानाचार्य चंदेश्वर कुमार शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूली जीवन में नेतृत्व क्षमता परखने वह विकसित करने के लिए यह एक सशक्त मंच है । उन्होंने ने सभी नव युक्त सदस्यों को शुभकामनाएं दी। साथ में यह भी कहा कि मुझे संपूर्ण विश्वास है कि सभी सत्र में अपना कार्य ईमानदारी वह पुरी लगन के साथ करेगे। स्कूल कैबिनेट सदस्य : विद्यालय कप्तान बालक-पीयूष कुमार, स्कूल कैप्टन गर्ल-शिवानी शर्मा, स्कूल परफेक्ट बॉय इमोन ठाकुर, स्कूल परफेक्ट गर्ल धनलक्ष्मी, स्पोटर्स कैप्टन बॉयज वरुण कुमार, स्पोटर्स कैप्टन गर्ल्स भूमिका ठाकुर, अनुशासनात्मक कप्तान बालक अतुल शर्मा अनुशासनात्मक कप्तान बालिकाएं अनामिका ठाकुर, गतिविधि कप्तान।

# आईटीआई नाहन में हुआ 40 यूनिट रक्तदान

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने आज आईटीआई नाहन में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। इस शिविर का आयोजन साई सेवा समिति नाहन और आईटीआई नाहन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। उपायुक्त सुमित खिमटा ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि रक्तदान एक पुनीत और महान कार्य है और रक्त की एक-एक बूंद मानव जीवन के लिय बहुमूल्य है। उन्होंने आईटीआई के विद्यार्थियो की सराहना करते हुए कहा कि आईटीआई के विद्यार्थी शिक्षा के साथ विभिन्न



सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढकर भाग ले रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से रक्तदान शिविर की तरह अन्य सामाजिक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाने के लिए कहा। उपायुक्त ने साई सेवा समिति को इस रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि समिति द्वारा इसी प्रकार के रक्तदान शिविरों का भविष्य में भी आयोजन किया जाता रहेगा ताकि जरूरतमंद लोगों ही सेवा की जा सके। आईटीआई प्रधानाचार्य अशरफ अली ने बताया कि रक्तदान शिविर में आईटीआई के विद्यार्थियों तथा अध्यापकों ने 40 यूनिट रक्तदान किया।

# 24 मई को पैराग्लाइडर तथा पैरासिलिंग जैसी गतिविधियों पर रोक

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** जिला दंडाधिकारी मंडी अपूर्व देवगन ने प्रधानमंत्री के 24 मई को मंडी के प्रस्तावित प्रवास के दृष्टिगत धारा 144 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों के अनुसार 24 मई को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक मंडी तथा साथ लगते क्षेत्र को नो फ्लाई जोन घोषित किया है। इस अवधि के दौरान सुरक्षित वायु मार्ग में बाधा उत्पन्न न हो इसके लिए मंडी तथा साथ लगते क्षेत्र में एयरक्राफ्ट, ड्रोन, गर्म हवा का गुबारा, हवाई खेल, पैराग्लाइडर तथा पैरासिलिंग जैसी गतिविधियों की उड़ान पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

# फिर जायजा लेने बकशाहल पहुंची संयुक्त टीम

## प्रशासन आश्वासन पर आश्वासन देकर उन्हें उलझा के रखा है

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू: बकशाहल,** खराटला, सतैश में ड्रेजिंग कार्य ठीक ना होने के कारण बाढ़ प्रभावित बार-बार प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं और प्रशासन आश्वासन पर आश्वासन देकर उन्हें उलझा के रखा है। लेकिन वह अपना दुखड़ा सुनाएं तो सुनाए। उक्त गांवों का इससे पहले कई बार प्रशासन की टीम ड्रेजिंग कार्य और नुकसान का जायजा लेने के लिए पहुंची है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है ना तो यहां पर ठीक से ड्रेजिंग कार्य हुआ ना ही इन लोगों को नुकसान का मुआवजा मिला है। दूसरी बरसात शुरू होने को है



बकशाहल वासियों को फि र से डर लग रहा है कि कहीं दोबारा पिन व पार्वती नदी का रौद्र रूप उन्हें नुकसान ना पहुंचाएं। दूसरी ओर प्रशासन द्वारा बनाई गई टीम निरीक्षण पर निरीक्षण करती जा रही है लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं है। सैंज वैली विकास समिति के अध्यक्ष बुध राम ने बताया कि उन्होंने पटवारी से लेकर नायब तहसीलदार, एसडीएम, उपायुक्त महोदय को कई बार लिखित तौर पर ड्रेजिंग कार्य ठीक से करने और मुआवजा देने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन प्रशासन एक दिन मशीन भेज देता है और दूसरे दिन यहां से मशीन को हटाकर दूसरी जगह ले जाता है और ऐसे में उनका कार्य ड्रेसिंग का कार्य ठीक से नहीं हो पा रहा है और दूसरी बरसात शुरू होने जा रही है लेकिन बकशाहल, खराटला, सातैश गांव में ठीक से कोई भी कार्य नहीं हुआ। बुध राम ने बताया कि सैंज मेले के दौरान उपायुक्त कल्लू ने खुद यहां का दौरा किया था और एसडीएम बंजार को निर्देश दिए थे कि यहां पर ड्रेजिंग के लिए मशीन लगाई जाए लेकिन आदेश देने के बावजूद भी यहां ड्रेजिंग कार्य शुरू नहीं हुआ तो उन्होंने फिर से उपयुक्त कुल्लू को फोन के माध्यम से सूचना दी थी तो निरीक्षण करने के लिए लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, राजस्व विभाग की टीम फिर से बकशाहल गांव पहुंची है।

# वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांग मतदाता घर पर ही कर रहे है मतदान

**संगराय**

**जोगिंद्रनगर :** जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वरिष्ठ व दिव्यांग मतदाता घर पर ही पोस्टल बैलेट से मतदान कर रहे हैं। पोस्टल बैलेट से मतदान करवाने को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12 मोबाइल टीमों का गठन किया है जो घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं का पोस्टल बैलेट से मतदान करवा रही है। जोगिंद्रनगर विस निर्वाचन क्षेत्र में कुल 960 पात्र मतदाताओं जिनमें 85 वर्ष से अधिक उम्र के 880 तथा 80 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं ने फार्म 12 डी भरकर पोस्टल बैलेट से मतदान करने की इच्छा



व्यक्त की है। इस बात की पुष्टि करते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मनीश

**सुविधाएं**

**⏩ पोस्टल बैलेट से मतदान करवाने को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12 मोबाइल टीमों का गठन किया है**

चौधरी ने बताया कि आम लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग ने 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं के साथ-साथ 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करवाई है। 21 मई से 24 मई तक घर.घर जाकर पोस्टल बैलेट मतदान को विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसके लिए 12 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जो वरिष्ठ व दिव्यांग मतदाता पोस्टल बैलेट से घर पर ही मतदान कर लेंगे वे अब मतदान केंद्र में जाकर मतदान नहीं कर सकेंगे। उन्होंने पात्र मतदाताओं से घर पर ही रहने का भी आह्वान किया है ताकि उनका निर्धारित तिथि को घर पर ही पोस्टल बैलेट से मतदान करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी कारणवश संबंधित मतदाता निर्धारित तिथि को मतदान नहीं कर सकेंगे ऐसे छुटे हुए मतदाता 25 व 26 मई को मतदान कर सकेंगे।

# लघु नाटक काक भगोड़ा के सुन्दर मंचन से हुआ कार्यशाला

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन द्वारा कुल्लू के सरकारी स्कूलों में आयोजित की जा रही निःशुल्क नाट्य कार्यशालाओं में राजकीय माध्यमिक पाठशाला में दूसरी कार्यशाला का समापन प्रतिभागी बच्चों के साथ कार्यशाला के दौरान तैयार हुए लघु नाटक काक भगोड़ा के सुन्दर मंचन से हुआ जिसे प्राथमिक व मिडल स्कूल शमशी के छात्रों, अध्यापकों तथा टीचिंग प्रैक्टिस पर आए बी एड प्रशिक्षुओं ने देखा और बच्चों का अभिनय देखकर ठहाके लगाए। संस्था के रंगकर्मी परमानन्द द्वारा 21 दिन तक संचालित इस कार्यशाला में 41 बच्चों ने भाग लिया और अपनी व्यक्तित्व को निखारा। समापन अवसर

**मंचन**

**⏩ प्रतिभागी बच्चों के साथ कार्यशाला के दौरान तैयार हुए लघु नाटक काक भगोड़ा के सुन्दर मंचन से हुआ**

पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डी आर आनन्द, विद्यालय के मुख्य अध्यापक अरविन्द तथा राजकीय केन्द्रीय प्राथमिक पाठषाला की मुख्य अध्यापिका सुनीता भार्गव विषेश रूप से उपस्थित रहे और नाटक के समापन पर प्रतिभागी बच्चों के अभिनय की प्रशंसा की और आयोजक संस्था का कार्यशाला आयोजित करने के लिए



धन्यवाद प्रकट किया। नाटक काक भगोड़ा से बच्चों ने खूब हंसाया और तालियां बटोरी। नाटक में एक किसान के खेत में बहुत से पक्षी जिसमें कौवा, तोता, कबूतर, गौरेया तथा अन्य चिडि?ा दाना चुगने आते हैं और नाचते गाते हैं। तभी किसान का बेटा हरिया आता है। वो उन्हें वहाँ से भगा देता है और उन सब चिडियों को डराने के लिए खेत में काक भगोड़ा लगा देता है। ताकि कोई भी चिडिया डर के मारे खेत में न चुग पाए। कौवा और कुछ चिडियाँ खेत में वापिस आते हैं। पर कौवा हिम्मत दिखाता हुआ काक भगोड़े से तिनका निकाल देता है। फिर एक राहगीर आता है काक भगोड़े को देखकर उसकी जगह ले लेता है। तभी फिर से कौवा और कुछ चिडि?ां वापिस आ जाते हैं। कौवा उसे नकली समझकर उसे चोंच मारता है लेकिन वह राहगीर उसे एकदम पकड़ लेता है। डर के मारे सभी चिडि?ां भाग जाती हैं और कौवे को भी डरा धमकाकर भगा देता है। फिर राहगीर असली काक भगोड़ा से कहता है कि तुम्हारा काम आसान कर दिया। अब कभी फिर चिडिया इस किसान के खेत को नहीं चुगेंगी। अंत में नाटक जीने के लिए संघर्श दिखाने का संदेष देता है जब चिडियां पूछती हैं कि अब कहा जाएं यहां तो पकड? लगे हैं तो कौवा कहता है चलो मैंने और जगह ढूंढ ली है जहां हम दाना चुग सकते हैं और सभी पक्षी उस ओर उड़ कर चले जाते हैं।

# अभिलाषी शिक्षा समिति का 24वां स्थापना दिवस धूमधाम से आयोजित

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** अभिलाषी विश्वविद्यालय, चैलचौक में आज अभिलाषी शिक्षा समिति का 24 वां स्थापना दिवस बड़ी ही धूमधाम वह हर्ष उल्हास के साथ मनाया गया। अभिलाषी ग्रुप का एजुकेशन रे के चांसलर और अभिलाषी शिक्षा समिति के चेयरमैन डॉ आर के अभिलाषी ने अभिलाषी शिक्षा समिति के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर अभिलाषी ग्रुप से संबंधित सभी कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने अभिलाषी ग्रुप के दो दशकों की प्रगति के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अभिलाषी शिक्षा समिति की



स्थापना 21 मई 2001 को स्वर्गीय तुलसीराम अभिलाषी के कर कमलों द्वारा की गई थी। अभिलाषी शिक्षा समिति ने इन पिछले 24 सालों में एक लंबा सफर तय किया है। शिक्षा समिति ने एक छोटे से ट्यूशन सेंटर से लेकर इंटरनेशनल स्कूल, एजुकेशनल कॉलेज, फ ार्मेसी कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग कॉलेज और अभिलाषी विश्वविद्यालय तक का सफर तय किया है। अभिलाषी ग्रुप में इस वक्त लगभग 5000 से ज्यादा छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने बताया यहां से शिक्षा प्राप्त किए छात्र और छात्राएं देश-विदेश में उच्च स्थानों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभिलाषी ग्रुप ने देवभूमि हिमाचल प्रदेश में अपनी अलग ही छाप छोड़ी हैं। उन्होंने बताया शिक्षा संस्थान का हिमाचल प्रदेश में ही नहीं देश के अन्य राज्यों में भी बहुत बड़ा नाम है।अभिलाषी शिक्षा समिति के अंतर्गत लगभग 800 से भी ज्यादा लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

# लंबलू में मुख्यमंत्री द्वारा अमर्यादित व झूठी ब्यानबाजी पर आशीष शर्मा ने किया पलटवार

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** विधानसभा क्षेत्र सदर से विधायक आशीष शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की लंबलू में हुई जनसभा के दौरान उनके द्वारा की गयी अमर्यादित व झूठी ब्यानबाजी पर पलटवार करते हुए कहा कि जिस इलाके में मुख्यमंत्री जनसभा कर रहे थे वहीं के तीन संस्थान उन्होंने बंद करा दिए। उस समय उनके समक्ष इन संस्थानों को डिनोटिफ ाई न करने की अपील भी की, लेकिन मुख्यमंत्री नहीं माने। उन्होंने जयराम सरकार में दिये गये डिग्री कॉलेज, पीएचसीए पशु औषधालय बंद कर दिये। मुख्यमंत्री दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की तरह बन चुके हैं जो सिर्फ खुद को



ईमानदार बताते हैं और बाकियों को बेईमान कहते हैं। लेकिन अब जेल के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खनन माफिया कह कर आरोप लगाते हैं और हर जनसभा में कहते हैं कि तथ्य सामने लाएंगे, लेकिन तथ्यविहीन बातें कर मुख्यमंत्री लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। जनता को भलीभांति पता है और वह मुख्यमंत्री के इन झूठे आरोपों व बयानबाजी में आने वाले नहीं है। अगर मुख्यमंत्री के पास तथ्य हैं तो सामने लाएं, लेकिन अफ वाहे न फैलाएं। तथ्य सामने लाने के लिए चुनावों से और ज्यादा उचित समय और क्या हो सकता है। हर जनसभा में मुख्यमंत्री झूठ बोल कर लोगों को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। पूरा विधानसभा क्षेत्र मुझे

**हमला बोला**

**मुख्यमंत्री ये सब झूठ बोलने की बजाए अपनी झूठी गारंटियों पर ध्यान दें: विधायक आशीष शर्मा**

जानता है कि मेरा क्रेशर का व्यवसाय है, जिसे नियमों के तहत किया जाता है। मुख्यमंत्री बताएं कि सरकार बनते हि सारी माइनिंग पॉलिसी को क्यों बदल दिया। सिर्फ नादौन के एक व्यक्ति को फायदा देने के लिए माइनिंग पॉलिसी में बदलाव क्यों किया गया? मुख्यमंत्री बताएँ कि वह व्यक्ति कौन है? खनन माफि या तो वह लोग हैं जिन्होंने अपने लोगों को फ ायदा पहुंचाने के लिए सत्ता का दुरूपयोग किया। मुझे मेरे विधानसभा क्षेत्र के लोग अच्छी तरह से जानते हैं इसी जन्म व कर्म भूमि में रहकर लोगों की सेवा कर रहा हूँ। मुख्यमंत्री झूठ बोलते कि उनसे टेंडर लगवाने को कहा। बड़े दुर्भाग्य की बात है की ऊँचे पद पर बैठकर मुख्यमंत्री झूठ बोल रहे हैं क्यूंकि सभी जानते हैं कि टेंडर ऑनलाइन होते हैं और जिसने कम रेट भरा होता है उसे टेंडर मिलता है। मुख्यमंत्री ये सब झूठ बोलने की बजाए अपनी झूठी गारंटियों पर ध्यान दें। न महिलाओं को पंद्रह सौ आया न युवाओं को नौकरी मिली।

# जनता की ताकत को चुनौती दे रहे जय राम: चन्द्रशेखर

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चन्द्रशेखर ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर जनता की ताकत को सार्वजनिक मंचों से बार बार चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जय राम ठाकुर और भाजपा नेता 4 जून को लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई कांग्रेस सरकार को गिराने की बातें कर रहे हैं जोकि जनमत का अपमान है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता अपने धनबल के अंहकार में जनता की ताकत को भी कुछ नहीं समझते। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों ने पूरे पांच साल के लिए कांग्रेस को सरकार बनाने का जनादेश दिया है लेकिन भाजपा जनादेश का अपमान करने पर तूली है। उन्होंने कहा कि भाजपा जितने भी षडयंत्र कर ले लेकिन वर्तमान



कांग्रेस सरकार अपने पांच वर्ष का कार्यकाल अवश्य पूरा करेगी। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि जय राम ठाकुर ने पहले कर्मचारियों को चुनौती देते हुए कहा कि चुनाव लड़ो तभी पैंशन मिलेगीए लेकिन कांग्रेस ने सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट में कर्मचारियों को पुरानी पैंशन प्रदान की। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता अब गुमराह करने के लिए कर्मचारियों को पुरानी पैंशन देने की बातें कर रहे हैं जबकि राजस्थान में भाजपा की सरकार बनते ही पुरानी पैंशन को खत्म कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता बताएं कि राजस्थान में सरकारी कर्मचारियों की पैंशन बंद क्यों हुईं
चन्द्रशेखर ने कहा कि साल भर भाजपा नेता महिलाओं को 1500 रुपए पैंशन देने के बारे में सवाल पूछते रहे लेकिन जब कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए देने की योजना शुरू की तो बार बार चुनाव आयोग के पास जाकर इसे रूकवाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल भाजपा के नेता दिल्ली से चुनाव आयोग पर दवाब डलवाकर महिलाओं को मिलने वाली पैंशन में अडंगे लगा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सिद्धपुर घाड़ स्कूल में केरल व हिमाचल के मशहूर स्थानीय व्यंजनों की लगाई प्रदर्शनी

**विजय समयाल**

**कांगड़ाः** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिद्धपुर घाड़ श्लोक फ तेहपुर जिला कांगड़ा में प्रयास क्लब द्वारा मई माह 2024 में प्रस्तावित क्रि याकलाप नंबर 2 खाना खजाना में केरल व हिमाचल प्रदेश के मशहूर स्थानीय व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें बच्चों ने केरल तथा हिमाचल प्रदेश राज्यों के व्यंजन बनाकर परोसे। केरल के व्यंजनों में प्रमुख रूप से सांभर, डोसा, इडली, उपमा, रसम, दही भल्ला, नारियल चटनी नारियल पानी, पानी पुरी (गोल गप्पे) बनाना चिप्स तथा सलाद आदि को केले के पत्तों पर स्थानीय तरीके से परोसा गया। वहीं दूसरी ओर हिमाचल के व्यंजनों में घड़ी रोटी, ववरू, राइस, सेपो बड़ी तेलिया माह वेठ दही भल्ला, लसूड़े की। कार्यक्र म में सब्जी आदि व्यंजनों को परोसा गया। व्यंजनों को बच्चों ने स्वयं घर से तैयार किया तथा कुछ व्यंजन मौके पर ही बनाये गए। बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। बच्चों ने पहाडी नाटी तथाद्ध ने सबका तहे भरत नाटयम आदि का भी आनन्द लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश से जोड़े गए दक्षिणी भारत के राज्य केरल के व्यंजनों और वहां की पाककला के बारे बच्चों को विस्तार से बताना व समझाना था।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग का अपहरकर, यौन उत्पीडन के आरोपियों को 20 साल की कैद

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** शादी का झांसा देकर स्कूल जा रही एक नाबालिग छात्रा का अपहरण कर उसके साथ यौन उत्पीडन करने वाले 2 आरोपियों को विशेष न्यायाधीश पोक्सो मंडी की अदालत ने नाबालिग के खिलाफ साजिश करने, शादी के इरादे से अपहरण करने और गंभीर यौन उत्पीडन के दोनों दोषियों को भारतीय दण्ड सहिंता की धारा 120ठ के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ 5,000/जुमार्ने की सजाए जुमार्ना न अदा करने कि सुरत में एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई है। भारतीय दण्ड सहिंता की धारा 363 के तहत 03 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ रू 5,000/-जुमार्ने की सजाए जुमार्ना न अदा करने कि सुरत में एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास। धारा 366 के तहत 03 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ 5,000/जुमनि की सजा, जुमार्ना न नंदा करने कि सुरत में एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई है। पोक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ रू 50,000/जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना न अदा करने कि सुरत में 3 वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास। उपरोक्त सभी सजाएँ साथ साथ चलेंगी।

# द मैग्नेट पब्लिक स्कूल में हुआ इंटर हाऊस विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में जैव विविधता दिवस पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के चारों सदनों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अरूण कुमार चौहान ने दीप जला कर की। इसमें कुल चार राउंडों में सभी टीमों से विज्ञान के विषय पर 35-35 प्रश्न पूछे गए। जिसमें नीलगिरी हाऊस प्रथम, शिवालिक हाऊस द्वितीय और तृतीय स्थान पर उदयगिरी हाऊस रहा। विजेता बच्चों को ईनाम दिये गये।

# हिमाचल के डीएसपी अमित ठाकुर ने अपनी बेटी का दाखिला सरकारी स्कूल में करवाया

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** सरकारी स्कूल में पढ़ा रहे टीचर भी अपने बच्चों को सरकारी स्कूल की जगह प्राइवेट स्कूल में दाखिला दिलवाते हैं। इस बीच हिमाचल प्रदेश पुलिस में डीएसपी अमित ठाकुर ने अन्य अफ सरों के लिए एक मिसाल पेश की है। साल 2012 के एचपीएस अधिकारी अमित ठाकुर ने अपनी बेटी उर्वी ठाकुर का एडमिशन शिमला के सरकारी स्कूल में कराया है। उर्वी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर से शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। वह पांचवी क्लास में पढ़ती हैं। अमित ठाकुर खुद भी एक साधारण परिवार



से संबंध रखते हैं और उनकी पढ़ाई भी सरकारी स्कूल से ही हुई है। अमित ठाकुर की बेटी भी पिता की तरह ही सरकारी स्कूल में पढकर अपना नाम बनाना चाहती हैं। डीएसपी अमित ठाकुर ने कहा कि वह प्राइवेट स्कूल की आपाधापी से दूर हैं। उनका मानना है कि सरकारी स्कूल में ही सबसे बेहतर टीचर होते हैं। ऐसे में वे अपनी बेटी उर्वी ठाकुर को सरकारी स्कूल से ही शिक्षा दिलवा रहे हैं। अमित ठाकुर ने बताया कि कहा कि यह धारणा गलत है कि अच्छा पढने और आगे बढने के लिए सिर्फ प्राइवेट स्कूल में ही पढ़ाई की जानी चाहिए। सरकारी स्कूल में भी अच्छी पढ़ाई होती है और यहां से भी बच्चे आगे बढ़ सकते है। हमारे सामने ऐसे कई उदाहरण हैं, जिन्होंने सरकारी स्कूल से शिक्षा हासिल की। उन्होंने न सिर्फ देश में, बल्कि विश्व में अपना नाम कमाया। भाई अमित जी एचपीयू में मेरे सीनियर रहें उन दिनों कैमेस्ट्री विभाग में हुआ करते थे। भाई आपकी इस पहल के लिए आपको हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई।

# कांग्रेस ने विजय पाल खाची का निष्कासन किया रद्द

**शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए पहली जून को होने वाले मतदान से पहले कांग्रेस में बागी नेताओं की घर वापसी हो रही है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति की अध्यक्ष विप्लव ठाकुर की संस्तुति पर राजीव शुक्ला सांसद एवं प्रभारी हिमाचल प्रदेश की स्वीकृति से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सांसद लोकसभा ने ठियोग विधानसभा क्षेत्र से विजय पाल खाची के निष्कासन को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए उन्हें कांग्रेस पार्टी में वापस ले लिया है। मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा कि विजय पाल खाची हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री जो कि बहुत लंबे समय तक राजनीति में रहे स्वर्गीय श्री जय बिहारी लाल खाची के पुत्र हैं।

# मोबाइल पोलिंग पार्टी ने 15 किलोमीटर पैदल चक्की पहुंच कर डलवाया मत

## भट्टियात क्षेत्र में 425 मतदाता अपने घरों से करेंगे मतदान

**हामिद**

**चंबाः** एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी भट्टियात पारस अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 85 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग लोगों को उनके घर द्वार मतदान करने की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए विधानसभा क्षेत्र भट्टियात में मोबाइल पोलिंग पार्टियों ने मतदान की प्रक्रिया को शुरू कर दिया है। इसी कड़ी के तहत भट्टियात के सबसे दुर्गम क्षेत्र



चक्की में पोलिंग पार्टी ने 15 किलोमीटर पैदल कठिन रास्ता तय करते हुए एक व्यक्ति का मत डलवाया तथा इसके साथ लगते गांव चिहुँ में भी 2 दिव्यांग जनों ने मतदान किया।

साथ में उन्होंने यह भी बताया कि भट्टियात क्षेत्र में कुल 425 मतदाता इस योजना का लाभ उठाकर अपने घर से ही मत का प्रयोग करेंगे।

मतदान के लिए 11 सेक्टरों के तहत 9 पोलिंग पार्टियों गठित की गई हैं। मतदान प्रक्रिया 26 मई तक जारी रहेगी।

# 'जनमत का अपमान कर रहे जयराम'

**शिमलाः हिमाचल** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चन्द्रशेखर ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर जनता की ताकत को सार्वजनिक मंचों से बार-बार चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जय राम ठाकुर और भाजपा नेता 4 जून को लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई कांग्रेस सरकार को गिराने की बातें कर रहे हैं जोकि जनमत का अपमान है। उन्होंने बुधवार को एक बयान में कहा कि भाजपा नेता अपने धनबल के अंहकार में जनता की ताकत को भी कुछ नहीं समझते। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों ने पूरे पांच साल के लिए कांग्रेस को सरकार बनाने का जनादेश दिया है लेकिन भाजपा जनादेश का अपमान करने पर तूली है।

# प्रशासन द्वारा जारी स्कूल की समयसारणी मंजूर नहीं: वीरेंद्र



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने मंडी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि हाल ही कुछ जिलों में उपायुक्त के माध्यम से स्कूलों की समय सारीणी में बदलाव किया गया हैं। उन्होनें कहा कि समय सारिणी को लेकर अभिभावकों व अध्यापकों से कुछ आपतियां आ रही हैं जिसमें 1 बजे का समय 12 बजे करने की मांग की जा रही हैं। उन्होनें कहा कि दोपहर 1 बजे का समय गर्मी का पीक टाइम होता हैं जिसमें बदलाव करना जरूरी हैं। इसी के साथ अध्यापकों को डीप्टी डारेक्टर के माध्यम से भी आदेश आ रहे हैं कि अध्यापक 2 बजे तक स्कूलों में रहे। उन्होनें कहा कि जब स्कूल 1 बजे बंद हो रहा हैं तो अध्यापक 2 बजे तक स्कूल में क्या करेगें, इस तरह के फैसले पर उन्होनें आपति जताई हैं।

वीरेंद्र चौहान ने कहा कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को ओपीएस बहाल करके बड़ा तोहफा दिया हैं जिसको लेकर वह कांग्रेस सरकार का आभार प्रकट करते हैं।

**बदलाव**

**हाल ही कुछ जिलों में उपायुक्त के माध्यम से स्कूलों की समय सारीणी में बदलाव किया गया हैं**

कुछ कर्मचारियों की देनदारियां हैं जिसको लेकर सरकार से वातालीप चला हैं।उन्होनें केंद्र से कर्मचारियों के 9 हजार करोड़ देने का भी आग्रह किया ।इसके साथ अध्यापकों के रिक्त पदों को भी जल्द भरने की मांग की।विरेंद्र चौहान ने न्यालय में चला 4-9-14 के केस का भी जल्द निर्णय आने वाला हैं जिससे हजारों कर्मचारियों को लाभ होगा जिन्हें 4-9-14 से नुकशान हुआ था। उन्होंने कहा कि 13 में को हाई कोर्ट का जो फैसला आया है उसके तहत अब कर्मचारियों की वरीयता में उनका अनुबंध कल भी जुड़ेगा इस अवसर पर जिला मंडी के महामंत्री ज्योति ठाकुर राज्य सचिव तिलक नायक सहित अन्य अध्यापक नेता भी मौजूद थे।

# सरस्वती पैराडाइज में शपथ ग्रहण समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन

**चमन शर्मा**

**शिमला :** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जो नवनिर्वाचित विद्यार्थी प्रशासक परिषद के लिए औपचारिक प्रेरणा का प्रतीक था। विशिष्ट सभा में विद्यालय प्रधानाचार्य मनदीप राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरूआत नए परिषद सदस्यों को बैज और सैश प्रदान करने के साथ हुई। स्कूल कैप्टन कुमारी रिधिमा, स्कूल वाइस कैप्टन कुमारी अवनी राणा, स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन प्रज्वल डोटका और सोनम, स्कूल लिटरेरी कैप्टन ओशीन और स्कूल डिसिप्लिन कैप्टन शिवेन को स्कूल




प्रधानाचार्य द्वारा उनके प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। इसके बाद, हाउस कैप्टनों ने स्कूल के प्रधानाचार्य और संबंधित सदन प्रभारी दोनों से अपने बैज प्राप्त किए, जो संस्था के भीतर नेतृत्व की सहयोगात्मक भावना को उजागर करता है। सदन कप्तान और उपकप्तान के रूप में अनन्या भारद्वाज, तनिश शर्मा, सारांश खूद,नंदिता, निर्भय राज, शैली श्याम, समायरा और आदित्य ने शपथ ली।विद्यार्थी प्रशासक परिषद की लाइन-अप को पूरा करते हुए, सदनों के सहायकों को सदन प्रभारियों और सहायक सदन प्रभारियों द्वारा उनके बैज प्रदान किए गए। सदन प्रभारियों में नेकराम, संदीप, अनुपमा ज्योति, प्रवीन, पारुल, राकेश और सुजाता कार्यक्रम में उपस्थित रहे। गतिविधि प्रभारी अध्यापिका मेघा चौहान के साथ ललिता, कामिनी और रीना शांडिल भी कार्यक्रम में उपस्थित रही। समारोह का सबसे महत्वपूर्ण क्षण शपथ दिलाना था। नवनिर्वाचित प्रधानों ने अटूट समर्पण के साथ उन्हें सौंपी गई मूल्यों और जिम्मेदारियों को बनाए रखने का संकल्प लिया।

शपथ के बादए विद्यालय प्रधानाचार्य मनदीप राणा ने एक प्रेरणादायक भाषण दियाए जिसमें अपनी भूमिकाओं को पूरा करने में ईमानदारीए समर्पण और दृढ़ता के महत्व पर जोर दिया गया। उनके शब्द गहराई से गूंजते थे और छात्रों को पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित करते थे।

निदेशक हिमांक मित्तल ने युवा नेताओं को उत्कृष्टता की आकांक्षा रखने और उदाहरण के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह राष्ट्रगान के गायन के साथ देशभक्ति पूर्ण स्वर में संपन्न हुआए जिसने सभी उपस्थित लोगों पर एक अमिट छाप छोड़ी। इस कार्यक्रम ने न केवल नवनियुक्त नेताओं का जश्न मनाया बल्कि अपने छात्रों के बीच नेतृत्व और जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया।

# 55 लाख मिले होते तो आज हम जनता के बीच नहीं जेल मे होते : लखनपाल

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** मुख्यमंत्री चुनावों मे अपनी हार निश्चित देख बखौलहट मे है! उन्हें हार का डर इस कदर सता रहा है कि अब पता ही नहीं चल पा रहा कि कब क्या बोलना है! यह बात बड़सर भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने अपने चुनावी प्रचार अभियान के दौरान वल्ह बिहाल पंचायत मे आयोजित नुक्कड सभा के दौरान कही है!
अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए जनता को गुमराह कर रहे मुख्यमंत्री
लखनपाल ने कहा तानाशाह मुख्यमंत्री अब कह रहे है कि बड़सर भाजपा प्रत्याशी के घर 55 लाख रुपए मिले है, अगर 55 लाख मिले होते तो आज हम जनता के बीच नहीं जेल मे होते!



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस झूठे आरोप के खिलाफ उनके खिलाफ मानहानी का दावा ठोका जाएगा! उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने चुनावों से पहले ही हार मान ली है और इसी सदमे मे अब उन्हें यह पता नहीं चल रहा है कि कब क्या करना और बोलना है! मुख्यमंत्री की बखौलहट उनके बयानों से साफ झलक रही है! मुख्यमंत्री सुजानपुर जनसभा मे अपने प्रत्याशीयों के सामने ही बोलते है कि राजेन्द्र राणा को जिताओ फिर बोलते है कि लोकसभा प्रत्याशी हरामजायदा को जिताओं। चुनावों से पहले ही हार के सदमे मे पंहुच चुके मुख्यमंत्री नहीं समझ पा रहे है की कब और कहां क्या बोलना है! लखनपाल ने कहा तानाशाह मुख्यमंत्री अपनी 15 महीने की नाकामियों को छुपाने के लिए भाजपा प्रत्याशीयों के खिलाफ इस तरह की ब्यानवाजी कर रहे! उन्होंने कहा कि हमारी मुख्यमंत्री से क्षेत्र के विकास के आलावा कोई लड़ाई नहीं थी! मुख्यमंत्री तो मित्र थे, साथ पढ़े, विधानसभा मे साठ रहे, मुख्यमंत्री बने तो हमें भी खुशी हुई कि हमारा साथी मुख्यमंत्री बनाए जिला का मुख्यमंत्री होने के नाते हमें भी आस थी कि विकास होगा लेकिन कुर्सी मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने विकास तो क्या करवाना था जो संस्थान स्वीकृत हुए थे उन्हें भी बंद करके बैठ गए! हमारे क्षेत्र की योजनाओं को यह कह कर रोकते रहे कि वजट ही नहीं है। वहीं

**साधा निशाना**

**मुख्यमंत्री को हार का डर इस कदर सता रहा है कि अब पता ही नहीं चल पा रहा कि कब क्या बोलना है!**

दूसरी तरफ अपने मित्रों पर जनता के पैसे को लुटाते रहे! हमने जब इसका विरोध किया तो मुख्यमंत्री ने षड्यंत्र के तहत हमारी सदस्यता को ही रद्द करवा दिया! अब जब चुनाव सिर पर है तो मुख्यमंत्री अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए झूठे ब्यान दे रहे है लेकिन जनता सब जानती है और उनके झूठ का जबाब भाजपा के पक्ष मे वोट करके देने बाली है!

# मतगणना के बारे में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों के लिए पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**हामिद**

**चंबाः** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव 2024 के तहत मतगणना के संबंध में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों (माइक्रो आब्जर्वर) के लिए बचत भवन में पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल वाल ने की। इस अवसर मुकेश रेपसवाल ने कहा कि मतगणना से संबंधित कार्यों में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने माइक्रो ऑब्जर्वर को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सभी दिशा-



निर्देशों का गहराई से अध्ययन करने को कहा। साथ में उन्होंने पूरी सतर्कता व निष्पक्षता के साथ कार्य निर्वहन के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति के लिए रेण्डामाईजेशन 3 जून को होगी। मतगणना टेबल का निर्धारण मतगणना वाले दिन 4 जून को सुबह होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उक्त अधिकारियों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करना होगा तथा यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मतगणना केंद्र पर मतदान गणना की प्रक्रिया नियमानुसार हो।

# खनन माफिया ने शुक्र व पुंग खड्ड में क्रशर लगाकर डकार ली खनिज संपदा: सीएम

कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर/घुमारवीं/झंडूता:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में जनता की संपदा को पिछली भाजपा सरकार में लूटा गया। बड़े-बड़े माफिया तैयार हो गए, शुक्र व पुंग खड्ड में क्रशर लगाकर पूरी खनिज संपदा डकार ली। ऐसे बहुत दानवीर बनते हैंए लेकिन भ्रष्टाचार कर कमाई करने में लगे हुए हैं। ऐसे भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कस कर ही सरकार ने एक साल में 2200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व कमाया। हमें नहीं मालूम था कि भाजपा कांग्रेस सरकार गिराने की साजिश रच रही है और मुख्य सूत्रधार जयराम ठाकुर हैं। भाजपा के पास छह कांग्रेस विधायक व तीन निर्दलीय बिक गए। इंद्रदत्त लखनपाल ने फ्रे श जूस ब्रेकफ ास्ट में हमारे साथ पिया, मैंने सोचा सब ठीक है, बड़सर के विधायक यह कहकर गए कि पहला वोट डालना है और सब पर नजर रखूंगा। लेकिन, वह पहले ही बिक चुके थे, उनका नाम अब इंद्रदत्त बिके हो गया है। पार्टी में विरोध होता है ,हमारा भी था, मगर कभी बिके नहीं। पार्टी में रहकर लड़ाई लड़ी। मुख्यमंत्री ने ये बातें बिलासपुर, घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के बढ़ाघाट, भराड़ी और झंडूता विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा उम्मीदवार सतपाल रायजादा के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभाओं में कहीं। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश की सत्ता संभाली तब एक सप्ताह का खर्च चलाने के लिए भी खजाने में पैसे नहीं थे। अधिकारियों ने बताया कि अगले महीने की तनख्वाह कर्मचारियों को नहीं दे पाएंगे। मैंने कहा कि वेतन भी मिलेगा और सरकार भी चलेगीए भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 4 जून को एक भी बिकाऊ पूर्व विधायक नहीं जीतेगा। उनके बुरे हाल होंगे, जनता ने उन्हें घर बिठाने का मन बना लिया है। भाजपा का कोई भी ईमानदार कार्यकर्ता बिके विधायकों को वोट नहीं डालेगा, क्योंकि वे भाजपा के लिए जरूरी नहीं, मजबूरी हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मजबूरी में उन्हें पार्टी में शामिल किया है। जयराम ठाकुर कह रहे हैं कि 4 जून को दो सरकारें बनेंगी, एक हिमाचल में और दूसरी दिल्ली में, मगर नेता प्रतिपक्ष के मैथ में कम नंबर आते होंगे।



# सुरक्षित विकसित भारत के लिए मतदान करे हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के लोग: महेंद्र

विवेकानंद वशिष्ठ

**हमीरपुर:** हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने हमीरपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र के संवाद केंद्र में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव देश का चुनाव है। सुरक्षित विकसित भारत के लिए मतदान का मन हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के लोगों ने बना रखा है। सुरक्षित भारत से तात्पर आंतरिक एवं बाह्य दोनों सुरक्षा से है।

वर्ष 2047 तक भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करने का संकल्प प्रधानमंत्री मोदी ने खुद लिया है और उसके लिए जो रोड मैप उनके ध्यान में है वह उन्होंने सबके साथ देश की जनता के साथ साझा भी किया है। और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश का प्रत्येक नागरिक उनको अपना समर्थन दे रहा है जिसका प्रमाण हमें आने वाली चार जून को प्रत्यक्ष में ले जाएगा जब भारतीय जनता पार्टी अपना 400 पर का लक्ष्य हासिल कर लेगी।



महेंद्र धर्माणी ने कहा कि एक समय वह था जब कांग्रेस की सरकारों के समय में छोटे से छोटा देश भी हमारे देश को आंख दिखाकर चला जाता था लेकिन आज का भारत वर्ष वैसा नहीं रहा है आज का भारत दूसरे देशों से जाकर युद्ध भूमि हो या फिर आपदा प्रभावित स्थानए अपने नागरिकों को सकुशल सुरक्षित अपने घर वापस लाता है। यह आज का नया सशक्त भारत है।अगर वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो जिस तरह से आज रूस यूक्रेन इजरायल फिलिस्तीनए चीन ताइवान आदि देशों में तनाव की स्थिति बनी हुई है या युद्ध चल रहे हैं इन परिस्थितियों में अपने आप एक सशक्त राष्ट्र होना बहुत जरूरी है हमने देखा है कि कांग्रेस की सरकारों के समय हमारे सैनिकों के पास ना हथियार होते थे ना असला बारूद होता था और ना ही सुरक्षा उपकरण उच्च स्तर के होते थे।

आधुनिक तकनीक भी उस समय उपलब्ध नहीं होती थी लेकिन आज का भारतवर्ष ऐसा नहीं रहा है।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है हर मतदाता की सहभागिता

टीम एक्शन इंडिया/शिमला

**शिमला:** आज शिमला शहर की स्वीप टीम ने सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल संजौली में अपना सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा व मतदाता सहभागिता अभियान चलाया। जिसमें 63-शिमला शहरी विधानसभा की स्वीप टीम के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने चुनाव आयोग द्वारा चलाए जाने वाले इस विशेष कार्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को फ ॉर्म नंबर 6,6 (क),7 व 8 की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने बहुत उत्सुकता के साथ चार्ट व पेंटिंग बनाकर तथा नारा लेखन कर मतदान का संदेश दिया। विभिन्न सुविधाओं जैसे पीने का स्वच्छ पानी, रैंप आदि के बारे में जानकारी साझा की।

# औहर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

**बैठक**

▶▶ भगवान विष्णु के हाथों मृत्यु का वरण प्राप्त करने के लिए रावण ने जो लीला रची वह वास्तव में अदभुत थी

कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर:** ग्राम पंचायत औहर प्रतिनिधियों के प्रयासों और आम जनता के सहयोग को साक्षी मानकर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन बुधवार से प्रारंभ हो गया। इस धार्मिक समागम को सफ ल बनाने के लिए सभी वर्गों का सहयोग लिया गया है। यह बात ग्राम पंचायत औहर की प्रधान तथा श्रीमद भागवत कथा आयोजन की मुखिया प्रेम लता ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि आज भी समाज जातिवादी जैसी रूढ़िवादी बेडियों से छूट नहीं पाया है लेकिन यदि सामूहिक प्रयास किए जाएं तो समाज में समानता और समरसता लाई जा सकती है। इसके लिए सुनिश्चित किया गया है कि ग्राम पंचायत औहर के हर परिवार का इस कथा यज्ञ में योगदान हो। इससे पूर्व औहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। बैंड बाजे की अगवाई में पावन श्रीमद भागवत कथा ग्रंथ को सादर आयोजन स्थल ठाकुर द्वारा मंदिर तक लाया गया। वहीं औहर पंचायत के उपप्रधान रणजीत वर्धन ने कहा कि इस कथा यज्ञ में वृंदावन से सादर आमंत्रित कथा वाचक बृजेश गोस्वामी जी प्रवचन कर रहे हैं। पहले दिन प्रवचन करते हुए बृजेश गोस्वामी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद भागवत कथा व रामायण जैसे पावन ग्रंथों के बारे में बहुत ही सरल शब्दों में समझाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि देवताओं तक को अपने में वशीभूत करने वाले मायावी का नाम ही तो विष्णु है। भगवान विष्णु ने अपनी माया से सृष्टि में जीवन को जीने का संदेश दिया। भगवान श्रीकृष्ण के रूप में जहां उन्होंने रास रचाया वहीं भगवान श्रीराम के रूप अपनी माया का संचार कर गृहस्थ, रिश्ते व नाते प्रेम की अविरल धारा का प्रवाह किया। उन्होंने कहा कि रावण कोई अपराधिक प्रवृति का नहीं था, उसकी प्रवृति दैवीय थी, जिसने भगवान शंकर तक को अपने वश में कर लिया था तो चिंतन करों कि वह कितना बड़ा भक्त था। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के हाथों मृत्यु का वरण प्राप्त करने के लिए रावण ने जो लीला रची वह वास्तव में अदभुत थी।



## संक्षिप्त खबरें

### बालीवाल से बाइक चोरी, मामला दर्ज

राजन पुरी

**ऊना:** पुलिस थाना हरोली के तहत बालीवाल से बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर बाइक मालिक ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हरी कृष्ण निवासी बढ़ेड़ा ने बताया कि गत दिवस अपने मामा के घर बालीवाल गया हुआ था, जहां पर सडक किनारे बाइक खड़ी की थी। कुछ समय बाद वापिस आया, तो पाया कि बाइक गायब थी। काफी तलाश के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल पाया। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ऊना व सनोली में सट्टा लगाते दो काबू

राजन पुरी

**ऊना:** सदर थाना के तहत पड़ते अप्पर अनियाला व सनोली में पुलिस ने दो व्यक्तियों को सट्टा लगाते हुए काबू किया है। पुलिस ने दोनों से 1800 रुपये की नगदी हासिल की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार रात्रि सनोली सत्संग के समीप ऊना पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने मंजीत कुमार निवासी वार्ड नंबर चार, संतोषगढ़ के पास से पर्ची दडा सट्टा व 1100 रुपये की नगदी बरामद की है। वहीं पुराना बस स्टैंड ऊना के समीप पुलिस ने गश्त के दौरान हरमेश सिंह निवासी वार्ड नंबर दो, अप्पर अरनियाला के कब्जे से पर्ची दडड़ा सटटा व 710 रुपये बरामद किए गए। पुीलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कोटला कलां में चिट्टा सहित एक गिरफ्तार

राजन पुरी

**ऊना:** जिला मुख्यालय के साथ लगते कोटला कलां में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कोटला कलां में एक व्यक्ति को काबू किया, जिसके पास से पुलिस ने 2.80 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गगनदीप निवासी बौल के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने गगनदीप के खिलाफ चिट्टा रखने के आरोप में गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पीरामल फाउंडेशन ने एमोरी यूनिवर्सिटी के साथ की साझेदारी

**धर्मशाला:** पीरामल फाउंडेशन ने हिमाचल प्रदेश में सामाजिक,भावनात्मक और नैतिक शिक्षण (एसईईएल) कार्यक्रम शुरू करने के लिए राज्य सरकार के साथ एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किया है।पीरामल फाउंडेशन ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के दलाई लामा पुस्तकालय एवं अभिलेखागार में एक एसईई लर्निंग लॉन्च एवं प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन किया।यह पहल शिक्षा में धर्मनिरपेक्ष नैतिकता और मानवीय मूल्यों को एकीकृत करने के परम पावन दलाई लामा के दृष्टिकोण से पैदा हुई है।अमेरिका की एमोरी यूनिवर्सिटी में सेंटर ऑफ कंटेम्पलेटिव साइंस एंड कम्पैशन.बेस्ड एथिक्स द्वारा विकसित एसईई लर्निंग शिक्षकों और हितधारकों के लिए एक व्यापक पाठ्यक्रम और संसाधन पैकेज है।इसका मुख्य लक्ष्य दुनिया भर में के12 कक्षाओं में सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक साक्षरता को बढ़ावा देना है।एसईई लर्निंग के क्रियान्वयन ने शिक्षा परितंत्र को बदल दिया है जिससे जिला,ब्लॉक,पंचायत स्तर से लेकर मास्टर फैसिलिटेटर,छात्र और सामुदायिक स्वयंसेवक तक पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।यह करुणा भरे वातावरण का निर्माण करता है,फैसिलिटेटर को सशक्त बनाता है,छात्रों को समग्र कौशल से लैस करता है और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देता है।इस प्रोग्राम में पीरामल फाउंडेशन की ओर से एसईई लर्निंग की कहानियों, भावनाओं की कहानियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसने 6 राज्यों जम्मू कश्मीर और लद्दाख,मध्य प्रदेश,झारखंड, ओड़िशा,महाराष्ट्र और राजस्थान में एसईई लर्निंग कार्यक्रमों की सफलता पर प्रकाश डाला जो दिल और दिमाग दोनों पर समग्र शिक्षा के परिवर्तनकारी प्रभाव को दशार्ता है। पिछले कुछ वर्षों में पीरामल फाउंडेशन ने पूरे भारत में 100000 से अधिक स्कूलों को प्रभावित किया है।परम पावन दलाई लामा ने कहा,इस काम को करने के पीछे जो प्रेरणा है वह मेरे इस दृढ़ विश्वास को दशार्ती है कि जब हम सभी नैतिकता के महत्व को सराहते हैं और करुणा तथा धैर्य जैसे आंतरिक मूल्यों को अपने जीवन के बुनियादी दृष्टिकोण का अभिन्न अंग बनाते हैं तो इसके दूरगामी प्रभाव होते हैं। मुझे उस दिन की प्रतीक्षा है जब बच्चे स्कूल में अहिंसा और शांतिपूर्ण संघर्ष समाधान के सिद्धांतों के परिणामस्वरूप अपनी भावनाओं के प्रति अधिक जागरूक होंगे और अपने तथा दुनिया के प्रति और व्यापक रूप से जिम्मेदारी की भावना और गहराई से महसूस करेंगे।पीरामल एंटरप्राइजेज लिमिटेड के चेयरमैन, अजय पीरामल ने कहा, सामाजिक,भावनात्मक और नैतिक शिक्षा को अपनाना सिर्फ एक शैक्षणिक विकल्प ही नहीं है बल्कि यह एक सामाजिक अनिवार्यता है।

# ...अब कांग्रेस को विभाजित करने लगी है : राजीव



टीम एक्शन इंडिया/कांगड़ा

**कांगड़ा:** देश को विभाजित करने वाली सोच कांग्रेस पार्टी को ही विभाजित करने लगी है। भाजपा कांगड़ा चंबा से लोकसभा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने कहा कांग्रेस के पास देश के लिए कोई मिशन नहीं है। उनके पास पार्टी के भीतर केवल भ्रम, विरोधाभास और विभाजन है जो अब कांग्रेस को ही विभाजित करने लगा है। उन्होंने इंडी गठबंधन नेताओं के लिए कहा है कि उनकी सोच विभाजनकारी है। यह जब एक साथ होते हैं तो तीन बुराइयां साथ होती हैं। यह लोग सांप्रदायिक, घोर जातिवादी व परिवारवादी हैं। ऐसे लोग देश बांट सकते हैं, लेकिन देश को आगे नहीं ले जा सकते।

राजीव भारद्वाज ने आरक्षण को लेकर कांग्रेस को घेरा और कहा कि अंबेडकर नहीं होते तो नेहरू एससी-एसटी को आरक्षण नहीं मिलने देते। नेहरू ने मुख्यमंत्रियों को चिी लिखकर इसका विरोध किया था। नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक इस परिवार के जितने पीएम हुएए सभी ने आरक्षण का विरोध किया। कांग्रेस ने गरीबए एससी.एसटीए ओबीसीए महिलाए हर किसी को धोखा दिया। इसलिए आज उनके पास सिर्फ एक ही वोट बैंक बचा है। ये लोग एक वोट बैंक को खुश करने के लिए धर्म के आधार पर आपका आरक्षण छीनकर जिहाद वालों को देना चाहते हैं। कांग्रेस का शाही परिवार टुकड़े गिरोह को पाल पोस रहा है। राजीव भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस ने देश के 60 साल बर्बाद कर दिए। उन्होंने अपना सारा ध्यान एक परिवार को आगे बढ़ाने पर लगा दिया। कांग्रेस व उनके साथियों ने देश के 60 साल बर्बाद कर दिए। तीन-चार पीढि ?ों का जीवन तबाह कर दिया। कांग्रेस-राजद व उनके साथियों ने गरीबों को तरसाकर रखा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी दस साल तो पिछली सरकारों को गड्ढे भरने में बीते का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का पिछले 10 सालों में बहुत लंबा समय पिछली सरकारों के गड्ढे भरने में लगा।

**निशाने पर**

▶▶ लोकसभा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने कहा कांग्रेस के पास देश के लिए कोई मिशन नहीं है।

## ऊना में दुकान के ताले तोडकर उड़ाया 1.40 लाख का सामान व नगदी

राजन पुरी

**ऊना:** ऊना शहर के मेन बाजार में अज्ञात शातिर ने एक दुकान के ताले तोडकर लाखों के सामान सहित नगदी पर हाथ साफ किया है। सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार चार अज्ञात युवक सामाान ले जाते हुए दिखाई देखे गए हैं। मामले को लेकर दुकानदार ने पुलिस के पास शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शुभम आंगरा निवासी वार्ड नंबर 8, मुहल्ला कतना, ऊना ने बताया कि गत दिवस मेन बाजार में स्थित अपनी कपड़े की दुकान बंद कर घर चला गया। अगली सुबह पाया कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और अंदर रखे कपड़े सहित नगदी चुराई है।

# जिला स्वीप टीम ने थरास में प्रार्थना सभा में छात्रों को किया सम्मानित किया

श्याम कुल्वी

**कुल्लू :** बंजार विधानसभा क्षेत्र 24 में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थरास में आज जिला स्वीप टीम के नोडल ऑफि सर एवं डिप्टी डायरेक्टर नेहरू युवा केंद्र डाव लाल सिंह ने प्रार्थना सभा में पहुंचकर अध्यापकों व विद्यार्थियों से मतदान में मत प्रतिशत को बढ़ाने के लिए संवाद किया। उन्होंने एक जून को लोक सभा चुनाव में जहां स्वयं मतदान करने पर बल दिया। वहीं औरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। विद्यालय अध्यापकों ने संवाद में बढ़-चढकर भाग लिया। इस दौरान विधालय के इएलसी क्लब के तहत चुनावी पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन किया तथा प्रतियोगिता में चुनावी पखवाड़ा गतिविधि के अंतर्गत चित्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले कनिष्का वरिष्ठ वर्ग, नव्या यकनिष्ठ वर्ग, नारा लेखन प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में स्नेहा राणा, कनिष्ठ वर्ग में गंगा आदि छात्रों को सम्मानित भी किया गया।




# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पोस्टल बैलट की आदान-प्रदान प्रक्रिया का लिया जायजा

## आईटीआई में स्थापित स्टेट लेवल क्लीयरिंग सेंटर में 68 विस क्षेत्रों के पोस्टल बैलट का हुआ आदान-प्रदान

चमन शर्मा

**शिमला :** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आईटीआई चौड़ा मैदान में पोस्टल बैलट के आदान-प्रदान के लिए बनाये गये स्टेट लेवल क्लीयरिंग सेंटर में आज सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों के पोस्टल बैलट का आदान प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश मनीष गर्ग ने पोस्टल बैलट के आदान-प्रदान के लिये सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा प्राधिकृत नोडल अधिकारियों व सहायक नोडल अधिकारियों को इस कार्य को ध्यानपूर्वक करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें की जीतने पोस्टल बैलट का वास्तविक रूप में आदान-प्रदान किया गया है उतने की ही एंट्री ऑनलाइन होना अनिवार्य है। इसी प्रकारए जीतने पोस्टल बैलट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जारी हुए हैं उतने का ही वास्तविक रूप से आदान-प्रदान होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि 28 मई को भी इस गतिविधि का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी विधानसभा क्षेत्रों से शेष बचे पोस्टल बैलट का आदान-प्रदान होगा। इसी प्रकार, 02 जून को मतदान के पश्चात पुनः पोस्टल बैलट का आदान-प्रदान आईटीआई शिमला में होगा। उन्होंने स्पष्ट करते हुए बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र से जो टीम आज पोस्टल बैलट के आदान-प्रदान के लिए आईटीआई शिमला आई हैं वही टीम 28 मई को और 02 जून को शिमला आएंगी। इसमें किसी भी प्रकार के बदलाव की अनुमति नहीं है।

उन्होंने सभी अधिकारियों को पोस्टल बैलट के आदान-प्रदान के बाद इनकी पूरी सुरक्षा सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिए।



# 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करेगी भाजपा: सुरेश कश्यप

## भाजपा ने एससी-एसटी को मुख्यधारा में जोडने के लिए किया अतुलनीय कार्य

मनीष

**सोलन:** देश के चुनावी पर्व में सात में से पांच चरणों का चुनाव संम्पन हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी संम्पन हुए पांच चरणों के चुनावों में 310 को पार कर गए हैं और अब शेष छठे एवं सातवें में आप सभी मतदाताओं को प्रधानमंत्री मोदी को 400 पार कराना है। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा सांसद एंव प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कसौली विधानसभा क्षेत्र के सीआरआई कसौली, कुमारहट्टी बाजार, धर्मपुर बाजार व सुबाथू में जनसंपर्क प्रवास के दौरान कहा कि भारत में लोकतंत्र की खूबसूरती उसके चुनावों में निहित है। यह उपलब्धि अपने आप में महत्वपूर्ण हैए जो भारतीय जनता पार्टी की मजबूत स्थिति और लोकप्रियता को दशार्ती है। उन्हांने कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी छठे और सातवें चरण के चुनावों में भी इसी गति को बनाए रखती है और 400 सीटों का लक्ष्य प्राप्त कर लेती है, तो यह न केवल पार्टी के लिए बल्कि भारतीय राजनीति के लिए भी एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा। यह प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व क्षमता और पार्टी की संगठित रणनीति की जीत होगी। इससे भारत के विकास के मार्ग में नए अवसर और संभावनाएं खुलेंगी।

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि आरक्षण का मुद्दा भारतीय राजनीति में सदैव से ही संवेदनशील और विवादास्पद रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास रहा है कि वह हमेशा एससी-एसटी आरक्षण का विरोध करते आएं है।

उन्होंने कहा कि अगर डॉ. बीआर अंबेडकर नहीं होते तो एससी-एसटी समुदायों को आरक्षण कभी नहीं मिल पाता। भाजपा ने यह आरोप लगाया है कि पंडित नेहरू ने मुख्यमंत्रियों को चिी लिखकर आरक्षण के प्रति अपनी असहमति व्यक्त की थी। नेहरू व राजीव गांधी परिवार के जितने भी प्रधानमंत्री हुए उन्होंने हमेशा एससी-एसटी आरक्षण का विरोध किया। आरक्षण का उद्देश्य समाज के उन वर्गों को मुख्यधारा में लाना है जो सदियों से सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं।



# स्कूली बच्चों की वर्दी बंद करने पर भड़के विधायक सतपाल सत्ती

राजन पुरी

**ऊना:** ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने प्रदेश सरकार द्वारा स्कूली बच्चों की निशुल्क वर्दी योजना को बंद करने पर कड़ा एतराज जताया है। विधायक ने बुधवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार पर एक के बाद एक जन विरोधी फैसले लेने का आरोप लगाया और इस मामले पर सरकार से स्पष्टीकरण देने की मांग की।विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि पूर्व धूमल सरकार द्वारा स्कूली बच्चों के लिए निशुल्क वृद्धि योजना शुरू की गई थी, जबकि गरीब बच्चों को सुविधा देते हुए इस वर्दी की सिलाई का खर्च भी सरकार ने उठाया था। लेकिन अब इस सरकार ने अधिसूचना जारी करते हुए स्कूली बच्चों को दी जाने वाली मुफ्त वर्दी योजना को बंद कर दिया है। जिससे सरकारी स्कूल में पढ? वाले लाखों गरीब बच्चों और उनके अभिभावकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। विधायक ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए जन मंच कार्यक्रम शुरू किया गया था। लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के नाम से शुरू किया। अब इस कार्यक्रम के खर्चे पूरे करने के लिए सरकार खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से पंचायत को 10-10 हजार रुपए जमा करवाने के पत्र भेज रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी कार्यक्रम यदि शुरू होता है।



## न्यूज फ्लैश

### जान से मारने की धमकी देने के आरोप में युवक गिरफ्तार

खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी

**थाना खरखौदा की** पुलिस टीम द्वारा हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार आरोपी आशीष निवासी गोपालपुर जिला सोनीपत का रहने वाला है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 16 मई को सन्दीप पुत्र रणधीर निवासी गोपालपुर ने थाना खरखौदा में शिकायत दी कि मेरी अनील उर्फ विनय निवासी गोपालपुर के साथ पैसो को लेकर काफी दिन से कहा सुनी चल रही थी। जिसके चलते 15 मई समय रात करीब साढ़े 10 बजे मेरे मकान के सामने गली मे गोली 2 बार चलने की आवाज सुनाई दी, तो मैं मैन गेट को खोल कर बाहर निकला तो आशीष निवासी गोपालपुर था। जिसके हाथ में पिस्तौल था औ? उसके साथ राजेश व वजीर, हैप्पी निवासी गोपालपुर व ललीत निवासी भैसंरु व अनील निवासी गोपालपुर उपरोक्त इन सभी ने पैसे के लेन देन को लेकर रंजीश दहशत फैलाने के लिए हमारे मकान के सामने गोलियाँ चलाई है। और इन सभी ने जाते-जाते कहा है कि अगर पैसे नहीं दिए तो अबकी बार जाने से मार देगे। इस घटना का थाना खरखौदा में मामला दर्ज किया गया। थाना खरखौदा की जांचकर्ता टीम में नियुक्त सब इंस्पेक्टर हरिप्रकाश नें अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियो की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त आरोपी आशीष निवासी गोपालपुर जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

### ओपिनियन पोल दिखाने पर रहेगा प्रतिबंध

**सोनीपत। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि भारत चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार लोकसभा आम चुनाव की मतदान प्रक्रिया की समाप्ति के 48 घंटे पहले यानि 23 मई को सायं 6 बजे तक ओपिनियन पॉल के परिणाम प्रकाशन व प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान सोशल मीडिया सहित किसी भी मीडिया माध्यम से ओपिनियन पॉल परिणाम को प्रकाशन व प्रसारण नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि कि भारत चुनाव आयोग के निदेर्शों के अनुसार चुनाव प्रचार के बंद होने से लेकर मतदान समाप्ति तक लोकसभा चुनाव से संबंधित ओपिनियन पोल व चुनाव संबंधी किसी अन्य सर्वे आदि के परिणाम के प्रसारण व प्रकाशन पर पाबंदी है। भारत निर्वाचन आयोग ने जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 126 (1) (बी) के तहत ऐसे आदेश जारी किए हुए हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के आदेशों के अनुसार सभी संबंधित क्षेत्रों में चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के समय से 48 घंटे पहले अर्थात 23 मई सायं 6 बजे से ओपिनियन पोल व सर्वे आदि के परिणाम के प्रसारण व प्रकाशन पर पाबंदी रहेगी।

### दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत

**सदर थाना सोनीपत** पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वरदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मुन्ना निवासी उत्तर प्रदेश हाल में बंदेपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 20 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी नाबालिग है। उसके पड़ोस में बनी भैंसों की डेयरी में गोबर लेने के लिए गई थी। जहां पर मुन्ना ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने की वारदात को अंजाम दिया। उसकी बेटी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल करवाकर कोर्ट में बयान दर्ज करवाएं। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया।

# कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोलकर जनता को धोखा दिया : राजनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को करनाल के कस्बा घरौंडा में आयोजित विजय संकल्प रैली में करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लिए वोट मांगे। इस मौके पर राजनाथ ने कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ की राजनीति की है। अब तो उनके मंसूबे और खतरनाक हो गए हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहते हैं अगर किसी के घर के मुखिया की मृत्यु हो जाती है तो उसकी आधी संपत्ति ले ली जाएगी, क्या देश का कोई नागरिक ऐसे कानून को स्वीकार करेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं कांग्रेस नेताओं से पूछना चाहता हूं कि क्या उनके शासनकाल में हर रोज घोटाले नहीं हो रहे थे। भ्रष्टाचार के मामले में अदालत के आदेश पर उनके मंत्री को जेल की हवा खानी पड़ी थी। सैम पित्रोदा अनाप शनाप बयान देते थे, इसी कारण कांग्रेस ने उन्हें हटाया। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में हर साल विधानसभा चुनाव होते हैं, पांच साल में लोकसभा चुनाव होते हैं। समय और पैसा बर्बाद होता है। तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर वन नेशन, वन इलेक्शन करवाया जाएगा। ये बहुत पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस वाले कहते थे कि यह संभव नहीं है। असंभव को संभव करने की ताकत किसी में है तो वो भाजपा में है। वो ताकत केंद्र की मोदी सरकार में है। 2004 से लेकर 2014 तक कांग्रेस की सरकार थी, तब देश अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान पर था। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में आए हैं, हम 11वें नंबर से छलांग लगाकर 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारा दुनिया में डंका बजता है। वर्ष 2027 तक भारत दुनिया की अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। अमेरिका होगा, चीन होगा, उसके बाद भारत होगा। वर्ष 2047 तक भारत विश्व की महाशक्ति बनेगा। पाकिस्तानी सांसद ने भी कहा है कि भारत विश्व की महाशक्ति बनने जा रहा है। हरियाणा के लोग स्वाभीमानी होते हैं, वे भूखे रह लेंगे, लेकिन अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं करेंगे। इससे पहले रैली में पहुंचने पर करनाल से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और अन्य नेताओं ने पगड़ी पहनाकर रक्षामंत्री राजनाथ का भव्य स्वागत किया। राजनाथ ने कहा कि आज नए भारत का निर्माण हो रहा है, आप खुशकिस्मत हैं कि आपके यहां मनोहर लाल प्रत्याशी हैं। देश का मस्तक ऊंचा होना चाहिए। लक्ष्मी जी कमल के फूल पर घर आती हैं, इसलिए कमल का बटन दबाना है और मेरी अंतिम बात सुन लीजिए कि आप मनोहर लाल को केवल सांसद नहीं चुन रहे हैं कुछ और ही चुन रहे हैं।

**कांग्रेस ने झूठ की राजनीति की**

राजनाथ सिंह ने कहा कि 50 साल से ज्यादा तक जनता ने कांग्रेस को सत्ता सौंपे रखी। पंडित जवाहरलाल नेहरू कहते थे कि भारत आजाद हो गया है, अब गरीबी खत्म करेंगे, इंदिरा गांधी भी कहती थी कि गरीबी खत्म करेंगे, मनमोहन सिंह भी कहते थे कि गरीबी खत्म करेंगे, लेकिन उनसे कुछ नहीं हो पाया। उन्होंने हमेशा वोट बैंक के लिए झूठ की राजनीति की है। लेकिन आजाद भारत में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। देश से गरीबी को पूरी तरह समाप्त करने में 10-15 साल का और समय लगेगा। देश में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर देश में गरीबी पूरी तरह खत्म करके दिखाएंगे।

**भाजपा सभी वादे पूरे करेगी**

रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा कभी झूठे वादे नहीं करती, हमने चुनाव से पहले कहा था कि जिस दिन केंद्र में भाजपा सरकार बनेगी धारा 370 खत्म करेंगे और सरकार बनते ही 370 धारा खत्म कर दी। हमने वादा किया था कि राम मंदिर बनाएंगे और सत्ता में आते ही राम मंदिर बना दिया। भाजपा कभी भी झूठ की राजनीति नहीं करती है, आपके सभी वादे पूरे करेंगे। हिंदू हो या मुस्लिम किसी भी धर्म की महिलाएं हो हम अत्याचार सहन नहीं करेंगे और इसीलिए तीन तलाक खत्म कर दिया। इससे मुस्लिम महिलाएं भी खुश हैं।

**इंदिरा ने देश में इमरजेंसी लगाई**

राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि नरेंद्र मोदी तानाशाह हैं। 1975 के चुनाव में इंदिरा गांधी चुनाव हार गई थीं, लेकिन उन्होंने क्या किया कि देश में इमरजेंसी लगा दी।

## यौगिक चिकित्सा मानव की हर बीमारी का समाधान प्रस्तुत करती है: दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। योग गुरु दिनेश** गुलाटी के मार्गदर्शन में सूर्य एनक्लेव सेक्टर-7 में प्रतिदिन योग कक्षा चलाई जा रही हैं, जिसमें नित्य योग साधक भाग लेकर स्वस्थ हो रहे हैं। दिनेश गुलाटी द्वारा योग प्राणायाम का सत्र लिया गया। उन्होंने वहां पहुंचे साधकों को यौगिक क्रियाओं, आसन तथा प्राणायाम का अभ्यास करवाया। मिशन के योग शिक्षक नवीन जिंदल ने यहां मौजूद रहकर साधकों को श्वास की सही विधि के साथ योग करने की विधि बताई। सुभाष आर्य जो यहां नियमित रूप से योग करवा रहे हैं, उन्होंने भी साधकों को आसनों का अभ्यास करवाया। दिनेश गुलाटी ने सत्र के दौरान कहा कि यदि हम ईश्वर में आस्था के साथ योग करें तो हम उसकी कृपा को स्वयम् ही महसूस करेंगे और निश्चित ही परिणाम भी सकारात्मक होगा। योग केवल क्रियाओं का अभ्यास ही नहीं है, अपितु एक सम्पूर्ण जीवन शैली है और यौगिक चिकित्सा मानव की हर बीमारी का समाधान प्रस्तुत करती है। योग मनुष्य को शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक रूप से स्वस्थ रखता है। कक्षा में काफी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने योग का लाभ लिया।

## मनोहर सुशासन का जीता जागता उदाहरण बनेः विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को विजयी बनाने के लिए पूरे क्षेत्र में भीषण गर्मी में नुक्कड़ सभाओं का दौर सुबह-शाम चल रहा है इसी कड़ी में पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने आदर्श नगर पार्क में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता शहरी विधायक प्रमोद विज ने की उनके साथ निवर्तमान पार्षद अश्वनी धींगडा, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र तनेजा भी उपस्थित रहे `नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद विज ने कहा कि शहरी विकास भाजपा के केंद्र और प्रदेश सरकारों की मुख्य प्राथमिकता रही है और भाजपा सरकार में सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर चलते हुए नगर निगम के सभी वार्डों में समान विकास करवाया गया है जहाँ शहर की सभी सड़कों का कायाकल्प हुआ है वहीँ शहर की सड़कें आधुनिक फैंसी स्ट्रीट लाइटों से जगमग हो रही हैं आदर्श नगर-वीवर्स कॉलोनी सहित शहर में 5 स्थानों पर रेलवे अंडरपास पर काम किया गया है` हरियाणा सरकार की बिना पर्ची-बिना खर्ची से शहर के अनेक बच्चे एचसीएस जैसी उच्च कोटि की सेवाओं में नियुक्ति ले पाए हैं पानीपत के सुरेन्द्र कुमार जैसे एचसीएस में भर्ती हुए अनेक युवा हरियाणा सरकार के मनोहर सुशासन का जीता जागता उदाहरण बने हैं` उन्होंने कहा कि महिलाओं को जहाँ उज्ज्वला गैस कनेक्शन निशुल्क दिए गए हैं वहीँ महिलाओं के लिए इज्जत घर बनवाए गए हैं और गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत अगले पांच वर्षों तक मुफ्त राशन प्रदान किया जा रहा है तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिला समूह को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना, पीएम आवास योजना के तहत आवास सुविधा और जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना, आयुष्मान और पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से गरीबों का बिजली बिल में कटौती का लाभ दिया जा रहा है `इस अवसर पर भाजपा नेता सुनील सोनी, विनीत कुमार, सुशील शर्मा, नरेंद्र जिंदल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**उदाहरण**

▶▶ महिलाओं को जहाँ उज्ज्वला गैस कनेक्शन निशुल्क दिए गए हैं वहीँ महिलाओं के लिए इज्जत घर बनवाए गए हैं

## चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाएंः शेखावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**पुलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक, क्राइम युनिट इंचार्ज व चौकी इंचार्जों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र रूप से संपन्न करवाना पुलिस की नैतिक जिम्मेदारी है। जिला में कुल 876 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। सभी पुलिस अधिकारी स्वयं प्रत्येक बूथ को चेक करें। सभी बूथों पर प्रयाप्त सख्या में जिला पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया जाएगा। सभी पुलिसकर्मी सर्तकता के साथ बूथ ड्यूटी करें। स्ट्रोग रूम से पोलिंग पार्टी के साथ उपलब्ध करवाए गए वाहनों में सुरक्षित तरीके से इवीएम मशीनों को बूथ तक लेकर जाए। पोलिंग पार्टी द्वारा ईवीएम मशीन प्राप्त करते ही पुलिसकर्मियों व पोलिंग पार्टी की डयूटीयां आरम्भ हो जाएगी जब तक ईवीएम मशीन वापिस स्ट्रोग रूम ने सुरक्षित रूप से जमा नही हो जाती अपनी डयूटी को सर्तकता से करे। डयूटी के दौरान सभी पुलिसकर्मी सरकारी वाहन का ही प्रयोग करें।

करनाल लोकसभा क्षेत्र में पानीपत जिला के चार विधानसभा क्षेत्र आते है। इनमें 40 जोनल मजिस्ट्रेट व 40 पेट्रोलिंग पार्टी तैनात की है। सभी पेट्रोलिंग पार्टी वाकी टॉकी सेट से लैस होगी। सभी पुलिस अधिकारी क्षेत्र जोनल मजिस्ट्रेट से तालमेल बनाकर रखे। चुनाव के दौरान कोई भी व्यवधान उत्पन्न होने का अंदेशा हो तो तुरंत इनको सूचना दे। सभी आदर्श आचार सहित की अनुपालना करें। लापरवाही की सूरत में कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने निर्देश दिये कि संद्गिगध वाहनों व व्यक्तियों पर विशेष रूप से नजर रखे।

नाकाबंदी के दौरान गहनता से चैकिग करें। संद्गिगध किस्म के युवकों या जिन आरोपियों के खिलाफ गंम्भीर गंभीर किस्म के अभियोग दर्ज है या जो जेल मे बंद थे अब पैरोल या बैल पर बाहर आए हुए है ऐसे सभी युवकों पर विशेष रूप से नजर रखें। इंटर स्टेट नाकों पर वाहनों की गहनता से चैकिग करें। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक मख्यालय धर्मबीर खर्ब, उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम, उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी, उप पुलिस अधीक्षक संदीप व जिला के सभी थाना प्रभारी, क्राइम युनिट इंचार्ज व चौकी इंचार्ज उपस्थित रहे। लोकसभा चुनाव 2024 की जिला में सभी तैयारी समय रहते पुख्ता कर ली गई है। करनाल लोकसभा क्षेत्र में पानीपत जिला के चार विधानसभा क्षेत्र आते है। जिनमे पानीपत विधानासभा क्षेत्र में उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी, पानीपत ग्रामीण में उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम, इसराना में उप पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार व समालखा मे उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## पुरस्कार से सम्मानित किए गए लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी



**रोहतकः रोहतक** में को माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के द्वारा "हरियाणा खेल गौरव पुरस्कार" का आयोजन किया गया जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के वंशज चौहान व रितिका दहिया को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया है कि यह पुरस्कार राज्य में सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों को दिया जाता है और ये हमारे लिए बहुत ही खुशी की बात है कि इस पुरस्कार के लिए लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के वंशज व रितिका का नाम नामांकित हुआ। वंशज चौहान ने स्पेन में आयोजित यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक, जॉर्डन में आयोजित यूथ एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक व दुबई में आयोजित जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक व रितिका दहिया ने कजाकिस्तान में आयोजित अंडर 22 एशियन वूमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक व नोएडा में आयोजित सीनियर वूमेन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल की व अपने स्कूल व एकेडमी का नाम रोशन किया। दोनो ही खिलाड़ी अपनी कर्मठता और समय के पाबंद होने के कारण इस उपलब्धि को प्राप्त करने में सक्षम हुए हैं।

## सनौली मंडल के अधिकतर सरपंच भाजपा के साथः जगबीर आर्य

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भाजपा किसान मोर्चा** के जिला प्रभारी जगबीर आर्य ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि सनौली मंडल के अधिकतर सरपंच भाजपा के साथ हैं। कुछ सरपंच कांग्रेस समर्थक हैं। जिन्होंने भाजपा के उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खिलाफ चुनाव खराब करने की कोशिश की है। उन्होंने जिन सरपंचों को अपनी बैठक में मौजूद बताया था वह उपस्थिति भी नहीं थे। कुछ को व्यक्तिगत कार्य बोलकर बुलाया था जो की भाजपा समर्थक हैं। ऐसा करना नैतिकता के लिए सही नहीं है। वहीं जिस ब्लॉक समिति अध्यक्ष के पति को भाजपा का बताया गया है वह समालखा के कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर का चहेता है। ब्लाक समिति की चेयरमैन उसकी पत्नी है। जिला प्रभारी जगबीर आर्य ने कांग्रेस पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सदैव झूठ का सहारा लेती आई है लेकिन अब देश के मतदाता जागरुक हो चुका है। वह जमाना गया जब कांग्रेस नेता जैसे कहते थे जनता मान लेती थी पर अब गूगल का जमाना है और गूगल सभी के पास है। इसलिए अब कभी भी कांग्रेस की दाल गलने वाली नहीं है। जनता पीएम मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों को समझते हुए 25 मई को भाजपा को वोट करेगी तथा मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएगी। वहीं करनाल से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को भी रिकार्ड मतों से विजेता बनायेगी।

## भाजपा को छोड़ 15 साल बाद कांग्रेस में की घर वापसी

**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**समालखा विधानसभा** क्षेत्र में भाजपा को एक ओर झटका लगा है ओर ये झटका 2009 में भाजपा की टिकट पर समालखा से चुनाव लड चुकी बीजेपी नेत्री एडवोकेट अंजू छौक्कर ने दिया है। उन्होंने बुधवार को समालखा में एक प्रैस कांफ्रेंस में खुलासा किया है कि उसने तीन दिन पहले ही रोहतक में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की है ओर अब वह कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा के लिए प्रचार करेंगी।



एडवोकेट अंजू छौक्कर ने भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल के साथ साथ मौजूदा सांसद संजय भाटिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इनकी तानाशाही के कारण ही पूर्व विधायका रोहिता रेवड़ी सहित अनेक कार्यकर्ता पार्टी को छोड़ रहे हैं। विगत 15 साल बाद कांग्रेस में अपनी घर वापसी पर बेहद उत्साहित एडवोकेट अंजू छौक्कर ने कहां कि 2008 में हुए गूर्जर आन्दोलन के दौरान हुए मुकदमे दर्ज होने से खफा होकर कांग्रेस को छोड़ना अपनी भूल बताया। कांग्रेस पार्टी से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत करने वाली महिला नेत्री अंजू छौक्कर कांग्रेस में जिला महिला कांग्रेस की प्रधान,युवा कांग्रेस में प्रदेश महासचिव तथा प्रदेश कांग्रेस की सचिव रह चुकी है। कांग्रेस छोड़कर आई अंजू छौक्कर को भाजपा ने 2009 में समालखा विधानसभा क्षेत्र से टिकट दी लेकिन चुनाव नहीं जीत पाई तभी से वह भाजपा में हासिये पर चली गई।15 वर्ष के अंतराल के बाद भाजपा को अलविदा कहने वाली अंजू छौक्कर ने भाजपा पर महिलाओं को सम्मान नहीं देने का आरोप लगाया ओर कांग्रेस में घर वापिसी पर उन्होंने कहा कि भगवान राम का बनवाया भी 14 साल का रहा, लेकिन उनका बनवास तो राम से भी ज्यादा हो गया है।

## हैफेड डीएम ने राष्ट्रहित में मतदान की शपथ दिलाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल। प्रशासनिक कार्यालयों** में अक्सर अधिकारी फाइलों और वर्क लोड को कम करने में ही उलझे रहते हैं और इस तरह से उनका नौकरी का कार्यकाल पूरा हो जाता है, लेकिन शहर में एक ऐसे अधिकारी भी हैं जो मानवीय सेवा के साथ-साथ सामाजिक व राष्ट्रीय मुद्दों के लिए न केवल संजीदगी बरतते हैं, बल्कि सच्चे कर्मयोगी की तरह उस पर अमलीजामा पहनाकर एक्शन भी लेते हैं। हम बात कर रहे हैं करनाल हैफेड कार्यालय के जिला प्रबंधक उधम सिंह की। करनाल के प्रशासनिक अधिकारियों में सबसे पहले हैफेड कार्यालय में डीएम उधम सिंह ने हैफेड स्टाफ को बुलाकर राष्ट्रहित में मतदान की पुरजोर अपील की। सबसे पहले उन्होंने वह वीडियो दिखाया, जिसमें बताया गया कि किस तरह से एक वोट के पीछे सरकार बनने से रह गई और किस सन में कौन-कौन बड़े स्तर के नेता एक वोट के पीछे सत्ता से वंचित रह गए। यही नहीं देश के महापर्व यानी मतदान के लिए हैफेड डीएम ने हैफेड स्टाफ के सभी साथियों को मतदान की शपथ दिलाते हुए याद कराया कि वे मतदान के दिन यानी 25 मई को मतदान तो करेंगे, साथ ही आसपास के लोगों को भी वोटिंग की महत्ता बताते हुए उन लोगों को भी प्रेरित करेंगे, जो किसी ना किसी कारणवश वोट करने नहीं जाते। मतदान के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों से कहा कि राष्ट्रहित में जरूर मतदान करें, क्योंकि ये महापर्व पांच साल में एक बार आता है जब हम देश की सरकार चुनते हैं, उसमें वोट के रूप में हम सब की भागीदारी का महापर्व है मतदान का दिन। मतदान के दिन यानी 25 मई के लिए उन्होंने मेरा वोट, मेरा अधिकार, मेरी शक्ति नामक स्लोगन दिया, जिसे हैफेड स्टाफ सदस्यों ने खासा सराहा। हैफेड डीएम उधम सिंह ने शपथ के बाद सभी स्टाफ सदस्यों से कहा कि वे 25 मई के अगले दिन जब कार्यालय में आएं तो हाथ की अंगुली पर वोट देने वाले निशान को जरूर दिखाएं। उन्होंने दोहराया कि ये हम सब का देश के प्रति पुनीत व पहला फर्ज है जो हमें 25 मई को सुबह सबसे पहले करना है, उसके बाद जो भी काम आप करना चाहें उसके लिए स्वतंत्र हैं, गर्मी सर्दी के मौसम तो चलते रहते हैं, लेकिन महापर्व यानी मतदान का दिन पांच साल में एक बार आता है। इसलिए इस मौके को अपनाएं, गवाएं नहीं। स्टाफ सदस्यों ने एक स्वर में हामी भरी और एक स्वर में कहा, डीएम सर, हम सभी मतदान जरूर करेंगे और कराएंगे भी।

## संपूर्ण स्कूल का विकास शिक्षकों के स्वास्थ्य पर आधारितःडॉ नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र :ग्रीनफील्ड** पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में 'फिजिकल ओर मेंटल वैलनेस' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल सलपानी ,ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, पर्ल और एसबीडी कॉलेज से लगभग 120 शिक्षकों ने भाग लिया। डॉ० नेहा दुआ सोबती और डॉ० दीप्ति रोहिल्ला रहे। वर्कशॉप में विभिन्न विषयों को शामिल किया गया, जिनमें स्वस्थ विकास से लेकर भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, पारस्परिक संबंध, लैंगिक समानता, मूल्य और नागरिकता, पोषण, स्वास्थ्य, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना शामिल थे। डॉ नेहा दीवाने अपने वक्तव्य में मेंटल हेल्थ और उससे जुड़े हुए पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि समाज में औरतों को अपने स्वास्थ्य पर सबसे पहले ध्यान देना चाहिए।

## संपादकीय

# गौतम बुद्ध के विचार

**विचारक** और अनुभवसिद्ध गौतम बुद्ध मानवता के इतिहास में कई दृष्टियों से आज भी महत्वपूर्ण बने हुए हैं। धर्म की स्थापना, ध्यान और मन के प्रशिक्षण तथा संघ की स्थापना जैसे कार्यों द्वारा वे एक महामानव के रूप में ढाई हजार वर्षों से वे मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनके विचार प्रखर थे और सोचने का नजरिया साहसपूर्ण, जो उनके लगभग पांच दशकों के सक्रिय और कठोर भिक्षु-जीवन के दौरान विकसित हुआ था। उनकी सोच इस बात से शुरू होती है कि जीवन में हर कोई असंतुष्ट और बेचैन है। उन्हें जन्म और मृत्यु का बंधन एक बेड़ी जैसा लगा था। इसलिए इस बात में आश्चर्य नहीं होना चाहिए यदि दुःख से मुक्ति या निर्वाण (पूर्ण स्वातंत्र्य) उनके चिंतन और प्रयोग का परम लक्ष्य बन गया । ईस्वी पूर्व पांचवीं सदी में जब बुद्ध का आगमन हुआ था तब भारत में ब्राह्मणवाद और कर्मकांड का बोलबाला था। पर उसी दौर में आर्थिक बदलाव शुरू हो चुके थे। कृषि की सम्पन्नता से नगर विकसित हो रहे थे और सुदूर व्यापार भी हो रहा था। इस तरह के बाह्य सम्पर्क से भारत से बाहर की संस्कृतियों की जानकारी मिलनी शुरू हुई। यह भी पता चला कि जातिहीन मानव समाज भी होते हैं और दूसरी भाषाओं का उपयोग करते हैं। सामाजिक गतिशीलता के इस दौर में एक ऐसे धर्म की जरूरत महसूस हुई जो ब्राह्मण पुरोहितों, स्थानीय रीति-रिवाजों और प्राचीन मान्यताओं पर न टिका हो। उसी दौर में ब्राह्मणवाद का खंडन जैन मत भी कर रहा था। दूसरी ओर उपनिषद भी अस्तित्व में आ रहे थे जो ब्रह्मांड के रहस्यों को भेदने, ब्रह्म से सायुज्य और पुनर्जन्म से सदा के लिए मुक्ति के विचार प्रस्तुत कर रहे थे। शाश्वत, अपरिवर्तनशील जगत का सार-तत्व ब्रह्म के रूप में प्रतिपादित किया गया। कहा गया कि प्रत्येक जीवित प्राणी में स्थायी आत्मन्‍ का वास होता है। वह आत्मन्‍ ही ब्रह्म है- अहं ब्रह्मास्मि, तत त्वम असि । यह सोच तत्ववाद की पराकाष्ठा थी। बुद्ध को लगा कि जीवन में इस तरह का अनुभव करना व्यक्ति के स्वतंत्र अस्तित्व की संभावना को नकारता है। अकसर है या अस्ति (बीइंग) और जो हो रहा है या भवति (बिकमिंग) को दो छोर समझा जाता है। पहला स्थिर है तो दूसरा परिवर्तनशील । सत्यं, शिवं और सुंदरं को ब्रह्मन्‍ का स्वरूप कहा गया। बुद्ध की समझ में हमारा अनुभव-जगत सतत परिवर्तनशील था। हमारी संतुष्टि भी परिवर्तनशील होती है और मृत्यु की भी छाया भी अनवरत बनी रहती है। परिवर्तन में पीड़ा, कुंठा या असंतोष भी बना रहता है। बुद्ध ने अस्तित्व या जीवन के तीन लक्षण बताएः अस्थायित्व, असंतुष्टि, तथा अनात्त । वस्तुएं अस्थायी होती हैं और बदलती रहती हैं यह बात उपनिषद के विचार के ठीक उल्टी थी । बुद्ध की सोच कुछ इस तरह थी - यदि आत्म है तो इसका अर्थ होगा कि अस्तित्व अपरिवर्तनशील होगा और जीवन की प्रक्रियाओं में हमारी कोई भूमिका न होगी और हम उसका अनुभव भी न कर सकेंगे क्योंकि हमें अनुभव तो क्रिया का अर्थात क्रम और उसके परिणाम का ही होता है। इसलिए वेदांत के विपरीत बुद्ध ने अन आत्मन या अनात्त का विचार रखा। बुद्ध ने सत, चित और आनंद वाली ब्रह्म की अवधारणा के विपरीत अनित्य, अविद्या और दुःख की सच्चाई को पहचाना। उन्होंने वेद, कर्मकांड और जाति-संस्था इन सबका खंडन किया। फिर ह्यआर्यह्ल यानी सज्जन के संघ की बात की। ब्राह्मणवाद का तीव्र खंडन किया परंतु सांख्य दर्शन से जगत के प्रलय के कल्प-क्रम का विचार, योग से ध्यान के सिद्धांत, और न्याय-वैशेषिक से बहुलता का विचार और तर्क-पद्धति को ग्रहण किया।

# वोटर लिस्ट में बढ़ती महिलाएं संसद में कब बढ़ेंगी?

**-प्रियंका सौरभ**

> रिपोर्ट के मुताबिक, 2047 तक (2049 में संभावित चुनाव) महिला मतदाताओं की संख्या बढ़कर 55 फीसदी (50.6 करोड़) और पुरुषों की संख्या घटकर 45 फीसदी (41.4 करोड़) हो जाएगी। भारत के राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पिछले दशक की सबसे महत्वपूर्ण बातों में से एक है। महिला मतदाता अब चुनावों में पहले से कहीं अधिक बड़ी भूमिका निभा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अब साक्षरता बढ़ने के कारण महिलाएं राजनीतिक फैसला लेने वाले एक अहम समूह के रूप में उभर रही हैं। महिला आरक्षण विधेयक, रसोई गैस सब्सिडी, सस्ते ऋण और नकद राशि के वितरण जैसे कदमों से महिला मतदाताओं को लुभाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से बीजेपी के वोटों में वृद्धि में मदद मिली है

**राजनीतिक** दल कल्याणकारी योजनाओं और रियायतों के वादों के साथ महिलाओं के वोट हासिल करने की होड़ में हैं, लेकिन सच्चा सशक्तिकरण अभी भी मायावी है। जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देती, तब तक उनकी भागीदारी बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। देश की मतदाता सूची में महिला वोटरों की तादाद लगातार बढ़ रही है। लेकिन राजनीतिक दलों की ओर से टिकट नहीं मिलने के कारण वे इस अनुपात में संसद में नहीं पहुंच पातीं। मतदाताओं में आधी आबादी महिलाओं की है। पिछले 15 सालों में हिंदी बेल्ट राज्यों में उनकी संख्या में वृद्धि चुनाव परिणामों पर गहरा असर डाल रही है। इन सबके बीच एक सवाल यह भी उठता है कि भारत की संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अब भी कम क्यों है? क्यों अब भी लगभग सभी पार्टियां महिलाओं को टिकट देने से कतराती हैं?
भारत में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक समान नहीं रही है। इसमें समय-समय पर हमेशा बदलाव होता रहा है। यदि हम महिलाओं की स्थिति का आंकलन करें तो पता चलेगा कि वैदिक युग से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की सामाजिक स्थिति में अनेक तरह के उतार-चढ़ाव आते रहे हैं और उसके अनुसार ही उनके अधिकारों में बदलाव भी होता रहा है। इन बदलावों का ही परिणाम है कि महिलाओं का योगदान भारतीय राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में दिनों-दिन बढ़ रहा है जो कि समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक सफल प्रयास है। चुनाव महिला उम्मीदवारों से जुड़े कई राजनैतिक पूर्वाग्रहों को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। साथ ही महिलाओं का राजनीतिक सशक्तीकरण करने भी कारगर सिद्ध होगा। तमाम प्रमुख राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में भारी फर्क है। जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देती, तब तक उनकी भागीदारी बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। लेकिन टिकटों के बंटवारे के समय तमाम दल किसी न किसी बहाने महिलाओं को चुनाव लड़ने से दूर रखने का प्रयास करते रहे हैं। जब तक यह पुरुषवादी मानसिकता नहीं बदलती, महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बावजूद तस्वीर ज्यादा नहीं बदलेगी।



महिला मतदाता इतनी महत्वपूर्ण कभी नहीं थी जितनी अब है। महिला मतदाताओं को तेजी से एक ऐसे निर्वाचन क्षेत्र के रूप में पहचाना जा रहा है जो परिणामों को प्रभावित कर सकता है, महिला आरक्षण विधेयक के जल्दबाजी में पारित होने से बेहतर इसका कोई प्रतीक नहीं है। भाजपा द्वारा "नारी शक्ति" पर किए गए सभी बड़े दावों के बावजूद, नवंबर में पांच राज्यों के चुनावों में उसके केवल 10 से 15 प्रतिशत उम्मीदवार महिलाएं थीं। यही बात उन अन्य पार्टियों पर भी लागू होती है जिनकी अखिल भारतीय उपस्थिति है। भारत की महिला मतदाता, एक ताकत है जिसे गिना जाना चाहिए। राजनीतिक दल कल्याणकारी योजनाओं और रियायतों के वादों के साथ महिलाओं के वोट हासिल करने की होड़ में हैं, लेकिन सच्चा सशक्तिकरण अभी भी मायावी है। जब तक राजनीतिक पार्टियां अधिक से अधिक महिलाओं को टिकट नहीं देती, तब तक उनकी भागीदारी बढ़ाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती। देश की मतदाता सूची में महिला वोटरों की तादाद लगातार बढ़ रही है। लेकिन राजनीतिक दलों की ओर से टिकट नहीं मिलने के कारण वे इस अनुपात में संसद में नहीं पहुंच पातीं। मतदाताओं में आधी आबादी महिलाओं की है। पिछले 15 सालों में हिंदी बेल्ट राज्यों में उनकी संख्या में वृद्धि चुनाव परिणामों पर गहरा असर डाल रही है। इन सबके बीच एक सवाल यह भी उठता है कि भारत की संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अब भी कम क्यों है? क्यों अब भी लगभग सभी पार्टियां महिलाओं को टिकट देने से कतराती हैं? बीते लोकसभा चुनाव में 542 सांसदों में से 78 महिलाएं थीं। इनमें सबसे अधिक उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 11-11 महिलाएं चुनाव जीती थीं। संसद में महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने वाली भाजपा ने 417 संसदीय सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। इनमें 68 महिलाएं हैं। यानी पार्टी ने सिर्फ 16 फीसदी महिलाओं पर ही भरोसा जताया है। बीजेपी ने 2009 में 45, 2014 में 38 और 2019 में 55 महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। कांग्रेस ने अब तक 247 उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें 35 उम्मीदवार यानी 14 फीसदी से कुछ ज्यादा महिलाएं हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस ने 54 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया था। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में जिन 42 उम्मीदवारों की घोषणा है उनमें 12 महिलाएं हैं। लोकसभा चुनाव में कुल 96.8 करोड़ मतदाताओं में से 68 करोड़ लोग मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें 33 करोड़ यानी 49 फीसदी महिला मतदाता होंगी। 85.3 लाख महिलाएं पहली बार मतदान करेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2047 तक (2049 में संभावित चुनाव) महिला मतदाताओं की संख्या बढ़कर 55 फीसदी (50.6 करोड़) और पुरुषों की संख्या घटकर 45 फीसदी (41.4 करोड़) हो जाएगी। भारत के राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पिछले दशक की सबसे महत्वपूर्ण बातों में से एक है। महिला मतदाता अब चुनावों में पहले से कहीं अधिक बड़ी भूमिका निभा रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अब साक्षरता बढ़ने के कारण महिलाएं राजनीतिक फैसला लेने वाले एक अहम समूह के रूप में उभर रही हैं। महिला आरक्षण विधेयक, रसोई गैस सब्सिडी, सस्ते ऋण और नकद राशि के वितरण जैसे कदमों से महिला मतदाताओं को लुभाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से बीजेपी के वोटों में वृद्धि में मदद मिली है। महिला वोटरों की संख्या बढ़ी है क्योंकि उनकी आबादी और शिक्षा भी बढ़ी है। राजनीतिक दलों ने भी जागरूकता फैलाने में योगदान दिया है। यह उनके भी हित में था की वो महिलाओं को जागरुक करें और मतदान के लिए प्रोत्साहित करें ताकि उनका वोट प्रतिशत बढ़ सके। महिलाओं की तरफ फोकस इसलिए भी बढ़ गया क्योंकि पुरुष कई बार काम की तलाश में बाहर चले जाते हैं और ऐसे में वो मतदान के लिए अपने क्षेत्र में नहींआते हैं ह्न चुनाव आयोग ने भी इस दिशा में काम किया और महिलाओं के लिए बूथ तक पहुंचना और वोट डालना आसान बनाया। बूथों पर गर्भवती महिलाओं के लिए भी अलग इंतजाम किए जाते हैं। पर यह प्रगति इतनी धीमी है कि भारत अब भी कई बड़े देशों से इस मामले में पीछे है। महिला वोटर्स की संख्या में तो इजाफा हुआ है पर कैंडीडेटडे और सांसदों के तौर पर उनकी संख्या अभी भी बहुत कम है। तमाम राजनीतिक दल महिलाओं को कई स्पेशल स्कीम से लुभाने की कोशिश करते हैं। जैसे फ्री बस राइड, डायरेक्ट मनी ट्रांसफर आदि पर ज्यादातर पार्टियांउन्हें टिकट देने के मामले में कंजूसी करती हैं। छतीसगढ़ और त्रिपुरा को छोड़ दें तो ज्यादातर राज्यों में महिला सांसदों की संख्या बहुत कम है। स्वामी विवेकानन्द का मानना है – कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोत्तम थर्मामीटर है, वहाँ की महिलाओं की स्थिति। हमें महिलाओं को ऐसी स्थिति में पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए, जहाँ वे अपनी समस्याओं को अपने ढंग से खुद सुलझा सकें।
हमारी भूमिका महिलाओं की ज़िंदगी में उनका उद्धार करने वाले की न होकर उनका साथी बनने और सहयोगी की होनी चाहिए। क्योंकि भारत की महिला इतनी सक्षम है कि वे अपनी समस्याओं को खुद सुलझा सकें। कमी अगर कहीं है तो बस इस बात की, हम एक समाज के तौर पर उनकी काबलियत पर भरोसा करना सीखें। ऐसा करके ही हम भारत को उन्नति के रास्ते पर ले जा पाएंगे।

## कविता

**"झूमता बसन्त है"**

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

## पीओके की नहीं पीके की भविष्यवाणी

**राकेश**

**आजकल** भारत में दो ही चीजें ज्यादा चर्चित हैं । एक पीओके और दूसरे पी के। दोनों का रिश्ता भारत से और भारतीय जनता पार्टी से। भारत की जनता से इन दोनों का कोई लेना-देना नहीं है । पीओके यानी पाक अधिकृत कश्मीर और पीके अर्थात प्रशांत किशोर। इन दोनों के बिना २०२४ के आम चुनाव में भाजपा की दाल गलती नजर नहीं आती। भारत का विपक्ष तो दाल गलाना और खाना दोनों भूल चुका है। जो दाल पकता है उसी में काला खोजा जाता है। आज हमें भी पीओके और पीके में दाल में काला नजर आने लगा है ।
पीओके यानि पाक अधिकृत कश्मीर एक पुराना जख्म है। इतना पुराना की आज की पीढी को इसके बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं ,लेकिन भाजपा की सरकार देशवासियों को ' चन्दा मामा दूर के ' की तर्ज पर पीओके के किस्से सुनाती है ,ख्वाब दिखाती है। इस बार चूंकि पांचवा चरण बीतने के बावजूद कोई पुलवामा नहीं हुआ इसलिए सारा जोर पीओके के ऊपर है। सरकार ने जितनी आसानी से जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटा दी ,उतनी ही आसानी से वो पीओके को भारत में दोबारा शामिल करने की बात कर रही है। पीओके को वापस लेना सचमुच बड़ी बात है। और ये बड़ी बात केवल बड़े -बड़े लोग या बेवड़े लोग कर सकते हैं। कम से कम सामान्य आदमी तो ऐसी बातें न सोच सकता है और न कर सकता।
पीओके का किस्सा बहुत लंबा है ,उतना ही लंबा जितना की आज के नेताओं की जबान । चौड़ी छाती और लम्बी जबान वाले लोग बिरले ही होते हैं। पीओके के बारे में ज्यादा जानना हो तो इतिहास में जाना पडेगा। फिर गांधी ,नेहरू को कोसना पडेगा। लेकिन अभी ये सब करने की फ़ुरसत किसे है ? सब चार सौ पार करने में लगे है। पीओके मिले या न मिले लेकिन चार सौ पार करना देश की सेहत के लिए बहुत जरूरी है। भारत की जनता इस लक्ष्य को हासिल करने में मदद करे या न करे लेकिन पीके यानि प्रशांत किशोर जरूर भविष्य वाणियां कारणें में आगे हैं। पीके यानि प्रशांत किशोर एक भटकती आत्मा है। आपातकाल के बाद जन्में प्रशांत किशोर पेशे से राजनीति के रणनीतिकार ह। भविष्यवक्ता है लेकिन अपने ही भविष्य के बारे में नहीं जानते। 1977 में बिहार की धरती पार जन्मने प्रशांत किशोर की रणनीत्ति के फलस्वरूप माननीय नरेंद्र दामोदरदास मोदी देश के प्रधानमंत्री बन पाए ऐसी धारण है। पीके को 2014 के लोक सभा चुनाव,2015 में बिहार विधान सभा चुनाव 2017 उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव और 2019 के आंध्र प्रदेश विधान सभा चुनाव के बाद 2021 में पश्चिम बंगाल चुनाव में तृण मोल कांग्रे की बड़ी जीत ने प्रशांत कुमार की दूकान तो जमाई लेकिन किसी राजनीतिक दल ने उन्हें जब राजनीति में हिस्सेदार नहीं बनाया तो बेचारे ने अपनी भटकती आत्मा को ढांढस बढ़ाने के लिए ' जन सुराज ' नाम का एक राजनितिक दल बना लिया।

## विचार

# चरम पर चाटुकारिता

**निर्मल रानी**

**चाटुकारिता** या खुशामद परस्ती का हमारे भारतीय समाज के एक वर्ग से गहरा नाता है। इस 'कला ' में पारंगत लोग किसी का महिमामंडन व उसकी चापलूसी कर उसे खुश करना चाहते हैं और इसके बदले कुछ हासिल कर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। और अपनी तारीफ सुनने वाला व्यक्ति अपनी इस 'झूठी तारीफ' के बदले में प्रायः उसे उपकृत कर देता है। राजा महाराजाओं, नवाबों व बादशाहों के वक़्त से चला आ रहा यह सिलसिला आज भी जारी है। इसे दूसरे शब्दों में किसी को खुश करने का 'शार्ट कट' भी कह सकते हैं। अंग्रेजों ने भी हम हिन्दुस्तानियों की इस 'दुखती रग ' को बखूबी पहचान लिया था। और वे भी देश के लाखों प्रभावशाली लोगों को अपने पक्ष में करने के लिये उन्हें राय बहादुर,खान बहादुर जैसी अनेक उपाधियाँ दिया करते थे। इसके बदले में उनकी रियासतों के क्षेत्रफल में विस्तार हो जाता था। पदवी बढ़ जाती थी, माल -ो -दौलत में इजाफा हुआ करता था। आज स्वतंत्र व लोकतान्त्रिक भारत में भी वही स्थिति है। आधे अधूरे वे लोग जिन्हें अपनी योग्यता व अपने कौशल पर विश्वास नहीं वे अपने आकाओं को खुश करने में लगे रहते हैं। याद कीजिये आपातकाल यानी 1975 का वह दौर जब तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष देव कांत बरुआ ने प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की प्रशंसा में कहा था कि - इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इज इंदिरा यानी इंदिरा भारत हैं और भारत इंदिरा है। कांग्रेस के शासन में भी अनेक नेताओं की 'दुकानदारी ' खुशामद परस्ती व चाटुकारिता के दम पर ही चला करती थी। आज भी देखने को मिलता है कि कहीं कहीं सोनिया गाँधी व ममता बनर्जी जैसे नेताओं के 'भक्त ' उन्हें देवियों के रूप में पेश करते रहे हैं। परन्तु वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौर में तो ऐसी अनगिनत मिसालें हैं जिसमें लोगों ने मोदी को न केवल देवताओं व भगवान का अवतार बताया बल्कि अब तो 'भगवान को मोदी' का भक्त तक बता दिया गया। पिछले दिनों भाजपा के बड़बोले प्रवक्ता संबित पात्रा ने जोकि उड़ीसा के पुरी लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी भी हैं,ने तो भगवान जगन्नाथ को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भक्त बता डाला'। कुछ टी वी चैनल्स को साक्षात्कार देते हुए पात्रा ने यह कह दिया कि, "भगवान जगन्नाथ, पीएम मोदी के भक्त हैं"। चुनावी बेला में उनके मुंह से यह निकलते ही अनेक प्रमुख विपक्षी नेताओं ने पात्रा की 'इस चरम चाटुकारिता ' को लपक लिया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस बयान को ओडिया की 'अस्मिता' को चोट पहुंचाना बताया। पटनायक ने एक्स में लिखा, कि "महाप्रभु श्री जगन्नाथ ब्रह्मांड के भगवान हैं। महाप्रभु को किसी अन्य इंसान का 'भक्त' कहना भगवान का अपमान है। यह पूरी तरह से निंदनीय है।" इससे भावनाएं आहत हुई हैं और दुनिया भर में करोड़ों जगन्नाथ भक्तों और उड़िया लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है।" जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस टिप्पणी को लेकर एक्स में लिखा कि "जब प्रधानमंत्री खुद को सम्राट समझें और भगवान उन्हें दरबारी लगने लगे तो साफ है कि पाप की लंका का पतन करीब है। करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार मुट्ठी भर भाजपाइयों को किसने दिया? यही अहंकार उनके विनाश का कारण बन रहा है ह्नदिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये भाजपा नेताओं के "अहंकार" को दिखाता है। केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, "मैं बीजेपी के इस बयान की कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने सोचना शुरू कर दिया है कि वे भगवान से ऊपर हैं। यह अहंकार की पराकाष्ठा है। भगवान को मोदी भक्त कहना भगवान का अपमान है।" उधर मौके की नजाकत को भांपते हुये और आगामी 25 मई को पुरी के अपने चुनाव के नफे नुकसान के मद्देनजर संबित पात्रा ने भी मुआफी मांगने के लिये कोई शब्द भी बाकी नहीं छोड़े। पात्रा ने भगवान जगन्‍?नाथ पर अपनी इस शर्मनाक व अतिविवादित टिप्पणी पर मुआफी मांगते हुये कहा कि वह अपनी 'जुबान फिसलने' के लिए माफी मांगते हैं और वह भगवान से क्षमा प्रायश्चित करने के लिए अगले 3 दिनों तक उपवास रखेंगे। उन्होंने एक्स पर इसी आशय का एक वीडियो शेयर कर भगवान जगन्नाथ को लेकर की गयी अपनी गलत टिप्पणी के लिए माफी मांगते हुये लिखा कि "आज मैं भगवान जगन्नाथ के संबंध में की गई अपनी गलती से बहुत परेशान हूं। मैं भगवान जगन्नाथ के चरणों में सिर झुकाकर माफी मांगता हूं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मजबूत आंतरिक सुरक्षा मोदी की बड़ी सफलता

**प्रो. महेश चंद गुप्ता-**

**एक ज**माने में देश के हर हिस्से में असुरक्षा और दहशत का माहौल था। देश में आतंकी हमले होना आम बात थी। आतंकियों का जब जी चाहता, सीमा पार करके आते और देश के विभिन्न शहरों में मासूम लोगों को मौत के घाट उतार देते। शहर-दर-शहर बम विस्फोट रोजमर्रा की बात हो गए थे। पाकिस्तान जहां सीमाओं पर गोलीबारी बरकरार रखता, वहीं हमारे देश के भीतर भी आतंकवाद को खाद-पानी दिए रखता। वैसे तो देश का कोई कोना नहीं था, जहां आतंकियों ने कहर न बरपाया हो लेकिन मुम्बई तो आतंकियों का पसंदीदा लक्ष्य रहा। बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 12 मार्च 1993 को बम विस्फोटों से समूची मुम्बई को दहला दिया गया। 26 नवम्बर 2008 को मुम्बई पर कसाब और उसके साथियों ने जो हमला किया, उससे पूरी दुनिया सन्न रह गई। 11 जुलाई 2006 में लोकल ट्रेनों में हुए विस्फोट से हुई 209 लोगों की मौत को कौन भुला सकता है। 14 मार्च 2003 को मुम्बई के मुलुंड में एक ट्रेन में बम फटने से 10 लोगों की मौत, 25 अगस्त 2003 को झवेरी बाजार और गेटवे ऑफ इंडिया के पास कारों में रखे दो बमों के फटने से 50 लोगों का मारा जाना हमें आज तक कुरेदता है। मोदी सरकार से पहले देश की राजधानी दिल्ली भी हमेशा आतंकियों के निशाने पर रही। 13 दिसम्बर 2001 को संसद पर हुआ हमला देश की संप्रभुता पर हमला था। नई दिल्ली में 29 अक्टूबर 2005 को दिवाली से एक दिन पहले आतंकियों ने तीन विस्फोट किए, जिसमें 70 से अधिक लोग मारे गए और कम से कम 250 अन्य लोग घायल हो गए। मैं पिछले 55 सालों से दिल्ली में रह रहा हूं। मैंने दिल्ली की शांति देखी है तो दुर्भाग्य से अशांत दिनों का साक्षी भी बनना पड़ा है। पिछले करीब चार दशकों में दिल्ली ने न जाने कितने आतंकी हमले झेले हैं। आए दिन बम विस्फोटों से दिल्ली का दहल जाना आज भी हिला देता है। केवल दिल्ली और मुम्बई ही क्यों, जयपुर, अजमेर, मालेगांव, श्रीनगर, अहमदाबाद, बेंगलुरू, रामपुर, हैदराबाद, कोयंबटूर, वाराणसी समेत देश के तमाम राज्यों के बड़े शहरों में आतंकियों के नापाक मंसूबे कामयाब होते रहे।

# अपनी त्वचा को तेज गर्मी से कैसे बचाएं?

**विजय गर्ग**

**जैसा कि** हम सभी अच्छे से जानते हैं कि बदलते मौसम का असर हमारी त्वचा और बालों पर हमेशा पड़ता है कामकाजी पुरुषों और विशेषकर महिलाओं को मौसम की मार अधिक स्वीकार करनी पड़ती है आज हम भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं यह स्वाभाविक है कि सर्दी और गर्मी का असर हमारी त्वचा पर पड़ता है इसलिए यह बहुत जरूरी है कि हम अपनी त्वचा को अत्यधिक गर्मी से बचाकर रखें अपने शरीर को सूरज की सीधी किरणों से बचाना और भी जरूरी है जितना संभवहमें अपने शरीर को तेज धूप से बचाना चाहिए जब भी आपको दोपहर के समय ऑफिस या अन्य कार्यस्थल से बाहर जाना हो तो उचित कपड़े पहनना बहुत जरूरी है। इस बीच हमें खान-पान का भी ख्याल रखना चाहिए हो सके तो घर का खाना खाएं और बाहर का खाना खाने से बचें आपके पास पानी तो होना ही चाहिए बालों की देखभाल के साथ-साथ यह ज्यादा जरूरी है कि हम अपनी त्वचा को तेज गर्मी से कैसे बचाएं क्योंकि आजकल बहुत गर्मी पड़ रही है और तापमान 42 डिग्री से ऊपर चल रहा है।सूरज उगते ही तेज धूप को सहना बहुत मुश्किल हो गया है और हमारी त्वचा भी जलने लगी है। ऐसे में जरूरी है कि हम किसी भी तरह से अपनी त्वचा की रक्षा करें गर्मियों में घर से निकलने से पहले अच्छा खाना खाएं और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हो सके तो पानी की बोतल अपने पास रखें। आपका आहार विटामिन सी से भरपूर होना चाहिए यह आहार आपको गंभीर मौसम के प्रकोप से बचाने में मदद करेगा इसके अलावा पर्याप्त मात्रा में पानी भी आपकी त्वचा के लिए अच्छा होता हैयह शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है यह आपके शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है नारियल और तरबूज जैसी चीजें लें गर्मी से बचने के लिए आप नारियल का जूस, तरबूज आदि का सेवन कर सकते हैं इसके अलावा हरी पत्तेदार सब्जियां भी अधिक मात्रा में लेनी चाहिए जो आपके शरीर को ठंडा रखने में मददगार साबित हो सकती हैं। इसके अलावा हफ्ते में एक बार अपने शरीर की मालिश जरूर करें इससे शरीर में रक्त संचार उचित मात्रा में होगा जो फायदेमंद है।

# हेपेटाइटिस-सी कर सकता है दिल को भी बीमार



**विश्व** स्वास्थ्य संगठन ने हेपेटाइटिस-बी और सी को खत्म करने के लिए वैश्विक योजना बनाई है।

यह सच है कि हेपेटाइटिस-सी से लोगों के लिवर खराब होने का खतरा होता है। एक अध्ययन के मुताबिक, हेपेटाइटिस-सी का संक्रमण फैल कर दिल के लिए भी समस्या पैदा कर सकता है। अध्ययन इस बात के मजबूत प्रमाण देते हैं कि हेपेटाइटिस-सी से दिल की प्रणाली को नुकसान पहुंच सकता है।

एक विशेषज्ञ के मुताबिक लंबे समय से हेपेटाइटिस-सी से पीड़ित लोगों की रक्त धमनियों में चर्बी और कैल्शियम जम सकता है। उन्होंने बताया कि इसे एरोसिलेसोरिसस कहा जाता है, जो दिल के दौरे और स्ट्रोक की शुरु आत है। इस बात के कारण का तो पता नहीं है कि संक्रमण से धमनियों में जमाव क्यों होने लगता है, लेकिन इस बात के प्रमाण काफी मजबूत हैं कि हेपेटाइटिस-सी के मरीजों में दिल के रोगों संबंधी लक्षणों की जांच होनी चाहिए।

वह कहते हैं कि यह अहम है कि ऐसे मरीजों के लिवर की जांच जरूर हो, लेकिन इसके साथ ही डॉक्टर को दिल के रोगों की जांच भी लगातार करते रहनी चाहिए. कोलेस्ट्रॉल और ग्लूकोज जैसी सालाना जांच, ब्लडप्रेशर की जांच और जीवनशैली से जुड़ी आदतें काफी मददगार साबित होती हैं।

हेपेटाइटिस-सी रक्त के जरिए फैलने वाले वारयस से होने वाला संक्रमण है, जिसकी गंभीरता कई सप्ताह से लेकर जीवनभर तक रह सकती है। असुरक्षित सूई, मेडिकल उपकरणों के उचित स्टेरलाइजेशन न होने



और बिना जांच के रक्त या रक्त तत्व चढ़ाने से हेपेटाइटिस सी हो सकता है।

इससे पीड़ित लोगों को लिवर सिरोसेस या लीवर कैंसर हो सकता है। वैसे तो 90 प्रतिशत मामलों में इस संक्रमण का इलाज एंटीवायरल दवाओं से हो सकता है, लेकिन हेपेटाइटिस-सी का कोई वैक्सीन नहीं है.

विशेषज्ञ ने बताया कि जिन लोगों में हेपेटाइटिस-सी मौजूद हो, उनमें रक्त धमनियों के जाम होने की संभावना 50 प्रतिशत तक बढ़ जाती है. अगर संक्रमण का अच्छे से ध्यान ना रखा जाए तो पूरे शरीर में सूजन फैल सकती है, जिससे रक्त धमनियों के क्षतिग्रस्त होने और दिल की समस्याएं होने का खतरा बढ़ सकता है।

वह कहते हैं कि अगर जांच और इलाज वक्त पर शुरू हो जाए तो हेपेटाइटिस-सी को सेहत पर बिना किसी गंभीर प्रभाव के आसानी से संभाला जा सकता है. यह जरूरी है कि पीड़ित व्यक्ति को डॉक्टर से इस बारे में खुलकर बात करनी चाहिए कि संक्रमण के प्रभावों से लिवर और दिल की पण्ाली को बचाने के लिए क्या किया जाए।

उनका सुझाव है कि दिल के रोग से बचने के लिए संतुलित ब्लडप्रेशर और रक्त में चर्बी का अनुपात बनाए रखना जरूरी है, लेकिन जिसे हेपेटाइटिस-सी हो, उसके लिए और बहुत कुछ करना जरूरी हो जाता है। हेपेटाइटिस-सी के वायरस के प्रभाव को कम करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

इस समय पूरी दुनिया में लगभग 40 करोड़ लोग वायरल हैपेटाइटिस से पीड़ित हैं। लिवर की यह बीमारी एचआईवी, मलेरिया और टीबी से भी ज्यादा मौतों के लिए जिम्मेदार है। हर साल हेपेटाइटिस से 10.4 लाख लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। लेकिन सावधानी बरत कर हेपेटाइटिस को रोका जा सकता है। वर्ष 2014 की वर्ल्ड हेल्थ एसेम्बली में 194 सरकारों ने वायरल हेपेटाइटिस की रोकथाम, जांच और इलाज के मसले को हल करने के लिए नियंतण्र स्तर पर जागरु कता फैलाने पर अपनी सहमति दी थी।

**कुछ सुझाव हैं-**

- शराब से परहेज करें, क्योंकि इसके कारण वायरस तीव्र हो जाता है।
- एंटीवायरल कॉम्बीनेशन थैरेपी से लगभग 50 फीसदी लोग वायरस पर जीत हासिल कर लेते हैं।
- एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ सेल्स को सेहतमंद रखें।

डा. अग्रवाल कहते हैं कि संक्रमण को खुला छोड़कर दिल को प्रभावित करने देने की बजाय इसे रोकने के तरीकों पर काम करना आवश्यक है। साथ ही हेपेटाइटिस-सी के वायरस को रोकना लिवर और दिल दोनों के लिए फायदेमंद होगा।

# खनिज पदार्थों से भरपूर सूरजमुखी बीज

**हम** अपने को स्वस्थ रखने के लिए हर चीज अपनाते हैं। शरीर स्वस्थ है तो हर चीज अच्छी लगती है और शरीर बीमारी से ग्रस्त है तो जीवन निरस सा प्रतीत होता है। शरीर को स्वस्ता प्रदान करने के लिए न जाने हमने कितने ही चीजों का जीवन में प्रयोग किया होगा, पर अब आप इनमें सूरजमुखी के बीजों को भी प्रयोग भी करें। सूरजमुखी के बीज खाने के कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। इनके बीजों में काफी सारा विटामिन ''ई' तथा अन्य खनिज पदार्थ होता है, जो सिर से ले कर पांव तक फायदा पहुंचाते हैं। इन दिनों लोग खुद को स्वस्थ रखने के लिए अलसी, कद्दू, तिल और सूजरमुखी के बीजों का सेवन करने लगे हैं। ये बीज न केवल स्वादिष्ट होते हैं बल्कि इन्हें खाने से पोषण भी मिलता है और यह पेट भी भरते हैं। सूरजमुखी के बीजों को खाने से हार्ट अटैक का खतरा कम होता है, कोलेस्ट्रॉल घटता है, त्वचा में निखार आता है तथा बालों का ग्रोथ होता है।

**सूरजमुखी के बीज खाने के स्वास्य लाभ**



**1. दिल को रखे स्वस्थ :** इनके बीजों में विटामिन ''सी' ह़ोता है जो कि दिल की बीमारी को दूर रखने में मदद करता है। साथ ही इसमें मौजूद विटामिन ''ई' कोलेस्ट्रॉल को खून की धमनियों में जमने से रोक कर हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा टालता है। एक चौथाई कप सूरजमुखी के बीज 90 फीसदी तक का रोज विटामिन ''ई' प्रदान करता है।

**2. कोलेस्ट्रॉल घटाए :** इनमें मोनो और पोलीसैच्युरेटेड फैट्स होते हैं, जो कि एक अच्छे फैट माने जाते हैं। यह खराब कोलेस्ट्रॉल को घटाने का काम करते हैं। इसके अलावा इनमें ढेर सारा फाइबर भी होता है जो कोलेस्ट्रॉल को घटाता ह।

**3. पेट ठीक रखे :** बीज में काफी सारा फाइबर होता है जिससे कब्ज की समस्या ठीक हो जाती है।

**4. कैंसर से बचाव :** इसमें विटामिन ''ई', सेलियम और कॉपर होता है, जिसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। रिसर्च द्वारा कहा गया है कि यह पेट, प्रोस्ट्रेट और ब्रेस्ट कैंसर से रक्षा करता है।

**5. त्वचा निखारे :** सूरजमुखी के बीज का तेल त्वचा की नमी बनाए रखने के रूप में अच्छी तरह से बैक्टीरिया के खिलाफ रक्षा करता है।

**6. हड्डी मजबूत बनाए :** इसमें मैग्नीशियम की भी अधिक मात्रा होती है, जिससे हड्डियों में मजबूती आती है। इसके साथ ही यह हड्डियों के जोड़ों में लचीलापन तथा मजबूती लाता है। गठिया और सूजन के लिए इसमें मौजूद विटामिन ''ई' काफी लाभदायक है।

**7. त्वचा रोग दूर करे :** सूरजमुखी बीज के तेल में फैटी एसिड होते हैं जो कि त्वचा को बैक्टीरिया से बचा कर एक्ने होने से रोकता हैं। सूरजमुखी तेल एक्जिमा और डर्मेटाइटिस की बीमारी से बचाता है।

**8. दिमाग के लिए अच्छा :** यह आपके दिमाग को शांत रखता है। इसमें मौजूद मैग्नीशियम दिमाग की नसों को शांत करता है तथा स्ट्रेस और माइग्रेन से छुटकारा दिलाता है।

**9. हेयर ग्रोथ :** जिंक से भरे बीज आपके बालों को बढ़ाते हैं। हांलाकि अत्यधिक जिंक के सेवन से बाल झड़ने की समस्या काफी ज्यादा बढ़ सकती है। इसमें मौजूद विटामिन ''ई', सिर में ब्लड सकरुलेशन कर के बालों की ग्रोथ करता है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-6-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

## लॉफिंग ज़ोन

नाना ने कुछ बड़े हो गए नाती को गुर की बात समझाते हुए कहा- 'बेटा अब कोई काम धन्धा जमा लो, बेकार फिरना अच्छी बात नहीं। जब मैं तुम्हारी उम्र का था तो मैंने दुकान में 50 रूपये की नौकरी की थी। फिर छः साल बाद उतनी ही बड़ी दुकान बना ली थी।'

नाती से रहा न गया । बोल पडा- 'नाना जी, अब वे जमाने लद गए। अब वैसी तिकड़म नहीं चलती। हर जगह कायदे के अनुसार हिसाब-किताब रखा जाता है।'

□ □ □

बस में सफर कर रही एक लड़की ने एक हाथ में किताबें पकड रखी थीं तथा दूसरे हाथ में बस का डंडा था।

कण्डक्टर- टिकट ले लो।

लडकी-देखते नहीं, मेरे हाथ खाली नहीं है।

कण्डक्टर- एक चीज मुझे दे दो।


लड़की - तो पकड लो बस का डंडा।

□ □ □

एक बच्चा रात को देर से घर गया। मां ने पूछा-'कहां थे अब तक' 'जी मैं फिल्म देखने गया था, मां का प्यार।'


मां ने कहा-'जाओ ऊपर बाप का गुस्सा भी देखो।'

## काकुरो पहेली - 4062




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 4061 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4062



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंन्द्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्बाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली-4061



## सूडोकु -4062


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4061 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्द पहेली -4062




**बाएँ से दाएँ**

1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**

1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

शब्द पहेली -4061 का हल



## न्यूज फ्लैश

### सफीदों गोली कांड के मामले में गोली चलाने वाला मुख्य आरोपी को पुलिस ने दबौचा

**जींद पुलिस/टीम एक्शन इंडिया**
सफीदों शहर में मोबाइल की दुकान पर गोली चलाने के आरोप में एक ओर आरोपी को काबू किया है जिसने सफीदों में दुकान पर गोली चलाई थी। काबू किए गए आरोपी की पहचान रितिक हैदर नगर, जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सफीदों गोली कांड के मामले में पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार के मार्गदर्शन में जिला पुलिस लगातार काम कर रही है जिसके परिणाम स्वरूप मोबाईल की दुकान पर गोली चलाने के मामले में पुलिस ने कड़ी-दर-कड़ी जोड़ते हुए गोली चलाने का मुख्य आरोपी रितिक को भी पुलिस ने सफीदों के खानसर चौक से काबू कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
आरोपी को आज अदालत में पेश करके एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। जिस दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ अमल में लाई जाएगी व इस मामले में अन्य किसी व्यक्ति की संलिप्तता होने बारे पता लगाया जाएगा।
ज्ञात रहे कि दिनांक 13 मई के दिन पुलिस को सफीदों शहर के अंदर एक गोली चलने की वारदात बारे सुचना मिली कि 7वीके कम्युनिकेशन के नाम से एक मोबाइल की दुकान है जिसमें कुछ नकाबपोश युवकों ने दुकान के ऊपर फायरिंग की थी जिस संबंध में थाना शहर सफीदों में भारतीय दंड संहिता की धारा 307,387,506,34, 120बी व 25-54-59 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार द्वारा जिले की विभिन्न टीमों का गठन करके आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने बारे दिशा निर्देश जारी किए जिनकी पालन करते हुए जिला की टीमों ने एकजुट होकर कार्य करते हुए तीन आरोपियों को वारदात के महज 24 घंटे से पहले पकड़ने में कामयाबी हासिल की थी पहले पकड़े गए आरोपी कमल वासी साहनपुर जिला जीन्द, सागर निवासी पुरानी चुंगी गउशाला रोड सफीदो, राकेश उर्फ मिड्डा वासी गांव नगुरां जिला जीन्द जो इस मामले के मुख्य साजिशकर्ता थे इसके बाद पुलिस ने अजय वासी मुआना, षीसन वासी राहडा जिला करनाल व सौरभ वासी नांगल पिटारा, उतर प्रदेष को गिरफतार किया था।

### मतदान करवाने में महिला अधिकारियों व कर्मचारियों की रहेगी विशेष भूमिका

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव को संपन्न करवाने में नारी शक्ति की विशेष भूमिका रहेगी। जिला में पोलिंग पार्टियों में नियुक्त किए गए 2270 पोलिंग पार्टी स्टाफ में 710 महिला अधिकारी व कर्मचारी हैं। इनके अलावा सखी बूथों पर अलग से महिला अधिकारी व कर्मचारी मतदान संपन्न करवाएंगी। कि जिला में लोकसभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने को लेकर कुल 5080 अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी देंगे।
चुनाव प्रक्रिया के लिए 2270 पोलिंग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई। इनमें से 710 महिला अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हैं जो मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाती नजर आएंगी। वहीं दूसरी ओर जिला में बनाए गए छह सखी बूथों पर 24 महिला अधिकारी एवं कर्मचारी अलग से ड्यूटी देंगी।
महिला अधिकारियों व कर्मचारियों के चुनाव में ड्यूटी देने की बात की जाए तो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जींद में 186 महिलाएं, जुलाना में 145, नरवाना में 128, सफीदों में 103 व उचाना कलां में 148 महिला अधिकारी एवं कर्मचारी लोकसभा आम. चुनाव 2024 को सम्पन्न करवाने में अपनी भूमिका निभाएंगी।
जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम चुनाव में जिला में 1135 पीओ, 1135 एपीओ की डयूटियां निर्धारित की गई हैं।

### सरकार की गलत नीतियों के चलते बिजली कर्मचारी परेशान : धर्मबीर भंभेवा

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन हेड आफिस हिसार सर्कल की कन्वेंशन जाट धर्मशाला में सर्कल सचिव धर्मबीर भम्भेवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कन्वेंशन का संचालन जींद यूनिट प्रधान राकेश ईक्कस ने किया।
कन्वेंशन को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान सुरेश राठी ने कहा कि आज पूरे हरियाणा के बिजली कर्मचारी हरियाणा सरकार की गलत नीतियों से परेशान हैं।

# आप ने चुनाव अधिकारियों की धांधली का जनता के सामने पर्दाफाश किया: ढांडा

### *डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में आप प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा की कैथल, काकौत और सौंगल में जनसभा*

**जनसभा**

**▶▶*चुनाव अधिकारी की सतबीर गोयत पर एफआईआर झूठ का पुलिंदा: अनुराग ढांडा***



**कलायत/कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कैथल और कलायत के गांव काकौत और सौंगल में जनसभा की। उन्होंने कहा कि चुनाव अधिकारी की आप नेता सतबीर गोयत पर एफआईआर झूठ का पुलिंदा है। आम आदमी पार्टी ने चुनाव अधिकारियों की धांधली का जनता के सामने पदार्फाश कर दिया है। हरियाणा में हर जगह बीजेपी उम्मीदवारों का विरोध हो रहा है। आज हरियाणा के किसी गांव में बीजेपी उम्मीदवारों को घुसने नहीं दिया जा रहा।उन्होंने कहा कि वोटिंग से पहले ही नवीन जिंदल हताश हो चुके हैं। जनता बीजेपी को पूरी तरह से नकार चुकी है। उन्होंने कहा वोट काटने के लिए कुरुक्षेत्र आए अभय चौटाला मैदान छोड़ कर जा चुके हैं। कुरूक्षेत्र लोकसभा में जनता उनकी जमानत जब्त करवाएगी, वहीं इसके बाद उनकी ऐलनाबाद से भी हार तय है। लोकसभा चुनाव में इनेलो को सभी सीटों पर जमानत जब्त होगी। उन्होंने कहा कि जनता बीजेपी की कारगुजारियों को भूलेगी नहीं। किसानों पर चली एक एक लाठी का बदला जनता वोट की चोट से लेने के लिए तैयार है। ये प्रदेश के लोगों को याद है कि अपने मान सम्मान की लड़ाई लड़ रही हमारी बहन बेटियों को सड़कों पर घसीटा गया। जिस सरकार की नजर में बहन बेटियों के मान सम्मान की कोई इज्जत नहीं उस सरकार को उखाड़ फेंकना चाहिए। ये चुनाव बेटियों के मान सम्मान की लड़ाई है। इसलिए हरियाणा ही नहीं देश से बीजेपी का सूपड़ा साफ करना जरूरी है।
उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शानदार स्कूल बनाकर हर गरीब के बच्चे को पढ़ाई अधिकार दिया है।

## कांग्रेस के पास न कोई नेता और न कोई नीति: कंवर पाल



**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के कृषि मंत्री कंवर पाल ने बुधवार को जगाधरी शहर के कल्याण नगर,सरस्वती कालोनी ,झंडा चौंक और पंसारी बाजार में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को भारी मतों से जिताने और प्रदेश की 10 लोकसभा पर कमल का फूल खिलाने का आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस को जमकर घेरा।
कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस झूठों की पार्टी है। उसने हमेशा लोगों से झूठ बोलकर वोट हथियाने का काम किया है। कांग्रेस के पास न नीति है और न ही नेता ये लोगों को बरगला रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल कहते हैं कि एक झटके में गरीबी खत्म कर देंगे, लेकिन कैसे इसके बार में उन्होंने कुछ नहीं बताया। कांग्रेस सिर्फ अपने वोट बैंक की राजनीति करती है। उसे प्रदेश और देश के विकास से कुछ लेना देना नहीं है।

## चुनावी रैली में पैदल जा रहे पांच लड़कों को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

**पलवल/टीम एक्शन इंडिया**
मलाई गांव से पैदल ही एक चुनाव रैली में उटावड़ मोड की तरफ जा रहे पांच बच्चों को बुधवार को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इससे एक लड़के की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। घटना के बाद कार ड्राइवर कार को मौके पर छोडकर फरार हो गया। उटावड़ थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर कार के अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
जानकारी के अनुसार मलाई गांव निवासी सद्दीक ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह और उसका बेटा जैद तथा जैद के दोस्त अरमान, हमीन, आशिक और साहिल मलाई गांव से पैदल ही उटावड़ मोड की तरफ एक रैली में जा रहे थे। उसने बताया कि वह बच्चों को एक पेड की छाया में खड़ा पीने के लिए पानी लेने चला गया। उसी दौरान




अचानक उटावड़ मोड़ की तरफ से तेज रफ्तार से एक कार का ड्राइवर गाड़ी को लापरवाही से चलाता हुआ आया। कार ड्राइवर ने पेड़ की छाया में खड़े बच्चों को जोरदार टक्कर मार दी। उसके बेटे जैद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके चार साथी घायल हो गए। घटना के बाद कार ड्राइवर कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया, जबकि घायलों को अस्पताल भिजवा दिया।

## पालतू कुत्ते ने महिला को काटा

**पलवल/टीम एक्शन इंडिया**
पलवल में घर से अपने प्लाट पर गोबर लेकर जा रही महिला के पीछे पालतू कुत्ता छोड़ने का मामला सामने आया है। कुत्ते ने इसके बाद महिला को काट लिया। सदर थाना पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर 2 महिलाओं सहित 4 के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।
मिली जानकारी के अनुसार अहंरवा गांव निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी पत्नी नीरज अपने घर से पडोस में गोबर लेने के लिए जा रही थी।
उसी दौरान रास्ते में गांव के ही निवासी दिनेश ने एक कुत्ता, जो उनका पालतू है, उसे उसकी पत्नी की तरफ छोड़ दिया। कुत्ते ने उसकी पत्नी को काट लिया और जमीन पर गिरा दिया।

## किसानों ने किसी प्रत्याशी को समर्थन देने की बात को नकारा

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
फरीदाबाद जिले के मोहना गांव में धरने पर बैठे पांच गांव के किसानों ने किसी भी राजनीतिक पार्टी को समर्थन देने को लेकर साफ मना कर दिया। धरना दे रहे किसानों ने बुधवार को कहा कि किसान किसी भी पार्टी का समर्थन नहीं करते।
दरअसल राजनीतिक गलियारों में यह आवाज चल रही है कि धरना कमेटी ने कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप को समर्थन दे दिया है। इस समर्थन पर पूछे गए सवाल पर धरना कमेटी के अध्यक्ष और सभी लोगों ने दो टूक मना कर दिया है, साथ ही उन्होंने बकायदा चुनाव आयोग में एक लेटर लिखकर यह साफ किया है कि वह किसी भी



पार्टी या उम्मीदवार का समर्थन नहीं करते।बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए धरना कमेटी ने बताया कि यह धरना पांच गांव के ग्रामीणों की तरफ से चलाया जा रहा है। मोहना गांव पर ग्रीन एक्सप्रेस-वे पर उतार-चढ़ाव की मांग को लेकर वह पिछले 7-8 महीने से धरने पर बैठे हैं। उनके पास सभी राजनीतिक पार्टियों के लोग आ रहे हैं। परंतु अभी तक कमेटी ने किसी भी पार्टी या उम्मीदवार को कोई भी समर्थन नहीं दिया है।
ऐसे में कुछ लोग धरने को लेकर राजनीति कर रहे हैं। जो बिल्कुल गलत है ऐसे में धरना कमेटी किसी भी पार्टी के समर्थन को स्वीकार नहीं करती। इस बात को लेकर धरना कमेटी की ओर से एक लेटर चुनाव आयोग को लिखा गया है।

## भाजपा की स्टार प्रचारक वानती श्रीनिवासन ने कालका में निकाला भव्य रोड शो

**रोड शो**

**▶▶ उमड़े जनसैलाब ने बता दिया कि एक बार फिर बन रही है मोदी सरकार : वानती श्रीनिवासन**



**पंचकूला/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कालका में रोड शो करके शक्ति प्रदर्शन किया। भाजपा की स्टार प्रचारक एवं महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती वानती श्रीनिवासन ने कालका में अंबाला लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में भव्य रोड शो निकाला और लोगों से कमल के फूल पर वोट देने की अपील की। इस रोड शो में महिला मोर्चा ने जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लेते हुए जमकर भारत माता की जय, मोदी जिंदाबाद, जय भाजपा तय भाजपा के नारे लगाए। युवाओं, महिलाओं और हजारों की संख्या में कार्यकताओं ने भी रोड शो में भाजपा के झंडे लहराते हुए जय श्रीराम के नारे लगाए। रोड शो के दौरान स्टार प्रचारक वानाथी श्रीनिवासन ने युवाओं और महिलाओं में जोश भरते हुए कहा कि यह चुनाव युवाओं का उल्लवल भविष्य तय करेगा। श्रीनिवासन ने ऑस्कर रिजोर्ट से काली माता मंदिर तक रोड शो निकाला। इस दौरान उनके साथ भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया, जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व विधायक लतिका शर्मा, कालका विधानसभा चुनाव प्रभारी विशाल सेठ, विधानसभा संयोजक विनोद सावर्णी मौजूद रहे। भीषण गर्मी के बीच रोड शो के दौरान जगह-जगह फूल मालाओं और फूल बरसाकर रोड शो में श्रीनिवासन का स्वागत किया गया। इस मौके पर श्रीमती श्रीनिवासन ने लोगों से आह्वान किया कि वे आने वाली 25 मई को बंतो कटारिया को बड़े मार्जन से जीत दिलाकर दिल्ली भेजें। श्रीमती कटारिया आपकी आवाज उठाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार तेज गति से विकास कर रहा है। दुनिया में भारत का नाम बढ़ा है।रोड शो के दौरान वार्ड नम्बर 18 के बब्ली रावत अपने सैकड़ों साथियों के साथ भाजपा में शामिल हुए। बब्ली रावत नगर परिषद चुनाव में वार्ड नंबर 18 से चुनाव भी लड़ चुके हैं। रोड शो के बाद अंबाला लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती बंतो कटारिया ने माँ काली के दरबार में माथा टेका और जीत के लिए आशीर्वाद माँगा।
श्रीनिवासन ने कहा कि भीषण गर्मी में उमड़े जनसैलाब ने तय कर दिया है कि भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया की जीत तय है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं।
उन्होंने कहा कि रोड शो में शामिल नारी शक्ति और युवा शक्ति ने बता दिया है कि बंतो कटारिया भारी बहुमत से जीतकर पीएम मोदी की ताकत बनेंगी।

## जीन्द की नशा मुक्ति टीम ने चैपडा पत्ती नरवाना में लगाया नशा मुक्ति कैंप

**जीन्द /टीम एक्शन इंडिया**
कैंप के दौरान नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशा छोड़ने की दवाई खिलाई व शुरू किया ईलाज। डॉक्टरों की टीम रही मौजूद।
हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, डॉ एम. रवि किरण के मार्गदर्शन हिसार मंडल को ड्रग मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे व्यापक अभियान के तहत उनकी ड्रग मुक्ति टीम ने शहर नरवाना की चैपडा पत्ती के बाल निकेतन स्कूल में एक दिवसीय नशा मुक्ति कैंप लगाया गया है। टीम के इंचार्ज हिसार रेंज के पुलिस प्रवक्ता सज्जन कुमार, एसआई नरेश कुमार ने नरवाना के प्रबुद्ध लोगों के साथ-साथ मिलकर कैंप की शुरूआत की। सभी शहर वासियों ने एडीजीपी हिसार मंडल द्वारा समाज भलाई के लिए किये जा रहे उत्तम कार्यो के लिए आभार व्यक्त किया। शिविर में शहर नरवाना के 26 व्यक्ति जो नशा पीड़ित थे को दवाई दी गई।
हिसार मंडल नशा मुक्ति टीम प्रभारी सज्जन सिंह ने बतलाया की टीम ने शहर नरवाना मे डोर टू डोर सर्वे कर अब तक 26 लोगों की पहचान की है जो ड्रग की लत से प्रभावित है सभी 26 युवाओं ने उपचार के लिए अपना स्वेच्छा से उपचार शुरू करवाया ।
नशा मुक्ति कैंप में आयुष विभाग की डॉक्टर सोनिया व फार्मासिस्ट अनीता ने नशा पीड़ित मरीजों की काउंसलिंग व उपचार शुरू किया। नषा मुक्ति टीम ने नरवाना मे नोबल एकेडमी में छात्रों को नशे के दुष्परिणाम के बारे अवगत करवाया। उन्होने कहा कि अपने भाई बहनों व आस पड़ोस के लोगों को नशे से दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित करें। यदि कोई व्यक्ति नशे की चपेट में है तो हमारी टीम को सूचित करें जिससे उसका इलाज हो सके ओर उसकी जान बचाई जा सके।

## जेई को ब्लैकमेल करने वाली महिला काबू, अदालत ने भेजा जेल

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
दोस्तों के साथ मिल जेई को दुष्कर्म मामले में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने की आरोपित महिला को सिविल लाइन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की गई महिला को अदालत में पेश किया गया जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।शहर थाना इलाके के एक जेई ने 20 मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि कुछ लोगो ने उसे हन्नी ट्रेप में फांस ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपितों ने रेप केस में फंसाने की धमकी दे 12 लाख रुपये की डिमांड की और उससे तीन खाली चैक ले लिए। पुलिस ने जेई की शिकायत पर तीन लोगों को नामजद कर अज्ञात महिला तथा उसके पति के खिलाफ अवैध वसूली, ब्लैकमेल करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज की तीनों नामजद लोगों को काबू कर लिया था।

## मोदी सरकार ने भारत को विश्वपटल पर किया मजबूत: धामी

**चंडीगढ़/फरीदाबाद,**
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आंतरिक रुप से मजबूत हुआ है। मोदी सरकार ने ऐसे अनेकों ऐतिहासिक फैसले लिए हैं जिनसे भारत विश्वस्तर पर मजबूत बनकर उभरा है। कश्मीर से धारा 370 समाप्त करवाकर इसे भारत का अभिन्न अंग बनाया, सीएए लाना, तीन तलाक हटाना हो या फिर 500 वर्षो से लंबित राममंदिर का निर्माण करवाकर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करवाना हो, ऐसे कार्यो को करने की हिम्मत सिर्फ पीएम



नरेंद्र मोदी द्वारा ही दिखाई गई। श्री धामकी ने कहा कि जिस भारत की पहचान 2014 से पहले पिछलग्गू और दब्बू किस्म के रुप में होती थी, उस भारत को आज विश्व में सुपर पॉवर के रुप में उभारने का काम भी मोदी जी द्वारा किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी आज पूर्वमंत्री करतार सिंह भड़ाना एवं युवा भाजपा नेता मनमोहन भड़ाना द्वारा भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में अनंगपुर में आयोजित ह्यविजय संकल्प रैलीह्न में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके मुख्य रुप से उत्तराखंड सरकार में मंत्री विनय रोहिल्ला, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षामंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा, पूर्वमंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक राजेश नागर, बच्चन सिंह आर्य, पूर्व विधायक बलराम तंवर, तेजपाल तंवर, अतर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा मौजूद थे। इस दौरान पूर्वमंत्री करतार सिंह भड़ाना, युवा भाजपा नेता मनमोहन भड़ाना व लोकसभा क्षेत्र से आए मौजिज सरदारी ने सभी अतिथियों का सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर एवं फूल मालाओं से स्वागत किया।

# कांग्रेस ने हमेशा जनता की आंखों में धूल झोंकी और धोखा दिया है: केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**संकल्प रैली**

**▶▶कांग्रेस झूठी और गुमराह करने वाली पाटी, मोदी के नेतृत्व में भारत की पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में बनी है**

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश भर में नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यो के बूते पर फिर से केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की पहचान दुनिया में एक सशक्त राष्ट्र के रूप में बनी है। केंद्रीय रक्षामंत्री बुधवार को भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में भिवानी में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। यहा रक्षामंत्री ने कांग्रेस को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रही है। श्री सिंह ने इस मौके पर भिवानी-महेंद्रगढ़ से भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह को जिताने की अपील की। विजय संकल्प रैली की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने की तथा संचालन पारस डालमिया ने किया।
रैली में पहुंचने पर चौ. धर्मबीर सिंह, वित्त मंत्री जेपी दलाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री विशंबर वाल्मीकि, विधायक घनश्याम सर्राफ, जिला अध्यक्ष मुकेश गौड, लोकसभा संयोजक शंकर धूपड़ ने संयुक्त रूप से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। वहीं रैली के दौरान अधिवक्ता




ठाकुर अजीत सिंह, पूर्व डीजीएम ठाकुर अजीत सिंह, ठाकुर बृजपाल परमार, ओमवीर तंवर ने पगड़ी पहनाकर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ का स्वागत किया। इससे पूर्व स्थानीय पुलिस लाईन में हेलीकॉप्टर से उतरने पर अनेक कार्यकताओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सभी नेताओं और पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं का परिचय भी लिया।
विधायक घनश्याम सर्राफ के संयोजन में आयोजित विजय संकल्प रैली में बोलते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में मजबूत हुए भारत की ताकत का कमाल है कि पाकिस्तान की संसद ने भी माना है कि पुलवामा हमला पाकिस्तान ने कराया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री ने उरी व पुलवामा हमले को स्वीकार किया था।
राजनाथ सिंह ने कहा कि कभी भी लक्ष्मी जी हाथ हिलाते, झाड़ू लगाते हुए या हाथी पर बैठकर आते नहीं देखा होगा। लक्ष्मी जी हमेशा कमल पर बैठकर आती है और हाथ में भी कमल का फूल लेकर आती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने बड़े सोच समझकर चुनाव चिह्न चुना है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे एक बार फिर से मोदी सरकार को लाना है, ताकि देश को विश्व में सबसे ताकतवर और सबसे धनवान देश बनाया जा सके।
आम आदमी पार्टी को घेरते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपने गुरू अन्ना हजारे को भी धोखा दिया है। आंदोलन के समय केजरीवाल ने कहा था कि मैं राजनीतिक पार्टी नहीं बनाउंगा और ना ही चुनाव लडूंगा, लेकिन केजरीवाल ने पार्टी भी बनाई और चुनाव भी लड़ा और अब शराब घोटाला में आरोपी भी है।
केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि जिस नेता के मन में जनता के प्रति नीयत में कोई खोट नहीं होगा वह नेता जनता की आंखों में आंखें डालकर बात करते हैं, मुंह फेर कर बात नहीं करते। विपक्षी पार्टी ने हमेशा जनता की आंखों में धूल झोंकी है, उनके साथ दगा किया है। कांग्रेस की नीति और नीयत दोनों में खोट है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अनुसूचित जाति के आरक्षण के समाप्त करने की अफवाह फैला रही है और लोगों को भ्रमित कर रही है। वन नेशन और वन इलेक्शन पर बोलते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन को लागू किया जाएगा और इसका खाका तैयार हो चुका है।
भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ना केवल 2024, बलिक 2029 में भी देश का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर झूठी ब्यानबाजी का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस आरक्षण खत्म करने की झूठी बात फैला रही है, जबकि हकीकत यह है कि भारत का संविधान खत्म करने की ताकत किसी में नहीं है।

## ईडी का डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के ठिकानों पर छापा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के ठिकानों पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी धनशोधन जांच के तहत मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के परिसरों की तलाशी ले रही है। ईडी की यह कार्रवाई केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से हाल ही में दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है। इससे पहले सीबीआई ने फरवरी में 1982 बैच के आईएएस रमेश अभिषेक के यहां छापेमारी की थी। सीबीआई और ईडी ने उनकी बेटी वानेसा के खिलाफ भी मामले दर्ज किए हैं।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.45 डॉलर यानी 0.54 फीसदी की गिरावट के साथ 83.26 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.48 डॉलर यानी 0.60 फीसदी लुढ़ककर 79.32 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## आरबीआई विश्व भारत आर्थिक उन्नति के शिखर पर

**नई दिल्ली।** विश्व भारत को आर्थिक उन्नति के शिखर पर देखता है- आरबीआईआरबीआई जारी आरबीआई के मासिक बुलेटिन के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह आशावाद बढ़ रहा है कि भारत लंबे समय से प्रतीक्षित आर्थिक प्रगति के शिखर पर है। जारी आरबीआई के मासिक बुलेटिन के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह आशावाद बढ़ रहा है कि भारत लंबे समय से प्रतीक्षित आर्थिक प्रगति के शिखर पर है। इसमें कहा गया है कि हालिया संकेतक कुल मांग की गति में तेजी की ओर इशारा कर रहे हैं और ग्रामीण खर्च में सुधार के संकेत से गैर-खाद्य खर्च में बढ़ोतरी हो रही है। आरबीआई बुलेटिन बताता है कि 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि को लगभग 2 प्रतिशत अंक तक संशोधित करते हुए, आईएमएफ का अप्रैल 2024 विश्व आर्थिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) 2024 और 2025 में अपेक्षित विकास की मजबूती का संकेत देता है, जो ÷निरंतर ताकत को दर्शाता है÷ घरेलू मांग और कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी।÷ यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि ओईसीडी के अनुसार भारत में मोटे तौर पर स्थिर और तीव्र विकास जारी रहने की उम्मीद है, जबकि मुद्रास्फीति में और कमी आनी चाहिए, बशर्ते खाद्य कीमतें चरम मौसम की घटनाओं से बची रहें।

ओईसीडी का मई 2024 का आर्थिक आउटलुक हाल के मासिक संकेतकों में भारत में मजबूत गति की ओर इशारा करता है और उम्मीद करता है कि 'वास्तविक जीडीपी वृद्धि को बनाए रखने के लिए भारत में मजबूत निवेश और व्यापार विश्वास में सुधार होगा÷। आरबीआई बुलेटिन में यह भी कहा गया है कि भारत में गरीबी में नाटकीय कमी की काफी सराहना की जा रही है। विश्व बैंक का अनुमान है कि 2021 में महामारी के चरम पर, केवल 12.9 प्रतिशत आबादी प्रतिदिन 2.15 अमेरिकी डॉलर पर जीवन यापन करती थी - जो अत्यधिक गरीबी के लिए वैश्विक बेंचमार्क है। हाल के अनुमानों से पता चलता है कि अत्यधिक अभाव, जिसे कभी भारत का पर्याय माना जाता था, विलुप्त होने के लिए तैयार है।

## ईवी के माध्यम से किराना व्यवसाय में 1.6 गुना वृद्धि

**नई दिल्ली।** किराना व्यवसाय में 1.6 गुना वृद्धि, आधी से अधिक डिलीवरी ईवी के माध्यम से देश में ऑनलाइन किराना डिलीवरी बाजार में उछाल के बीच, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने मंगलवार को कहा कि उसने 1.6 गुना वृद्धि हासिल की है। देश में ऑनलाइन किराना डिलीवरी बाजार में उछाल के बीच, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने मंगलवार को कहा कि उसने अपने किराना कारोबार में 1.6 गुना वृद्धि (साल-दर-साल) देखी है, जिसमें आधे से अधिक डिलीवरी इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करके की जा रही है। (ईवीएस)। फ्लिपकार्ट किराना 200 से अधिक शहरों में अगले दिन डिलीवरी प्रदान करता है, जिसमें टियर 2 और उससे आगे के कस्बे और शहर शामिल हैं। फ्लिपकार्ट के किराना प्रमुख, उपाध्यक्ष, हरि कुमार जी ने कहा, जैसा कि हम अपने पदचिह्न का विस्तार करते हैं और अपनी सेवा पेशकश को बढ़ाते हैं, हम पूरे भारत में लाखों ग्राहकों को अद्वितीय सुविधा प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। जबकि तेल, घी, आटा, चाय, कॉफी, डिटर्जेंट और व्यक्तिगत देखभाल जैसी आवश्यक वस्तुओं में 1.6 गुना वृद्धि देखी गई, कंपनी ने कहा कि आवश्यक और गैर-आवश्यक वस्तुओं में भी मजबूत वृद्धि देखी गई, तरल डिटर्जेंट में 1.8 गुना की वृद्धि हुई।

# एयर इंडिया का विमान ए350 मुंबई से दुबई के लिए एक जून से भरेगा उड़ान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया 01 जून से मुंबई से दुबई के लिए अपने अत्याधुनिक एयरबस ए350 से उड़ान भरेगी। एयरलाइन के एयरबस ए350 का ये दूसरा अंतरराष्ट्रीय मार्ग है।

एयर इंडिया ने एक्स पोस्ट में बताया कि अब इंतजार खत्म हुआ। मुंबई से दुबई के लिए उड़ानें एक जून, 2024 से शुरू होंगी। बुकिंग अब खुली हैं। मुंबई और दुबई के बीच अपनी अगली यात्रा पर अत्याधुनिक एयरबस ए350 का अनुभव लें। कंपनी ने बताया कि एयर इंडिया मुंबई-दुबई मार्ग पर अपना बिल्कुल नया एयरबस ए350-900एक्सडब्ल्यूबी विमान




लॉन्च कर रही है, जो नए एयरबस विमानों के लिए दूसरा अंतरराष्ट्रीय मार्ग है। उल्लेखनीय है कि कंपनी को नया विमान दिसंबर 2023 में एयर इंडिया को मिले 20 विमानों में से पहला है। ये मार्ग यात्रियों को तीन श्रेणी के केबिनों- बिजनेस, प्रीमियम इकोनॉमी या इकोनॉमी क्लास से से चुनने का विकल्प प्रदान करेगा। इसकी क्षमता 316 यात्रियों की है।

# एफएसआईबी ने स्टेट बैंक चेयरमैन पद के लिए साक्षात्कार किया स्थगित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने देश के सबसे बड़े स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के चेयरमैन पद के लिए साक्षात्कार को स्थगित कर दिया है।

वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने स्टेट बैंक के मौजूदा चेयरमैन दिनेश खारा के उत्तराधिकारी का चयन करने के लिए आज साक्षात्कार का आयोजन किया था। निर्धारित साक्षात्कार तय समय से कुछ घंटे पहले स्थगित कर दिया गया है। हालांकि, एफएसआईबी ने यह कदम उठाने की उचित वजह की जानकारी नहीं बताई है। साक्षात्कार की नई तारीख नई सरकार के गठन




के बाद तय की जाएगी। दिनेश खारा 28 अगस्त, 2024 को सेवानिवृत्त होंगे। एफएसआईबी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की खोज करने वाली निकाय है।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, बिटकॉइन 71 हजार डॉलर के पार पहुंचा

## एथेरियम में लगाई 20 प्रतिशत से अधिक की छलांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक छाई हुई है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ दो आज मामूली गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 8 क्रिप्टो करेंसी मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में बिटकॉइन एक बार फिर 71 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गया है। वहीं, एथेरियम ने आज 20 प्रतिशत से अधिक की मजबूती दर्ज की है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 5.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ 71,088.85 डॉलर यानी 59.23 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 20.19 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल कर 3,736.42 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और



एथेरियम के अलावा बीएनबी 7.76 प्रतिशत, सोलाना 2.27 प्रतिशत, एक्सआरपी 5.57 प्रतिशत, डॉगकॉइन 7.69 प्रतिशत, टॉनकॉइन 3.22 प्रतिशत और कार्डानो 7.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, टेथर 0.03 प्रतिशत और यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 7.71 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.62 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 218.29 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में बढ़ोतरी के साथ पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी आई है। इस अवधि में कुल 14,239 करोड़ डॉलर यानी 11.86 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 132.93 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में तेजी के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 1.02 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 53.50 प्रतिशत रह गई है।

# सोना 75 हजार, चांदी 96 हजार पार

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में जबरदस्त तेजी है। सोना ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच कर कारोबार कर रहा है। चांदी भी जोरदार छलांग लगाकर अपने सर्वोच्च शिखर पर है। सोने की कीमत में आज 750 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है, जिसके कारण 24 कैरेट सोना का भाव 75 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 69 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के आस पास कारोबार कर रहा है। सोने की तरह ही चांदी ने भी आज तेज छलांग लगाई है। इस तेजी के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 96,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 75,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 69,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 75,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 75,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 69,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 75,220 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना



68,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 75,170 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 75,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 69,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 75,220 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 68,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 75,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज जोरदार तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 75,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 68,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## जेके टायर ने चौथी तिमाही के शुद्ध लाभ में 56 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, प्रति शेयर 3.50 रुपये के लाभांश की घोषणा की

**मुंबई।** जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए अपने समेकित शुद्ध लाभ में 56 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 169.33 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की, जबकि इसी अवधि में यह आंकड़ा 108.38 करोड़ रुपये था। पिछले वर्ष।

एक नियामक फाइलिंग के अनुसार, परिचालन से कंपनी का राजस्व 1.8 प्रतिशत बढ़कर 3,698.45 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की समान तिमाही में 3,632.47 करोड़ रुपये था। कंपनी ने स्त्र24 के लिए 3.50 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की भी घोषणा की।जेके टायर के सीएमडी रघुपति सिंघानिया ने कहा, ÷इस प्रदर्शन का श्रेय उत्पाद प्रीमियमीकरण, बाजार तक पहुंच



बढ़ाने और तकनीक-सक्षम विनिर्माण और बेहतर दक्षता हासिल करने वाले संचालन में डिजिटलीकरण पर हमारे निरंतर फोकस को दिया जाता है। इसके अलावा, इक्विटी निवेश के माध्यम से हमारी बैलेंस शीट को मजबूत करने की हमारी रणनीतिक पहल के फलदायी परिणाम मिले, जिससे हमारी वित्तीय लचीलापन मजबूत हुई।

कंपनी ने कहा कि भू-राजनीतिक व्यवधानों के कारण वर्ष के दौरान उसका निर्यात स्थिर रहा, जिसके कारण माल ढुलाई में भी बढ़ोतरी हुई। अगली कुछ तिमाहियों में कंपनी को अपने निर्यात मात्रा में सुधार की उम्मीद है। कंपनी ने कहा, ÷हम मजबूत बुनियादी खर्च और तेज आर्थिक गतिविधियों के कारण टायर की मांग के दृष्टिकोण को लेकर आशावादी बने हुए हैं।

## जेके टायर ने चौथी तिमाही के शुद्ध लाभ में 56 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, प्रति शेयर 3.50 रुपये के लाभांश की घोषणा की

**मुंबई।** शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत घटकर 484 करोड़ रुपये रहासरकारी स्वामित्व वाली भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने 2023-2024 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए शुद्ध लाभ में 25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 484 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 645 करोड़ रुपये था। . सरकारी स्वामित्व वाली भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने मंगलवार को 2023-2024 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए शुद्ध लाभ में 25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 484 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की, जबकि उसी तिमाही में यह आंकड़ा 645 करोड़ रुपये था। पिछले वर्ष की अवधि. फर्म ने 2 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर के लिए 25 पैसे का अंतिम लाभांश घोषित किया। अनुमोदन पर अंतिम लाभांश का भुगतान वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की तारीख से 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। चौथी तिमाही के दौरान परिचालन से बीएचईएल का राजस्व मामूली बढ़कर 8,260 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 8,227 करोड़ रुपये था। मंगलवार को बीएचईएल का शेयर मूल्य 2.7 प्रतिशत बढ़कर 318.8 रुपये पर बंद हुआ।

# बीएमडब्ल्यू ने भारत में 22.5 लाख रुपये में नई मोटरसाइकिल लॉन्च की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जर्मन लक्जरी वाहन निर्माता बीएमडब्ल्यू ने भारत में 22,50,000 रुपये (एक्स-शोरूम कीमत) पर एक नई मोटरसाइकिल - एस 1000 एक्सआर लॉन्च की।तीन रंग विकल्पों - ब्लैकस्टॉर्म मेटैलिक, ग्रेविटीब्लू मेटैलिक (स्टाइल स्पोर्ट्स के साथ) और लाइटव्हाइट सॉलिड पेंट/मोटरस्पोर्ट (एम पैकेज के साथ) में पेश की गई, यह नई मोटरसाइकिल पूरी तरह से निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में उपलब्ध है और अब बुकिंग के लिए उपलब्ध है। सभी बीएमडब्ल्यू मोटरराड इंडिया अधिकृत डीलरशिप पर।बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने एक बयान में कहा, नई बीएमडब्ल्यू एस 1000 एक्सआर



एक स्पोर्ट बाइक में लंबी दूरी की क्षमता और उच्च प्रदर्शन का अंतिम सहजीवन है। उन्होंने आगे कहा, सभी प्रमुख क्षेत्रों में बेहतर, यह मोटरसाइकिल यात्रा लंबी होने पर भी बेहतर, स्पोर्टी सवारी का आनंद प्रदान करती है। आप जितना चाहें उतने मोड़ का पीछा करें - आप अकेले ही तय करते हैं कि सवारी कब समाप्त होगी।÷कंपनी ने कहा कि नई बीएमडब्ल्यू एस 1000 एक्सआर में दोबारा काम किया गया इन-लाइन 4-सिलेंडर इंजन लगाया गया है, जो इनटेक चैनलों के लिए फ्लो-अनुकूलित ज्यामिति के साथ और भी अधिक प्रभावशाली प्रदर्शन प्रदान करता है।

बाइक 11,000 आरपीएम पर 170 एचपी (125 किलोवाट) का अधिकतम आउटपुट और 9,250 आरपीएम पर 114 एनएम का अधिकतम टॉर्क पैदा करती है। यह 3.25 सेकंड में 0-100 किमी की रफ्तार पकड़ लेती है और 253 किमी/घंटा की अधिकतम गति हासिल कर सकती है।

# उतार-चढ़ाव के बीच मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुआ बाजार, निवेशकों ने कमाए 2.18 लाख करोड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूरे दिन के उतार-चढ़ाव के बाद घरेलू शेयर बाजार मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। दिन के पहले सत्र में बाजार पर मंदड़ियों का दबाव बना रहा, लेकिन दूसरे सत्र में तेजड़ियों ने जोर लगाया। इस वजह से शेयर बाजार रिकवरी करके हरे निशान में पहुंच गया। आखिरी वक्त में हुई मुनाफावसूली के कारण शेयर बाजार ने अपनी बढ़त गंवा दी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। निफ्टी ने 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। दिन भर हुई खरीद बिक्री के दौरान कमोडिटी, मेटल, पावर और यूटिलिटी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। एफएमसीजी, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में गिरावट का रख



रहा। आज के कारोबार में बीएसई के मिडकैप और स्मॉल कैप इंडेक्स ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। आखिरी वक्त में हुई मुनाफावसूली की वजह से स्मॉल कैप इंडेक्स 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। मिडकैप इंडेक्स ने 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की कमजोरी के बावजूद मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 414.53 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी शनिवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 412.35 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.18 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,087 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,621 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,314 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 152 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,322 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

इनमें से 900 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,422 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 162.98 अंक की कमजोरी के साथ 73,842.96 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक 243.57 अंक टूट कर 73,762.37 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि दोपहर 11 बजे के बाद बाजार में खरीदारी शुरू हो गई। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक दोपहर 1 बजे तक निचले स्तर से 400 अंक से भी अधिक की रिकवरी करके 183.25 अंक की मजबूती के साथ 74,189.19 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद मुनाफावसूली का दबाव बन गया, जिसके कारण सेंसेक्स 52.63 अंक की कमजोरी के साथ 73,953.31 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 97.45 अंक टूट कर 22,404.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। दोपहर 11 बजे तक के कारोबार में बाजार पर लगातार दबाव बना रहा, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने अपना जोर बना दिया। लिवाली के सपोर्ट से दोपहर 1 बजे तक ये सूचकांक निचले स्तर से 180 अंक से अधिक की छलांग लगा कर 89.10 अंक की मजबूती के साथ 22,591.10 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी गिरावट आ गई। दिन भर की खरीद बिक्री के बाद निफ्टी 27.05 अंक की बढ़त के साथ 22,529.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# जीप मेरिडियन फेसलिफ्ट को भारत में परीक्षण के दौरान देखा गया

**नई दिल्ली।** जीप मेरिडियन इस साल के अंत में मध्य-चक्र अपडेट के लिए तैयार है, और हाल ही में सड़कों पर एक छद्म परीक्षण खच्चर देखा गया है, जो हमें आगामी परिवर्तनों की एक झलक देता है। हालांकि एसयूवी अपने मौजूदा मैकेनिकल सेटअप को बरकरार रखेगी, लेकिन इसमें सूक्ष्म कॉस्मेटिक बदलाव और नई सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।हाल के जासूसी शॉट्स ने जीप मेरिडियन के लिए उल्लेखनीय डिज़ाइन और आंतरिक अपडेट का खुलासा किया है। फेसलिफ़्टेड मॉडल की कीमत मौजूदा संस्करण से अधिक होने की उम्मीद है, जो 33.60 लाख रुपये से 39.66 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक है। भारतीय बाजार में अपडेटेड मेरिडियन एमजी ग्लोस्टर, स्कोडा कोडियाक और टोयोटा फॉर्च्यूनर को टक्कर देती रहेगी।पहली छाप से पता चलता है कि जीप मेरिडियन में बड़े कॉस्मेटिक बदलाव नहीं होंगे। शायद केवल ग्रिल में मामूली समायोजन की उम्मीद है, जबकि बम्पर में फॉग लैंप हाउसिंग के चारों ओर सिल्वर एक्सेंट के साथ एक नया डिज़ाइन हो सकता है। हालाँकि, एक उल्लेखनीय अतिरिक्त केंद्रीय वायु सेवन के भीतर नया.छ्स्र रडार मॉड्यूल है। जीप आम तौर पर मध्य-जीवन चक्र अपडेट के दौरान अपनी एसयूवी के डिजाइन को पूरी तरह से ओवरहाल नहीं करती है, जैसा कि रैंगलर और कम्पास के साथ देखा गया है। तो, यह मेरिडियन के लिए हम जो आशा कर सकते हैं उसके अनुरूप है।सीट अपहोल्स्ट्री में संभावित अपडेट के अलावा, मेरिडियन एसयूवी के अंदर ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। हालाँकि, कम्पास के नाइट ईगल संस्करण से संकेत लेते हुए, जीप मानक उपकरणों को बढ़ा सकती है। इसमें डैशकैम और रियर विंडो ब्लाइंड्स जैसी सुविधाएं शामिल हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त, मॉडल में वायरलेस फोन चार्जिंग, एक डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, एक 10.2-इंच इंफोटेनमेंट स्क्रीन, एक ऊंचा केंद्र कंसोल, एक 9-स्पीकर अल्पाइन-ट्यून ऑडियो सिस्टम, एक नया एयरकॉन पैनल, कनेक्टेड सहित सुविधाओं का एक सूट पेश करने की संभावना है। कार प्रौद्योगिकी, एक बहुक्रियाशील स्टीयरिंग व्हील, और दोहरे क्षेत्र जलवायु नियंत्रण।अपडेटेड जीप मेरिडियन अपने वर्तमान मैकेनिकल सेटअप को बनाए रखेगा, जिसमें छह-स्पीड मैनुअल या नौ-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्प के साथ समान 2-लीटर डीजल इंजन होगा। यह इंजन 168bhp और 350Nm का पीक टॉर्क देता है। फोर-व्हील ड्राइव सिस्टम वर्तमान मॉडल की तरह ही उच्च-स्तरीय स्वचालित वेरिएंट के लिए विशेष रहेगा।

# ब्राज़ील में डेंगू के रिकॉर्ड 50 लाख से ज्यादा मामले

एजेंसी

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील में इस वर्ष अब तक डेंगू के रिकॉर्ड 50 लाख से अधिक मामले सामने आ चुके हैं और इस बीमारी से लगभग 3,000 लोगों की मौत हो चुकी है। यह जाकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। सबसे हालिया आंकड़ों के अनुसार, देश में डेंगू के 51,45,295 संभावित मामले दर्ज किए गए हैं और 2,899 मौतों की पुष्टि हुई है। इस वर्ष, ब्राजील अपने इतिहास में सबसे बड़े डेंगू के प्रकोप का सामना कर रहा है और इसका प्रकोप कुछ पड़ोसी देशों में भी फैल रहा है। मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष डेंगू के मामलों में वृद्धि के मुख्य कारकों में जलवायु परिवर्तन और डेंगू वायरस के कई सीरोटाइप का प्रसार शामिल है।



# डीआर कांगो में अंतर-सांप्रदायिक झड़पों में दर्जनों लोगों की मौतः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की मानवीय एजेंसी ने कहा कि डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में जमीन को लेकर अंतर-सांप्रदायिक झड़पों में इस महीने में अब तक दर्जनों लोग मारे जा चुके हैं।



मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने मंगलवार को कहा कि सहायताकर्मी पूर्वोत्तर प्रांत शोपो में घातक झड़पों में घायल और विस्थापित लोगों की मदद कर रहे हैं। ओसीएचए के अनुसार, फरवरी 2023 से अबतक त्शोपो की राजधानी किसानगनी में झड़पों में 740 नागरिक मारे गए हैं और 75,000 लोग विस्थापित हुए हैं।कार्यालय ने कहा कि ओसीएचए के नेतृत्व वाली मूल्यांकन टीम ने पाया कि विस्थापित लोगों के लिए भोजन, आश्रय और स्वास्थ्य देखभाल की सबसे अधिक आवश्यकता है। मानवीय एजेंसी ने सभी लोगों से हिंसा समाप्त करने, नागरिकों की रक्षा करने और देश में संघर्ष का स्थायी समाधान खोजने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

# दक्षिण ब्राजील में कठिन मौसम से मरने वालों की संख्या बढ़कर 161 हुई

**साओ पाउलो।** दक्षिण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में पिछले कुछ घंटों में चार और शव प्राप्त होने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 161 हो गई है। यह जानकारी नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने मंगलवार को दी। 29 अप्रैल से रिकॉर्ड बारिश ने राज्य को तबाह कर दिया है, जिससे 464 शहरों में घातक बाढ़ और जमीन धंसने की घटनाएं हुई हैं और राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में 22 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। पोर्टो एलेग्रे का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है, इसलिए संघीय सरकार ने वाणिज्यिक उड़ानों के लिए उपयोग किए जाने वाले कैनोस वायु सेना के हवाई अड्डे को अधिकृत किया है। एजेंसी ने कहा कि आने वाले दिनों में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि 85 लोग लापता हैं और 806 घायल हुए हैं। सुरक्षा बलों और बचावकर्मियों ने अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा से लगे एक कृषि महाशक्ति और ब्राज़ील के सबसे दक्षिणी राज्य में लगभग 82,666 जीवित बचे लोगों को बचाया है।

# चीन में कोयला खदान में कार्बन डाई ऑक्साइड रिसाव से पांच लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के पूर्वोत्तर प्रांत हेइलोंगजियांग में एक कोयला खदान में तरल कार्बन डाई ऑक्साइट के रिसाव के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। चाइना सेंट्रल टीवी ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 08:38 बजे हेगांग शहर के जिंगआन कोयला खदान में हुई, जिसमें नौ लोग फंस गए। बचावकर्मियों ने इनमें से चार लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह दुर्घटना तरल कार्बन डाइऑक्साइड के रिसाव के कारण हुई थी। घटना की विस्तृत जांच जारी है।



# निज्जर की हत्या के आरोपी तीन भारतीय कनाडाई अदालत में पेश

एजेंसी

**ओटावा।** खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोपी तीन भारतीय नागरिकों को पहली बार कनाडा की एक अदालत में पेश किया गया। न्यायाधीश ने उन्हें समुदाय के लोगों से संपर्क नहीं रखने का आदेश दिया। समाचार पत्र 'वैंकूवर सन' की एक खबर के अनुसार करण बराड़ (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करणप्रीत सिंह (28) सरे में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांतीय न्यायालय में प्रत्यक्ष रूप से पेश हुए। वहीं अमनदीप सिंह (22) वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालती कार्यवाही में पेश हुआ। खबर के अनुसार ब्रिटिश कोलंबिया के न्यायाधीश ने इन चारों को अदालत में इस पेशी के दौरान समुदाय के लोगों से संपर्क नहीं रखने का आदेश दिया। अदालत में पेशी के दौरान आरोपियों ने जेल की पोशाक पहनी हुई थी। चौथा आरोपी अमनदीप हथियार से जुड़े एक अन्य मामले में ओंटारियो में हिरासत में है। करण बराड़ के वकील रिचर्ड फॉलर ने 'वैंकूवर सन' से कहा, ''इस मामले से समुदाय को इतना सरोकार क्यों है यह पृष्ठभूमि को देखते हुए पूरी तरह से समझ में आता है। इसे देखकर मुझे लगता है कि जिन लोगों को अपराध के लिए आरोपित किया गया है उनकी निष्पक्ष सुनवाई हो..।''



सैकड़ों स्थानीय सिख खालिस्तान के झंडे और पोस्टर लेकर अदालत में पहुंचे। खालिस्तानी अलगाववादी निज्जर (45) की 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी।

# डीआर कांगो में तख्तापलट की नाकाम कोशिश के बाद होगा संसदीय नेतृत्व का चुनाव

एजेंसी

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में एक असफल लेकिन घातक तख्तापलट की कोशिश के दो दिन बाद, देश की संसद के निचले सदन - नेशनल असेंबली में नेतृत्व के लिए स्थगित चुनाव बुधवार को होगा।

दिसंबर 2023 में हुए आम चुनावों में, डीआरसी के राष्ट्रपति फेलिक्स त्सेसेकेदी को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुना गया, क्योंकि त्सेसेकेदी के यूनियन ऑफ डेमोक्रेसी एंड सोशल प्रोग्रेस और उसके सहयोगी गठबंधन सेक्रेड यूनियन ऑफ द नेशन ने 500 सीटों वाली नेशनल असेंबली में अधिकांश सीटें जीतीं थी। हालांकि, राष्ट्रपति, पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे उपराष्ट्रपति सहित पदों से बने नेतृत्व ब्यूरो की कमी के कारण नेशनल असेंबली पंगु बनी हुई है।

उपप्रधान मंत्री वाइटल कामरे, जिनके आवास पर रविवार तड़के तख्तापलट के प्रयास में पुटचिस्टों के एक समूह ने छापा मारा था, रक्षा बलों द्वारा असफल कर दिया गया, राष्ट्रपति के लिए अकेले उम्मीदवार थे। श्री त्सेसेकेदी द्वारा संसदीय गठबंधन के 406 उप-निर्वाचितों के साथ चुनावी मुद्दों पर चर्चा के बाद 18 मई को होने वाला चुनाव स्थगित कर दिया गया था और श्री त्सेसेकेदी ने धमकी दी कि अगर कदाचार जारी रहा तो नेशनल असेंबली को भंग कर दिया जाएगा।



जनवरी में दूसरे कार्यकाल के लिए श्री त्सेसेकेदी के शपथ लेने के चार महीने बाद, मध्य अफ्रीकी राष्ट्र अभी भी एक नई सरकार बनाने में विफल रहा है। श्री त्सेसेकेदी ने अप्रैल की शुरुआत में जूडिथ सुमिनवा तुलुका को नए प्रधानमंत्री के रूप में नामित किया, जिन्हें पुटचिस्टों द्वारा भी निशाना बनाया गया था, लेकिन हमले को निरस्त कर दिया गया क्योंकि वे उनके निवास की पहचान नहीं कर सके। डीआरसी संविधान के अनुसार, नेशनल असेंबली द्वारा सुश्री तुलुका के राष्ट्रीय कार्यक्रम को पूर्ण बहुमत से मंजूरी प्रदान किए जाने के बाद नयी सरकार कार्यभार संभाल सकती है।

# आईएस से जुड़े अपने चार नागरिकों की श्रीलंका ने शुरू की जांच, भारत में किया गया था गिरफ्तार

एजेंसी

**कोलंबो।** श्रीलंका ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट से संबंध रखने वाले अपने चार नागरिकों के बारे में सूचना हासिल करने के लिए एक जांच शुरू की है। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। इन लोगों को भारत में गिरफ्तार किया गया था, जब वे आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के एक कथित मिशन पर थे।

गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) ने एक गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को चार श्रीलंकाई नागरिकों को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से हिरासत में लिया था। वे कोलंबो से चेन्नई पहुंचे थे। इन लोगों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के इशारे पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारत की यात्रा की थी। वे आईएस के सदस्य हैं और उन्हें पाकिस्तान में रह रहे श्रीलंका के एक व्यक्ति ने कट्टरपंथी बनाया था।



'डेली मिरर' अखबार की खबर के अनुसार, श्रीलंका की खुफिया एजेंसी ने अपने भारतीय समकक्ष से और सूचना उपलब्ध कराने को कहा है ताकि संदिग्धों की पृष्ठभूमि सत्यापित और आईएस के साथ उनके संबंधों की जांच की जा सके। अखबार ने सूत्रों के हवाले से कहा कि श्रीलंका के अधिकारी सूचना मिलने पर आगे की कार्रवाई के लिए तुरंत जांच करेंगे। जन सुरक्षा मंत्री तिरान एलेस और पुलिस महानिरीक्षक देशबंधु तेनाकून ने कहा कि वे इन खबरों को गंभीरता से ले रहे हैं और घटनाक्रम की करीबी निगरानी कर रहे हैं।

गुजरात के पुलिस महानिदेशक विकास सहाय के अनुसार, आरोपी मोहम्मद नुसरत (35), मोहम्मद फारूक (35), मोहम्मद नाफरान (27) और मोहम्मद रासदीन (43) ने जांचकर्ताओं को बताया कि वे पूर्व में प्रतिबंधित संगठन नेशनल तौवीथ जमात से संबद्ध थे और पाकिस्तानी आका अबू बकर अल बगदादी के संपर्क में आने के बाद आईएस में शामिल हुए।

# तेहरान में लोगों ने दिवंगत राष्ट्रपति को अंतिम विदाई दी



एजेंसी

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में लोग मंगलवार को बड़ी संख्या में दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, दिवंगत विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और अन्य लोगों के लिए आयोजित विदाई समारोह में शामिल हुए, जब उनके शवों को उत्तर-पश्चिमी शहर तबरेज़ से राजधानी स्थानांतरित किया गया। यह समारोह इमाम खुमैनी के मोसल्ला में हुआ। इससे पहले दिन में, उत्तर-पश्चिमी शहर तबरेज़ और मध्य प्रांत कोम में इसी तरह के समारोह आयोजित किए गए, जहां लोगों ने दिवंगतों को अपनी विदाई दी। राष्ट्रपति रईसी और उनके दल के लिए अंतिम संस्कार और स्मरणोत्सव समारोह बुधवार को तेहरान में आयोजित किया जाएगा। दिवंगत राष्ट्रपति के पार्थिव शरीर को इमाम रजा के पवित्र स्थल में दफनाया जाएगा। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने रईसी, अमीर-अब्दुल्लाहियान, पूर्वी अजरबैजान के गवर्नर मालेक रहमती, वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मोहम्मद-अली अल-हसीम और अन्य की मौत की पुष्टि की।

# अमेरिकी बाल रोग विशेषज्ञों का दावा, एचआईवी पीड़ित महिलाएं करा सकती हैं स्तनपान

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के बाल रोग विशेषज्ञों के समूह ने आमूल-चूल नीतिगत बदलाव करते हुए कहा कि एचआईवी से संक्रमित महिलाएं अपने बच्चों को स्तनपान करा सकती हैं। बशर्ते उनके द्वारा ली जा रही दवा से एड्स का कारण बनने वाला विषाणु निष्प्रभावी हो गया है। अमेरिकी बाल रोग विशेषज्ञ अकादमी ने नयी रिपोर्ट में 1980 के दशक में एचआईवी महामारी के दौरान की गई अनुशंसा को बदल दिया है।

कोलोरोडो विश्वविद्यालय में बाल एचआईवी विशेषज्ञ और शोधपत्र की प्रमुख लेखिका डॉ.लीजा अबुओगी ने कहा कि यह स्वीकार किया गया है कि नियमित रूप से ली जाने वाली दवा स्तनपान के जरिये एचआईवी संक्रमण के प्रसार के खतरे को एक प्रतिशत से भी कम कर देती है। अबुओगी ने कहा, ''अब दवाएं इतनी अच्छी हैं, जच्चा एवं बच्चे के लिए इतनी लाभदायक हैं कि हम उस अवस्था में हैं जहां साझा निर्णय लेना महत्वपूर्ण है।



उन्होंने कहा कि एंटीरिट्रोवायरल थेरेपी के तौर पर जानी जाने वाली दवा स्तनपान के जरिये एचआईवी के प्रसारित होने के खतरे को पूरी तरह से खत्म नहीं करती और स्तनपान कराने से रोकना केवल वायरस का प्रसार होने से रोकने के अन्य तरीकों में से एक है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अभिभावक को बच्चे को शुरुआती छह महीने तक केवल स्तनपान ही कराना चाहिए क्योंकि अनुसंधान इंगित करते हैं कि स्तनपान और बाहरी दूध अदल-बदल कर पिलाने से बच्चे की पाचन क्रिया प्रभावित होती है और एचआईवी संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

अबुओगी ने कहा कि अमेरिका में हर साल करीब पांच हजार एचआईवी संक्रमित महिलाएं बच्चे को जन्म देती हैं। इनमें से करीब सभी वायरस को निष्प्रभावी बनाने के लिए दवाएं लेती हैं। हालांकि, दवा रोकने की स्थिति में वायरस फिर से प्रभावी हो सकता है। एलिजाबेथ ग्लेसर पैड्रियाटिक एड्स फाउंडेशन में सलाहकार लिन मेफेनसन ने कहा कि एचआईवी की दवा से पहले करीब 30 प्रतिशत संक्रमण मां से उसके बच्चे को स्तनपान के जरिये होता था। उन्होंने बताया कि 1990 के दशक के शुरुआत में करीब दो हजार बच्चे मां से स्तनपान के जरिये संक्रमित होते थे और आज यह संख्या घटकर 30 प्रतिशत से कम रह गई है।

# सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार की महत्ता पर भारत, अन्य देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं : अमेरिका

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि देश के राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन सभी की धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करने एवं उसके लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है और वह सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों के साथ समान व्यवहार की महत्ता को लेकर भारत समेत कई देशों के साथ बातचीत कर रहा है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम सभी धार्मिक समुदायों के सदस्यों के साथ समान व्यवहार की महत्ता पर भारत समेत कई देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं।'' 'न्यूयॉर्क टाइम्स' में हाल में प्रकाशित 'स्ट्रेंजर्स इन देयर ओन लैंड- बीइंग मुस्लिम इन मोदीज इंडिया' (अपने ही देश में अजनबी- मोदी के भारत में मुस्लिम होना) शीर्षक वाले एक लेख में आरोप लगाया गया है कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम समुदाय भय और अनिश्चितता के माहौल में अपने परिवारों और बच्चों का पालन-पोषण कर रहा है। मिलर इसी से जुड़े सवाल का जवाब दे रहे थे। मिलर से पूछा गया, ''क्या आपने इस मामले पर भारतीय अधिकारियों से बातचीत की है।'' इसके जवाब में मिलर ने कहा, ''मैं निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करूंगा लेकिन हम पूरी दुनिया में किसी भी धर्म या आस्था को मानने की स्वतंत्रता के अधिकार के सम्मान की रक्षा करने एवं उसे बढ़ावा देने के लिए गहनता से प्रतिबद्ध हैं।''



सप्ताहांत में प्रकाशित लेख में आरोप लगाया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पद संभालने के बाद से ''धर्मनिरपेक्ष ढांचे और मजबूत लोकतंत्र को कमजोर कर दिया है।''भारत पहले भी इस प्रकार के आरोपों को खारिज करता रहा है। उसका कहना है कि ये आरोप देश के बारे में ''गलत सूचना एवं त्रुटिपूर्ण समझ'' पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने अल्पसंख्यकों के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं कहा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केवल आज ही नहीं, बल्कि कभी भी अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं रही। प्रधानमंत्री ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह किसी को भी ''खास नागरिक'' (स्पेशल सिटीजन) के तौर पर स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। मोदी ने रविवार रात 'पीटीआई वीडियो' के साथ साक्षात्कार में ये बातें कहीं। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री के चुनावी भाषण समाज को बांटने वाले और ध्रुवीकरण करने वाले हैं। इन आरोपों के बीच मोदी की यह टिप्पणी अल्पसंख्यकों को लेकर उनका अब तक का सबसे स्पष्ट बयान है।

# अमेरिका ने बांग्लादेश के पूर्व सेना प्रमुख जनरल अजीज अहमद पर लगाए प्रतिबंध

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के कारण प्रतिबंध लगाते हुए कहा कि उनके कदमों ने बांग्लादेशी लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं में लोगों के भरोसे को कमजोर किया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, ''अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश सेना के पूर्व प्रमुख अजीज अहमद पर बड़े भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण प्रतिबंध लगाने की आज सार्वजनिक रूप से घोषणा की।'' मिलर ने कहा, ''उनके (अहमद के) कदमों ने बांग्लादेश के लोकतांत्रिक एवं सार्वजनिक संस्थानों और प्रक्रियाओं में जनता के विश्वास को कम करने में योगदान दिया है।'' उन्होंने कहा कि अजीज अहमद ने बांग्लादेश में आपराधिक गतिविधियों के लिए जवाबदेही से बचने में अपने भाई की मदद करने के लिए सार्वजनिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करके बड़ा भ्रष्टाचार किया। मिलर ने कहा कि अजीज ने अपने भाई के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए भी काम किया कि सैन्य अनुबंध अनुचित तरीके से दिए जाएं और वे अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए सरकारी नियुक्तियों के बदले में रिश्वत ले सकें।

उन्होंने कहा, ''यह प्रतिबंध बांग्लादेश में लोकतांत्रिक संस्थानों एवं कानून के शासन को मजबूत करने की अमेरिकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। अमेरिका सरकारी सेवाओं को अधिक पारदर्शी एवं किफायती बनाने, व्यापार एवं नियामक संबंधी माहौल में सुधार करने और



धनशोधन एवं अन्य वित्तीय अपराधों की जांच करने एवं उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए क्षमता निर्माण में सहायता करके बांग्लादेश में भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों का समर्थन करता है।''

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रूस समर्थित प्रस्ताव को खारिज किया

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** अंतरिक्ष में हथियार भेजने की होड़ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने वाला रूस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद ने खारिज कर दिया। सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पर बहस के दौरान अमेरिका ने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह एक उपग्रह प्रक्षेपित किया था जो अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती का हिस्सा हो सकता है। सुरक्षा परिषद के सदस्य देश भविष्य में संभावित इस वैश्विक चलन की निंदा कर रहे हैं लेकिन इसके खिलाफ कदम उठाने में विफल साबित हुए हैं। पिछले महीने रूस के प्रतिद्वंदी देश अमेरिका और जापान ने सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव रखा था जो खारिज हो गया था। अमेरिका और जापान द्वारा रखे प्रस्ताव में अलग-अलग प्रकार के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारी तबाही का कारण बन सकते हैं। वहीं



रूस के प्रस्ताव में सभी प्रकार के हथियारों पर चर्चा की गयी। अमेरिका और उसके सहयोगियों का कहना है कि 15 सदस्यीय परिषद में जिस प्रस्ताव पर चर्चा हुई उसका मकसद सिर्फ और सिर्फ रूस की अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती की वास्तविक मंशा से विश्व का ध्यान भटकाना है।

अमेरिकी उपराजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया, आज हमारे सामने रखा गया प्रस्ताव और कुछ नहीं बल्कि रूस की ध्यान भटकाने की पराकाष्ठा है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने इस तथ्य को खारिज किया कि उनका देश दुनिया को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव पर मतदान हमारे पश्चिमी सहयोगियों के लिए सच सामने लाने वाला एक महत्वपूर्ण क्षण है। चीन और अन्य देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था।

नेबेंजिया ने कहा, अगर वे इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं करते हैं तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि उनका मुख्य मकसद खुद को बाहरी अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती के संबंध में आजाद रखने का है। हर राष्ट्र कहता है कि वे हथियारों को अंतरिक्ष से दूर रखना चाहते हैं और परिषद के सदस्य देशों ने भी इसे दोहराया है। लेकिन जब बात मतदान की आती है तो परिषद रूस और अमेरिका के प्रस्तावों पर दो भागों में बंट गया और स्विट्जरलैंड मतदान प्रक्रिया से नदारद रहा। यह प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के नियमों के तहत गिर गया क्योंकि उसे जरूरी नौ मत नहीं प्राप्त हुए।

# सिंगापुर विमान में गंभीर झटकों के कारण एक व्यक्ति की मौत

**सिंगापुर।** सिंगापुर एयरलाइंस के लंदन (हीथ्रो) से सिंगापुर जा रहे एक विमान में गंभीर झटकों के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गयी एवं कई अन्य घायल हो गए। सिंगापुर एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि विमान एसक्यू321 ने गत 20 मई को लंदन से उड़ान भरी थी को रास्ते में गंभीर झटकों का सामना करना पड़ा और उसे बैंकॉक की ओर मोड़ दिया गया जहां विमान स्थानीय समयानुसार 15:45 बजे सुरक्षित रूप से उतर गया।

# फिलीपींस में सेसना विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त, दो लोग घायल

**मनीला।** फिलीपींस में मनीला के उत्तर में ला यूनियन प्रांत के जलक्षेत्र में मंगलवार को सेसना 172 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार दो लोग घायल हो गये। देश के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएपी) ने यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने बताया कि प्रशिक्षण विमान सैन फर्नांडो हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान प्रशिक्षक और छात्र पायलट को मामूली चोटें आईं और उन्हें बचा लिया गया।

# डिजिटल विभाजन पाटने के लिए मिलकर काम कर रहे भारत-अमेरिका

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि भारत और अमेरिका पश्चिम एवं ग्लोबल साउथ के बीच डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और दोनों देश कृत्रिम मेधा (एआई) के ''जिम्मेदाराना एवं सुरक्षित'' उपयोग के खाके को आकार देने में मदद कर रहे हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में 'व्हाइट हाउस' की अधिकारी रहीं लीसा कर्टिस ने 'मोटवानी जड़ेजा भारत-अमेरिका वार्ता श्रृंखला' के तहत रणनीतिक तालमेलः भारत-अमेरिका प्रौद्योगिकी सहयोग'' विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि दोनों देश साइबर सुरक्षा और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में एआई के उपयोग को बढ़ावा देने के मामले में सहयोग कर रहे हैं।

कर्टिस ने कहा, ''हम पश्चिम एंव ग्लोबल साउथ के बीच डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।'' उन्होंने 'हडसन इंस्टीट्यूट' थिंक-टैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा, ''मुझे लगता है कि पिछले साल विशेष रूप से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर जी20 में भारत के नेतृत्व ने दिखाया कि वह इस प्रयास में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा, हम एक साथ मिलकर एआई के जिम्मेदाराना और सुरक्षित उपयोग के खाके को आकार देने में मदद कर रहे हैं। कर्टिस ने कहा, ''ऐसा इसलिए है क्योंकि हमारे दोनों देशों के साझा प्रौद्योगिकी मूल्य हैं जो नवाचार की संस्कृति पर जोर देते हैं। ये ऐसे भी नियम हैं जो मानव जीवन एवं मानव गरिमा और प्रगति को हमारे एआई अनुसंधान और विकास के केंद्र में रखते हैं।

उन्होंने साथ ही कहा कि यह कल्पना करना कठिन है कि रूस एवं भारत के करीबी रक्षा संबंध भविष्य में अमेरिका एवं भारत के रक्षा संबंधों को प्रभावित नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि भारत को भरोसा है कि वह रूस एवं अमेरिका के साथ अपने संबंधों को अलग-अलग रख सकता है और ऐसा 'फायरवॉल' लगा सकता है जो अमेरिकी प्रौद्योगिकी की सुरक्षा कर सकेगा।

कर्टिस ने कहा, ''लेकिन मुझे लगता है कि भारत अब भी रूसी मंचों पर बहुत अधिक निर्भर है तो ऐसे में अमेरिका अपने सुरक्षित नेटवर्क को भारतीय मंचों से जोड़ने और संवेदनशील रक्षा जानकारी साझा करने को लेकर सतर्क और अनिच्छुक रहेगा। 'अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच' के विक्रम सिंह ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच आधिकारिक स्तर पर बहुत गहरे संबंध हैं और 90 के दशक के अंत में भारतीय परमाणु परीक्षण के बाद संबंधों के सबसे निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अब रिश्ते में सुधार हो रहा है। अमेरिका में भारत की उप राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन ने कहा कि भारत और अमेरिका के रणनीतिक उद्देश्यों और साझा मूल्यों के मद्देनजर दोनों देश स्वाभाविक भागीदार हैं।

## मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंची पीवी सिंधु

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** ब्रेक से वापसी करते हुए, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु ने मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। सिंधु ने बुधवार को महिला एकल के पहले दौर में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर पर सीधे गेम में जीत दर्ज की।

दुनिया की 15वें नंबर की सिंधु, जिन्होंने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया था, ने 46 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मैच में 22वें स्थान पर मौजूद गिल्मर पर 21-17, 21-16 से जीत दर्ज की। सिंधु की राष्ट्रमंडल खेलों में दो बार की पदक विजेता गिल्मर पर यह तीसरी जीत थी।पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय, जिन्होंने आखिरी बार 2022 सिंगापुर ओपन में खिताब जीता था, उनका अगला मुकाबला कोरिया के सिम यू जिन से होगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु को इस साल की शुरुआत में घुटने की चोट से वापसी के बाद से लगातार कई हार का सामना करना पड़ा है। वह पेरिस ओलंपिक से पहले अपना आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए यहां अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रही हैं।



मिश्रित युगल में, दुनिया के 53वें नंबर के बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी भी हांगकांग के क्वालीफायर लुई चुन वाई और फू ची यान को 47 मिनट में 21-15 12-21 21-17 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गए। सुमित- सिक्की की जोड़ी का अगले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जी और तोह ई वेई से सामना होगा।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिपः सचिन खिलारी ने शॉट पुट एफ46 वर्ग में जीता स्वर्ण

एजेंसी

**कोबे।** भारत के सचिन सरजेराव खिलारी ने बुधवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में एशियाई रिकॉर्ड के साथ पुरुषों के शॉट पुट एफ46 वर्ग में अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया। सचिन ने टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में भी स्वर्ण जीता था।



सचिन ने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान बनाए गए 16.21 मीटर के अपने एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए लोहे की गेंद को 16.30 मीटर की दूरी तक फेंका। भारत के पास अब 11 पदक हैं, जिनमें से पांच स्वर्ण हैं। इसी के साथ भारत ने पेरिस में 2023 संस्करण में अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 10 (3 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य) को पीछे छोड़ दिया। अभी प्रतियोगिता के तीन दिन बाकी हैं और भारत के पास स्वर्ण सहित कुछ और पदक जीतने का मौका है। इससे पहले मंगलवार को मौजूदा पैरालिंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने अपने एफ64 भाला फेंक विश्व खिताब का बचाव किया था, जबकि थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी अपने-अपने स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते, जिससे भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप टूर में 2-0 से जीत दर्ज की

**चेन्नई।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने नीदरलैंड के ब्रेडा में नीदरलैंड के क्लब ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश (बी. एच. वी. पुश) पर 2-0 की जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की।हिना बानो और कनिका सिवाच ने भारत की जीत सुनिश्चित करने के लिए स्कोरशीट पर अपना नाम अंकित किया।

दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर के जरिए मौके मिलने के बावजूद पहला क्वार्टर गोलरहित रहा।जबकि भारत बढ़त लेने और अपने अभियान को सकारात्मक रूप से शुरू करने के लिए उत्सुक था, शुरुआती गोल उनसे दूर हो गया।इसी तरह, भारत दूसरे क्वार्टर में भी तीन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में असमर्थ रहा।अंततः तीसरे क्वार्टर में गतिरोध टूटा, जब भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर पर बानो ने गोल किया, जिससे स्कोर 1-0 हो गया।बी. एच. वी. पुश ने आक्रामक रूप से बराबरी का प्रयास किया, लेकिन तीसरे क्वार्टर में अपने तीन पेनल्टी कॉर्नर में से किसी को भी परिवर्तित करने में असमर्थता के कारण वे पिछड़ते रहे।चौथे और अंतिम क्वार्टर में, भारत ने डच क्लब के खिलाफ जीत हासिल की, क्योंकि सिवाच ने नेट पर गोल करके भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय रक्षात्मक इकाई ने मैच के अंतिम मिनटों में अपनी क्लीन शीट बरकरार रखी और जीत सुनिश्चित की।भारतीय जूनियर महिला टीम अपना अगला मैच 22 मई को ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

## तीरंदाजी विश्व कप चरण 2: महिला टीम फाइनल में, पुरुष कांस्य पदक से चूके

एजेंसी

**येचियोन।** दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम बुधवार को यहां विश्व कप चरण 2 के फाइनल में पहुंच गई। हालांकि विश्व की नंबर 1 पुरुष कंपाउंड टीम, उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और कांस्य पदक से चूक गई।

ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की महिला तिकड़ी, जिन्होंने पिछले महीने शंघाई स्टेज 1 चरण में स्वर्ण पदक जीता था, ने सेमीफाइनल में विश्व के चौथे नंबर की टीम यूएसए को 233-229 से हराया। भारतीय टीम अब शनिवार को स्वर्ण पदक मुकाबले में दुनिया में सातवें नंबर पर काबिज तुर्की से भिड़ेगी। दूसरे सेमीफाइनल में तुर्की ने शीर्ष वरीय और स्थानीय प्रबल दावेदार दक्षिण कोरिया को 234-233 से हराया।भारतीय महिला टीम के लिए यह कुल मिलाकर आसान सफर था, जिसे क्वालीफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर रहने के बाद अंतिम 16 में बाई मिली थी। उन्होंने अंतिम आठ में इटली को 236-234 से हराया था।प्रियांश, प्रथमेश फुगे और अनुभवी अभिषेक वर्मा की पुरुष टीम, जो मंगलवार को क्वालीफाइंग दौर में चौथे स्थान पर



खिसक गई थी, शूट-ऑफ में निचली रैंकिंग वाली ऑस्ट्रेलिया से 133-133 (10-10*) से हार गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम, जो विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर है, ने 59 के स्कोर से शुरुआत करके भारतीय तिकड़ी को आश्चर्यचकित कर दिया और भारत के मुकाबले केवल एक अंक कम हासिल किया। बेली वाइल्डमैन, ब्रैंडन हावेस और जोनाथन मिल्ने की ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और दूसरे राउंड के बाद एक अंक की कमी पर काबू पा लिया, जिससे नियमन चार समाप्त होने के बाद स्कोर 233 हो गया।

आगामी शूट-ऑफ में दोनों टीमें 30-30 से आगे थीं, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कांस्य पदक हासिल करने के लिए दो एक्स (केंद्र के करीब तीर) मारकर भारतीय टीम को पछाड़ दिया। अपने अभियान की शुरुआत निचली रैंकिंग वाले वियतनाम पर 235-212 की आसान जीत के साथ करने के बाद, भारत ने डेनमार्क और शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका को शूट-ऑफ में पराजित किया।

## स्पेन की स्टार फुटबॉलर एलेक्सिया पुटेलस ने बार्सिलोना के साथ नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए

**मैड्रिड।** स्टार स्पेनिश महिला फुटबॉलर एलेक्सिया पुटेलस ने जून 2026 तक एफ सी बार्सिलोना के साथ एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें एक और वर्ष के लिए विस्तार का विकल्प भी शामिल है। क्लब ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। बार्सिलोना के लिए 424 मैचों में 189 गोल करने और स्पेन की राष्ट्रीय महिला टीम के लिए 114 मैचों में 30 गोल करने के बाद 30 वर्षीय पुटेलस को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलरों में से एक माना जाता है।

उनके प्रदर्शन को वैश्विक स्तर पर तब पहचान मिली जब उन्हें 2021 और 2022 में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में बैलन डी%ओर से सम्मानित किया गया।

घुटने की चोट के कारण 2023 में पुटेलस की उपस्थिति सीमित हो गई और उन्होंने महिला विश्व कप में स्पेन की जीत में केवल एक छोटी भूमिका निभाई, और लीगा एफ में केवल आठ मैच खेले। पिछले शनिवार को कोपा डे ला रीना के फाइनल में जब बार्सिलोना ने रियल



सोसिदाद को 8-0 से हराया, तो वह एक विकल्प के रूप में दिखाई दीं, उस जीत के साथ ही उन्होंने अब अपने क्लब के साथ 29 ट्रॉफियां जीत ली हैं। बार्सिलोना महिला चैंपियंस लीग के फाइनल में ओलंपिक लियोनिस से खेलेगा, जो शनिवार को एथलेटिक बिलबाओ के सैन मैम्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

## अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप के लिए ड्वेन ब्रावो को गेंदबाजी सलाहकार नियुक्त किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने वेस्टइंडीज के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो को आगामी टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का गेंदबाजी सलाहकार नियुक्त किया है। एसीबी ने कहा कि ब्रावो कैरेबियाई दौरे से पहले तैयारी शिविर के दौरान टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

अफगानिस्तान पहले ही सेंट किट्स और नेविस पहुंच चुका है और टीम के आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की तैयारियों के तहत 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू करने की उम्मीद है, जिसकी देखरेख ब्रावो सहित कोचिंग स्टाफ द्वारा की जाएगी। ब्रावो ने वेस्टइंडीज के लिए 295 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें 6423 रन बनाए और 363 विकेट लिए। उनके नाम पर 100 प्रथम श्रेणी, 227 लिस्ट ए और 573 टी20 कैप भी हैं। ब्रावो वर्तमान में टी20 क्रिकेट में अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिनके नाम प्रारूप में 625 विकेट हैं। उन्होंने इस फॉर्मेट में करीब 7000 रन भी बनाए हैं। शानदार खेल करियर के अलावा, ब्रावो के पास कोचिंग विशेषज्ञता भी है। वह वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच हैं।



## टेनिस ब्रांड एंबेसडर के रूप में सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क से जुड़ी रहेंगी सानिया मिर्जा

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय दिग्गज खिलाड़ी सानिया मिर्जा प्रमुख खेल प्रसारक-सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ टेनिस ब्रांड एंबेसडर के रूप में जुड़ी रहेंगी। सानिया सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के प्रमुख स्टूडियो शो- एक्स्ट्रा सर्व- में एक्सपर्ट पैनलिस्ट के रूप में रोलां गैरों के लाइव कवरेज के दौरान दिखाई देंगी।

सानिया इतिहास की सबसे सफल भारतीय टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं। इनके नाम छह ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। उन्हें भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित किया जा चुका है। वह सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर रोलां गैरों के लिए अपनी एक्सपर्ट राय और गहन विश्लेषण साझा करती नजर आएंगी। सानिया के साथ, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क में ओलंपियन और भारत के पूर्व नंबर-1 और एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सोमदेव देववर्मन और डेविस कप खिलाड़ी पूरव राजा रोलां गैरों के एक्सपर्ट पैनल में शामिल होंगे। टेनिस में सबसे कठिन सतह पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट का 26 मई 2024 को सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर चार भाषाओं अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में प्रसारण किया जाएगा। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया के राजेश कौल, मुख्य राजस्व अधिकारी (वितरण और अंतरराष्ट्रीय व्यापार तथा प्रमुख - खेल व्यापार) ने कहा, हम सानिया के साथ साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए बेहद खुश हैं, जो सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर टेनिस एंबेसडर के रूप में खेल के बारे में अपनी अमूल्य विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि साझा करना जारी रखेंगी। यह साझेदारी हमें अपने रुख को बनाए रखने में मदद करेगी क्योंकि सोनी नेटवर्क्स सही मायने में भारत में टेनिस का घर है। यह सबसे महत्वपूर्ण टेनिस टूर्नामेंटों का प्रसारण बेजोड़ एक्सपर्ट एनालिसिस के साथ करता है।

सानिया ने कहा, ग्रैंड स्लैम में अविस्मरणीय यादों से भरे एक साल के बाद, मैं ब्रांड एंबेसडर और एक्सपर्ट पैनलिस्ट के रूप में सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ बने रहने के लिए उत्साहित हूं।

आगामी रोलां गैरों खास होगा, क्योंकि विश्व टेनिस महान खिलाड़ियों के एक नए युग की शुरुआत कर रहा है। मैं फैन्स को खेल के करीब लाने और भारत में टेनिस को वह पहचान दिलाने के सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के मिशन का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं, जिसका वह हकदार है।

## पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 टीम से तेज गेंदबाज हसन अली को रिलीज किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने बुधवार को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले तेज गेंदबाज हसन अली को अपनी टीम से रिलीज कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि चूंकि वरिष्ठ तेज गेंदबाज हारिस राउफ ने मैच फिटनेस हासिल कर ली है, इसलिए हसन को इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए रिहा कर दिया गया है। हसन को शुरुआत में आयरलैंड जाने वाली 18 सदस्यीय टीम में चुना गया था और अब वह हारिस के कवर के रूप में इंग्लैंड में हैं जो फरवरी से कमर की समस्या से उबर रहे हैं।हसन ने आयरलैंड में एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हिस्सा लिया था लेकिन काफी रन लुटाए।

इंग्लैंड के खिलाड़ी विश्व टी20 कप के लिए यूएसए और वेस्टइंडीज जाएंगे। पाकिस्तान एकमात्र ऐसा देश है जिसने अपनी 15 सदस्यीय विश्व कप टीम की घोषणा नहीं की है।

इंग्लैंड में मौजूद बल्लेबाज आगा अली सलमान और इरफान नियाजी को मेगा इवेंट के लिए ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में नामित किए जाने की उम्मीद है। पाकिस्तान और इंग्लैंड श्रृंखला विश्व कप से पहले दोनों टीमों के लिए आखिरी टी20 प्रतिबद्धता है।

## विश्व पैरा एथलेटिक : सुमित, मरियप्पन ने स्वर्ण जीता; भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर

एजेंसी

**कोबे।** भारत के सुमित अंतिल ने जापान के कोबे में विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में पुरुषों की एफ64 भाला फेंक स्पर्धा में 69.50 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। दूसरी ओर, मरियप्पन थंगावेलु ने पुरुषों की ऊंची कूद टी63 फाइनल में 1.88 मीटर से अधिक की दूरी पार करके चैंपियनशिप रिकॉर्ड तोड़ दिया और भारत के लिए टूर्नामेंट का चौथा स्वर्ण जीता।

अक्टूबर 2023 में 73.29 मीटर के विश्व रिकॉर्ड प्रयास के साथ हांग्जो एशियाई पैरा गेम्स भाला फेंक एफ64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अंतिल पुरुषों की भाला (एफ64) में वर्तमान विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। उन्होंने हमवतन संदीप के साथ पोडियम साझा किया,



जिन्होंने कांस्य पदक हासिल किया, जबकि श्रीलंका के डुलान कोडिथुवाक्कू ने रजत पदक हासिल किया। थंगावेलु ने यूएसए के एज्रा फ्रेच और सैम ग्रेवे को पीछे छोड़ दिया जो क्रमशः रजत और कांस्य जीतने के लिए केवल 1.85 मीटर और 1.82 मीटर की छलांग लगाने में सक्षम थे।इससे पहले दिन में, एकता भयान ने महिलाओं के एफ51 क्लब थ्रो में सीज़न के सर्वश्रेष्ठ 20.12 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि साथी भारतीय कशिश लाकड़ा ने 14.56 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता।

टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में भारत ने रिकॉर्ड 10 पदक जीते, और वर्तमान इस संस्करण में चार स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य के साथ उस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

वर्तमान में, भारत चीन (15 स्वर्ण, 13 रजत, 13 कांस्य) और ब्राजील (14 स्वर्ण, 6 रजत, 5 कांस्य) के बाद तीसरे स्थान पर है।

## इंग्लैंड ने यूरो 2024 के लिए घोषित की टीम, रैशफोर्ड, हेंडरसन बाहर

एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट ने अपनी प्री-यूरो 2024 प्रोविजनल टीम की घोषणा की। थ्री लायंस टूर्नामेंट से पहले क्रमशः 3 जून और 7 जून को बोस्निया और हर्जेगोविना और आइसलैंड के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेंगे।

मैनचेस्टर यूनाइटेड के फॉरवर्ड मार्कस रैशफोर्ड और अजाक्स के मिडफील्डर जॉर्डन हेंडरसन को साउथगेट द्वारा घोषित 33 सदस्यीय टीम से बाहर कर दिया गया।

रैशफोर्ड के बाहर होने पर इंग्लैंड के मैनेजर ने एक बयान में कहा, मुझे लगता है कि पिच के उस क्षेत्र में अन्य खिलाड़ियों का सीज़न बेहतर रहा है। हेंडरसन के बारे में उन्होंने कहा, निर्णायक कारक वह चोट थी



जो उन्हें पिछले शिविर में लगी थी। वह पाँच सप्ताह मैदान से बाहर रहे और अपेक्षित तीव्रता हासिल नहीं कर पाए हैं।

इसके अतिरिक्त, क्रिस्टल पैलेस के एडम व्हार्टन, लिवरपूल की जोड़ी कर्टिस जोन्स और जेरेल क्वांसा को अपना पहला इंग्लैंड कॉल-अप प्राप्त हुआ। इंग्लैंड यूरो कप टूर्नामेंट में ग्रुप सी में सर्बिया, स्लोवेनिया और डेनमार्क के साथ है। थ्री लायंस अपने अभियान की शुरुआत 16 जून को गेल्सेंकिर्चेन में सर्बिया के खिलाफ करेंगे।

इंग्लैंड की टीम पिछले संस्करण में उपविजेता रही थी, जहां फाइनल में इटली के खिलाफ उसे हार का सामना करना पड़ा था।

**यूरो 2024 के लिए इंग्लैंड की अस्थायी टीम**

**गोलकीपरः** डीन हेंडरसन, जॉर्डन पिकफोर्ड, आरोन रैम्सडेल, जेम्स ट्रैफर्ड।

**डिफेंडर्सः** जेराड बार्नथवेट, लुईस डंक, जो गोमेज़, मार्क गुही, एज़री कोन्ज़ा, हैरी मैगुइरे, जेरेल क्वांसाह, ल्यूक शॉ, जॉन स्टोन्स, कीरन ट्रिप्पियर, काइल वॉकर।

**मिडफील्डरः** ट्रेंट अलेक्जेंडर अर्नोल्ड, कॉनर गैलाघेर, कर्टिस जोन्स, कोबी मैनू, डेक्लान राइस, एडम व्हार्टन।

**फॉरवर्डः** जूड बेलिंगहैम, जारोड बोवेन, एबेरेची एज़े, फिल फोडेन, एंथोनी गॉर्डन, जैक ग्रीलिश, हैरी केन, जेम्स मैडिसन, कोल पामर, बुकायो साका, इवान टोनी, ओली वॉटकिंस।

## थाईलैंड ओपन जीत के बाद पुरुष युगल विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे सात्विक-चिराग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने मंगलवार को थाईलैंड ओपन में अपनी जीत के बाद पुरुष युगल विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया।

ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर में हार के बाद भारतीय जोड़ी तीसरे नंबर पर खिसक गई थी और फिर सात्विक की चोट के कारण चीन में एशिया चैंपियनशिप में विपक्षी टीम को वॉकओवर दे दिया गया था।उन्होंने रविवार को थाईलैंड ओपन में जोरदार वापसी करते हुए चीन के चेन बो यांग और लियू यी पर सीधे गेम में जीत के साथ सीजन का अपना दूसरा खिताब जीता।

जारी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में, वे 99670 अंकों के साथ दो पायदान चढ़कर पांच सप्ताह के बाद फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। डबल ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु महिला एकल रैंकिंग में एक स्थान गिरकर 15वें नंबर पर आ गई, जबकि एचएस प्रणय ने अपनी नंबर 9 रैंकिंग बरकरार रखी और पुरुष एकल के शीर्ष -10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं।लक्ष्य सेन तीन स्थान गिरकर 14वें नंबर पर खिसक गए। किदांबी श्रीकांत (26वें), प्रियांशु राजावत (33वें) एक-एक स्थान नीचे खिसक गए, जबकि किरण जॉर्ज 36वें नंबर पर खिसक गए। महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा 19वें नंबर पर सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली भारतीय हैं। राष्ट्रमंडल



खेलों की कांस्य पदक विजेता ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी एक स्थान गिरकर विश्व में 29वें स्थान पर खिसक गई है। मिश्रित युगल में, सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियाथ तीन स्थान ऊपर चढ़कर विश्व में 39वें स्थान पर पहुंच गए और शीर्ष 50 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं।

## क्वॉलीफायर-1 मुकाबले में केकेआर ने हैदराबाद को आठ विकेट से हराया, फाइनल में पहुंची टीम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम क्वालिफायर-1 मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर और कप्तान श्रेयस अय्यर के नाबाद अर्धशतकों के दम पर यह मुकाबला जीता है। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राहुल त्रिपाठी के 55 रनों की मदद से 19.3 ओवर में 159 रन बनाए थे लेकिन केकेआर ने श्रेयस के 24 गेंदों पर पांच चौकों और चार छक्के की मदद से नाबाद 58 रन और वेंकटेश अय्यर के 28 गेंदों पर पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 51 रनों की पारी के दम पर 13.4 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बनाकर मकाबला जीत लिया। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद को 19.3 ओवर में 159 रन पर ऑलआउट कर दिया। हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था लेकिन स्टार्क ने शुरुआती झटके देकर उसकी पारी लड़खड़ा दी। हैदराबाद की टीम इन झटकों से उबर नहीं सकी लेकिन राहुल त्रिपाठी के अर्धशतक और अंत में कमिंस की तेज पारी से टीम 150 रन का आंकड़ा पार करने में सफल



रही। केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट झटके। टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे महंगे बिकने वाले स्टार्क का मौजूदा सीजन में प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था, लेकिन उन्होंने क्वालिफायर-1 जैसे महत्वपूर्ण मुकाबले में शानदार प्रदर्शन कर दिखाया कि उनकी क्षमता क्या है। स्टार्क ने पहले ट्रेविस हेड को पहले ही ओवर में खाता खोले बिना आउट कर हैदराबाद को बड़ा झटका दिया। इसके बाद उन्होंने नीतीश रेड्डी और शाहबाज अहमद को भी पवेलियन भेजा। स्टार्क के अलावा केकेआर के लिए स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने दो विकेट लिए। दिलचस्प बात यह है कि इस मैच में केकेआर के हर गेंदबाज ने सफलता हासिल की और हैदराबाद को बड़ा स्कोर बनाने से रोकने में सफल रहे।

इससे पहले, पावरप्ले में चार विकेट गंवाने के बाद हैदराबाद के लिए राहुल त्रिपाठी ने हेनरिच क्लासेन के साथ मिलकर पारी को संभाला और सिर्फ 29 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

राहुल हालांकि 35 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 55 रन बनाकर रन आउट हुए। उनके अलावा क्लासेन ने 21 गेंदों पर 32 रन और कमिंस ने 24 गेंदों पर 30 रन का योगदान दिया। हैदराबाद टीम के सिर्फ चार बल्लेबाज ही दहाई अंक तक पहुंच सके।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 23 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## राज परिवार के विवाद में गहलोत की एंट्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**भरतपुर:** उन्होंने कहा कि कल चामुंडा माता मंदिर पंचायत में भरतपुर पीसीसी सदस्य ने कहा पूर्व राज परिवार के विवाद के पीछे एक बड़े कांग्रेस नेता का हाथ है। पूर्व सांसद दिव्या सिंह ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत का नाम लेकर कहा कि उन्होंने दो ढाई साल तक खूब घी छिड़का है। गहलोत ने ही आग लगाने का काम किया है। कुंवर अनिरुद्ध सिंह ने कहा ये मामला एसडीएम कोर्ट में है। हम लोगों को अदालत पर पूरा भरोसा है। हमें कोई पंचायत जोड़ने की जरूरत नहीं है। दिव्या सिंह ने कहा 35 साल में हमने काफी पंचायत देखी है। उन्होंने कहा परिवार के खिलाफ तीन पंचायत हुई थीं जो कुंवर अरुण सिंह, पूर्व मंत्री कृष्ण कौर दीपा सिंह और रघुराज सिंह के खिलाफ थी। कुम्हेर स्थित मां चामुंडा पर इस विवाद को लेकर पंचायत हुई थी, जिसमें 51 लोगों की कमेटी बनाई गई। चाहे लोग 51,100 और 51 हजार लोगों की कमेटी बना लीजिए। हम लोगों को पंचायत से कोई फर्क नहीं पड़ता है। इसका असर एसडीएम कोर्ट पर नहीं पड़ेगा। हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा है, जो भी फैसला होगा वह मान्य होगा। दिव्या सिंह ने कहा कि हमारे किसी खास व्यक्ति ने जानकारी दी कि हमारे कॉल रिकार्ड किए जा रहे हैं। मोती महल के बाहर जो नगर निगम एरिया है, उसका सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट सेंशन हुआ था, जिसे रोक दिया गया। हमें किसी काम की परमिशन चाहिए थी, वो भी रोक दी गई।

## कर सकते हैं पांचों बद्री धामों के भी दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

गोपेश्वर: यदि आप स्कूलों में पड़ने वाले ग्रीष्म कालीन अवकाश के दिनों में बदरीनाथ धाम की यात्रा का मन बना रहे हैं तो उसके साथ इसी क्षेत्र में पड़ने वाले अन्य पंच बद्री धामों के भी दर्शन कर अभिभूत हो सकते हैं। भू-बैकुंठ श्री बदरीनाथ धाम की यात्रा निर्बाध रूप से जारी है। पिछले पांच दिनों से धाम में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से चारधाम यात्रा मार्ग, बदरीनाथ में स्थित होटल व्यवसायी और अन्य कारोबारियों के चेहरे खिल उठे हैं। तीर्थयात्रियों की चहल पहल से पूरे यात्रा मार्ग पर रौनक बनी हुई है।

**चमोली में ही स्थित है पांचों बद्री धाम:** देवभूमि उत्तराखंड के जनपद चमोली में ही पंच बद्री धाम स्थित है। तीर्थयात्री बदरीनाथ के साथ चमोली में ही नारायण के अन्य चार बद्री धामों के भी दर्शन कर सकते हैं। पंच बद्री धामों में हर धाम का विशेष महत्व है। बदीनाथ आ रहे हैं तो नारायण के पांचों धामों के दर्शन कर पुण्य अर्जित करें।

# कांग्रेस-सपा ने अराजकता फैलाया: सीएम योगी

## समाजवादी पार्टी की रैलियों में रोज दिख रही भगदड़, मारपीट और अराजकता: सीएम

**हमला बोला**

▸▸ कांग्रेस व सपा ने ढूंढ-ढूंढकर दागी, के साथ गठबंधन कर अव्यवस्था-अराजकता का ठेका ले लिया है



**टीम एक्शन इंडिया**

**जौनपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस व सपा ने ढूंढ-ढूंढकर दागी, भ्रष्ट व परिवारी दलों के साथ गठबंधन कर देश में अव्यवस्था और अराजकता का ठेका ले लिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पांच चरण संपन्न हो चुके हैं। पूरे देश में एक ही स्वर है-'फिर एक बार मोदी सरकार','अबकी पार-400 पार'। यह सुनते ही समाजवादी पार्टी की स्थिति बहुत बुरी हो जाती है। यह क्षेत्रीय पार्टी 60-62 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में इनके प्रत्याशी ने नामांकन ही गलत भर दिया। कोई लड़ने के लिए नहीं मिला। जब सपा व कांग्रेस के लोग सत्ता के कोसों दूर हैं, तब भी अपने नेता का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं। समाजवादी पार्टी में अभी रोज भगदड़, मारपीट, अराजकता व नूराकुश्ती दिख रही है। जब यह सत्ता में रहे होंगे तो कैसे उत्तर प्रदेश की जनता का खून चूसकर शोषण किया होगा, यह किसी से छिपा नहीं है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने बुधवार को पहली रैली में जौनपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह को चुनाव चिह्न कमल के फूल पर 25 मई को वोट देने की अपील की।

**रामभक्त भारत को ताकतवर तो रामद्रोही देश का विरोध कर रहे:** सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ रामभक्त हैं, जो राम के लिए सर्वस्व न्योछावर करते हुए भारत को ताकतवर बनाना चाहते हैं, दूसरी तरफ रामद्रोही राम के साथ ही भारत का विरोध कर रहे हैं। यह कहते हैं कि पाकिस्तान को धमकी मत दीजिए, उसके पास एटम बम है। दाने-दाने के लिए मोहताज पाकिस्तान की धमकी भारत जैसे उस बड़े देश को देते हैं, जो सबसे बड़ी उभरती अर्थव्यवस्था है।

### स्वतंत्र भारत में कोई नहीं देगा जजिया 'कर': योगी

सीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन का घोषणा पत्र कहता है कि कांग्रेस सरकार आने पर पिछड़ी, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति का आरक्षण मुसलमानों को दे देंगे। यह लोग सत्ता में आने पर संपत्ति का सर्वे करवाएंगे और पूर्वजों से विरासत के रूप में आपको मिली संपत्ति पर टैक्स लगाकर आधी संपत्ति ले लेंगे, फिर पाकिस्तान-बांग्लादेशी से आए घुसपैठिये मुसलमानों को दे देंगे। इन्हें लूट मचाने और सेंधमारी की छूट नहीं देना है। यह विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। स्वतंत्र भारत में कोई भी जजिया कर नहीं देगा। शाहजहां ने अपनी जीवनी में लिखा है कि औरंगजेब जैसा कमबख्त पुत्र किसी का न हो। औरंगजेब का जजिया कर हिंदुओं पर लागू होता था। सपा-कांग्रेस के गठबंधन में घुसी औरंगजेब की आत्मा को बेनकाब करना है।

**अबकी बार-400 पार में हमें जौनपुर सीट भी चाहिए:** सीएम ने कहा कि कृपाशंकर सिंह ने सामान्य परिवार में जन्म लिया, लेकिन परिश्रम व पुरुषार्थ की बदौलत मुंबई में अलग पहचान बनाई है। अपील की कि 400 पार में हमें जौनपुर सीट भी चाहिए। 10-10 घरों में जाइए और संपर्क कीजिए। 25 मई को हर मतदाता को मतदान केंद्र ले जाकर कमल खिलाइए।

पानी-पहचान, विकास के लिए तरसाने और माफिया को संरक्षण देने वाले सपा की जमानत जब्त कराइए। जनसभा स्थल पर उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद यादव, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह, विधायक रमेश चंद मिश्र, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज, सत्यपाल सिंह सैनी, पूर्व विधायक सुषमा पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह आदि की मौजूदगी रही।

## मास्टर और पीएचडी प्रोग्राम में शुरू की प्रवेश प्रक्रिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रोफेसर टी.जी. सीताराम ने गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (क्यूआईपी) के तहत फुल टाइम मास्टर (एम.ई./एम.टेक.) और पीएच.डी. प्रोग्राम लांच किया। 2024-25 सत्र में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। लॉन्च के दौरान इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रो. सीताराम ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर के डिग्री और डिप्लोमा स्तर के संस्थानों में संकाय सदस्यों की विशेषज्ञता और क्षमताओं को बढ़ाना है। कार्यक्रम का कार्यान्वयन और निगरानी एआईसीटीई द्वारा किया जाता है। एआईसीटीई के अनुसार, क्यूआईपी के तहत केवल स्पांसर्ड टीचर ही मास्टर और डॉक्टरेट प्रोग्राम में प्रवेश के लिए पात्र हैं।

मास्टर डिग्री में प्रवेश के लिए आवेदकों को एआईसीटीई अप्रूव्ड पॉलिटेक्निक (डिप्लोमा) संस्थानों में फुल टाइम रेग्युलर या स्थायी शिक्षक होना चाहिए जिनके पास पॉलिटेक्निक स्तर पर कम से कम एक वर्ष का शिक्षण अनुभव और उपयुक्त ब्रांच में स्नातक डिग्री हो।

वहीं, इंजीनियरिंग व प्रबंधन में पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदकों को एआईसीटीई अप्रूव्ड डिग्री या डिप्लोमा स्तर के संस्थानों में फुल टाइम रेग्युलर या स्थायी शिक्षक होना चाहिए जिनके पास स्नातक स्तर पर कम से कम तीन साल का शिक्षण अनुभव और उपयुक्त ब्रांच में मास्टर डिग्री हो। पात्र शिक्षकों को पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। शॉर्टलिस्ट आवेदकों को टेस्ट/इंटरव्यू के लिए क्यूआईपी संस्थान/विभाग द्वारा ई-मेल से सूचित किया जाएगा।

**क्षमता**

▸▸ देश भर के डिग्री और डिप्लोमा स्तर के संस्थानों में संकाय सदस्यों की विशेषज्ञता और क्षमताओं को बढ़ाना है

## चिराग को हार की मुबारकबाद देता हूं: तेजस्वी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने भारतीय जनता पार्टी, पीएम नरेंद्र मोदी और चिराग पासवान पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी जब भी पटना आते हैं तो रात के अंधेरे में आ रहे हैं। रात के अंधेरे में कई कुछ खास लोगों को बुलाया जा रहा है। कुछ-कुछ खास निर्देश पीएम मोदी द्वारा दिया जा रहा है। यह लोग डर चुके हैं। आजकल टेलीपॉम्पटर से भी पीएम मोदी बोलते हैं तो साफ नजर आता है कि वह थक चुके हैं और ना उम्मीद हो चुके हैं।



**चिराग को हार की मुबारकबाद देता हूं**

वहीं चिराग पासवान के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि चिराग को सबसे पहले हार की मुबारकबाद देता हूं। हमलोगों के पास जो सूचना आई है, उसमें वह काफी अच्छे मार्जिन से चुनाव हार रहे हैं। उनके पास कोई मैनेजमेंट नहीं है।

**निशाने पर**

▸▸ पीएम जब भी पटना आते हैं तो रात के अंधेरे में आ रहे हैं। रात के अंधेरे में कुछ खास लोगों को बुलाया जा रहा

## दोनों शहजादे भाजपा को मात देंगे : सपा प्रमुख अखिलेश यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**आजमगढ़:** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला। वह महंगाई, बेरोजगारी, जी-20, पेपर लीक से लेकर बीजेपी के चार सौ पार के नाम पर घेरते हुए दावा किया चार जून को जनता इन्हें 140 सीटों के लिए तरसा देगी। पीएम मोदी द्वारा शहजादे कहे जाने पर तंज कसते हुए कहा कि दोनों शहजादे मिलकर इतनी शह देंगे और जनता मात देगी की इनता पता नहीं लगेगा। वह उक्त बातें आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के बिलरियागंज स्थित बघेला के मैदान में आयोजित जनसभा में सपा व इंडी गठबंधन के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कही।



**आजमगढ़ की जनता रिकार्ड मतों से जितायेगी:** समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि वर्ष 2024 का जो यह चुनाव होने जा रहा है, आजमगढ़ के लोग न केवल जीताने जा रहे हैं, बल्कि इस बार जो यहां की जनता ने मन बनाया है कि यहां से रिकार्ड मतों से समाजवादी पार्टी जीतकर जायेगी।

**चार सौ पार नहीं चार सौ हार :** भाजपा का बिना नाम लिए अखिलेश यादव ने कहा कि इधर न जाने क्या हो जाता है दूसरे लोगों को आजमगढ़ का नाम लेते ही उन्हें परेशानी हो जाती और इतनी परेशानी हो रही है कि आजकल उनके भाषणों की भाषा बदल गई। जो हमें और आपको चार सौ पार का नारा देकर डरा रहे थे वो अंदर ही अन्दर सोच रहे हैं कि अब तो जनता ने नारा ही बदल दिया। इस बार चार सौ पार नहीं चार सौ हार होने जा रही है।

**वोट की अपील**

▸▸ बीजेपी के चार सौ पार के नाम पर घेरते हुए दावा किया चार जून को जनता इन्हें 140 सीटों के लिए तरसा देगी

## भाजपा एक अनुशासित पार्टी जो देश और राष्ट्रहित में काम कर रही : केशव

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:** भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में बसपा सरकार के पूर्व मंत्री बाबूलाल भंवरा एवं सपा के मेयर प्रत्याशी रहे अजय श्रीवास्तव बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है जो देशहित व राष्ट्रहित में काम करती है। डिप्टी सीएम ने कहा कि हम सबको एक अनुशासित सिपाही भारतीय जनता पार्टी के रूप में लगकर आगामी 25 मई को होने वाली प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीटों पर हमें अपनी पूरी ताकत दिखानी होगी और प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाना होगा, जिससे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत को हम और बढ़ा सकें। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए सभी नेताओं को भाजपा परिवार में आने की बधाई दी और उन्हें पार्टी हित में जुट जाने को कहा एवं चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, महापौर गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने पार्टी में शामिल हुए सभी नेताओं को भारतीय जनता पार्टी का अंगवस्त्रम पहनाकर और उन्हें मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल होने की बधाई दी



**बहुमत पर जोर**

▸▸ हमें अपने प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीटों पर ताकत दिखानी होगी : केशव प्रसाद मौर्य

## बदरीनाथ मन्दिर: 50 मीटर के दायरे में रील्स बनाना पड़ा महंगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वर:** प्रदेश सरकार की ओर से चारधाम यात्रा के दौरान धामों के 50 मीटर के दायरे में वीडियोग्राफी और रील्स बनाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## जनता के पैसे से मिल रहा फ्री का राशन : मायावती

**टीम एक्शन इंडिया**

**सुलतानपुर:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बुधवार को कहा कि पूर्व में केंद्र में रही कांग्रेस सरकार की तरह ही वर्तमान में भाजपा सरकार भेदभाव कर रही है। जनता को मिलने वाले फ्री राशन को भाजपा के लोग अपनी जेब से नहीं दे रहे हैं बल्कि जनता जो सरकार को टैक्स देती है उसी पैसे से राशन दिया जा रहा है। ये कोई मेहरबानी नहीं है। गोसाईगंज के मोतीगंज में बुधवार को अपने पार्टी उम्मीदवार के लिए चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जातिवादी, हीनवादी, सम्प्रदायवादी और पूंजीवादी सोच के चलते ही पूरे देश में खासकर दलित, गरीबों आदिवासियों, मुस्लिम आदि का विकास में उत्थान नहीं हो सका। पूरे देश में दलितों आदिवासियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों का सरकारी नौकरियों में बरसों से अधूरा पड़ा आरक्षण का कोटा भी अभी तक पूरा नहीं भरा गया है। विशेष कर एससी-एसटी का सरकारी नौकरियों में पदोन्नति में आरक्षण भी अब काफी हद तक प्रभाव विहीन ही बना दिया गया है। कांग्रेस-बीजेपी और इनकी सहयोगी पार्टियों को केंद्र की सत्ता में आने से जरूर रोकना है। मायावती ने अपने सम्बोधन में अल्पसंख्यक वोटों पर डोरा डालने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हमने अंबेडकरनगर से मुस्लिम समाज के प्रत्याशी को उतारा।

## निवाई में 6276 लीटर कच्ची घानी सरसों का तेल किया सीज

**टीम एक्शन इंडिया**

**टोंक: टोंक** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक यादव, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने निवाई पहुंचकर कच्ची घानी सरसों का तेल 6276 लीटर किया सीज। गौरतलब है कि निवाई से झिलाय रोड स्थित महेंद्र इंडस्ट्रीज से जयपुर मुहाना अनाज मंडी में जयपुर फूड कमिश्नर टीम ने 6683 लीटर कच्ची घानी का सरसों का तेल सीज किया था। इसकी सूचना कमिश्नर ने तुरंत ही दूरभाष से जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अशोक यादव, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतनारायण गुर्जर को दी गई। खाद्य सुरक्षा टीम ने निवाई स्थित रणथंबोर ब्रांड कच्ची घाणी के तेल के सैंपल लिए। इस कार्रवाई से तेल व्यवसायों में हड़कंप मच गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा आमजन स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाएगा। सैंपल हमने ले लिए हैं लैब में जाने के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## छठवें चरण के लिए 23 मई की शाम थम जाएगा प्रचार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** लोकसभा के छठवें चरण के चुनाव को लेकर गुरुवार (23 मई) की शाम छह बजे से प्रचार प्रसार थम जाएगा। छठवें चरण में 14 लोकसभा सीटों व 292-गैंसड़ी विधानसभा की एक सीट पर उपचुनाव के लिए 25 मई (शनिवार) को मतदान होना है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को बताया कि छठे चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें 146 पुरुष और 16 महिला उम्मीदवार हैं। वहीं, बलरामपुर जनपद की 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार की शाम छह बजे से सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र और विधानसभा उप निर्वाचन के लिए भी चुनाव प्रचार प्रसार सम्बंधी समस्त गतिविधियों एवं अभियानों पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त होने के बाद इन निर्वाचन क्षेत्रों में सभी राजनैतिक दलों के बाहरी कार्यकताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में छठवें चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 25 मई (शनिवार) को मतदान होना है।



**ठोक रहे ताल**

▸▸ छठे चरण के इन सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 162 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं

## बीजेपी की विंध्य धरा पर इतिहास रचने की तैयारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुर:** भाजपा का लक्ष्य 400 पार भेदने के साथ इस बार विंध्य धरा पर इतिहास रचने की तैयारी है। मीरजापुर संसदीय सीट पर लगातार दो बार से एनडीए का कब्जा है। अब एक बार फिर एनडीए मीरजापुर में रिकॉर्ड बनाने की कोशिश में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जगविख्यात मां विंध्यवासिनी धाम यानी मीरजापुर जनपद के सिटी ब्लॉक के बरकछा कला ग्रामसभा में 26 मई की सुबह नौ बजे जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मीरजापुर लोकसभा सीट पर अंतिम यानी सातवें चरण में मतदान होना है। मीरजापुर से कुल 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नामांकन के बाद अब चुनाव-प्रचार का शोर गूंजने वाला है। सभी दल चुनावी रणनीति के साथ मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में जुटे हैं। वहीं भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 मई को मीरजापुर के सिटी ब्लॉक के बरकछा कला ग्रामसभा में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। साथ ही सपा-बसपा-कांग्रेस समेत राजनैतिक दलों की नाकामियां उजागर करेंगे। दयाशंकर दयालु व रैली प्रभारी क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम क्षेत्र सत्येन्द्र सिसोदिया ने प्रधानमंत्री की प्रस्तावित जनसभा को लेकर बरौंधा कचार स्थित भाजपा कार्यालय पर बुधवार को समीक्षा बैठक कर तैयारियों को धार दी। कहा कि पदाधिकारी और कार्यकर्ता जनसभा को सफल बनाने में जोर-शोर से जुट जाएं।

भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने बताया कि 26 मई को सुबह नौ बजे सिटी ब्लॉक अंतर्गत ग्रामसभा बरकछा कला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशाल जनसभा होगी।

**गेमचंजर**

▸▸ 26 मई को मीरजापुर आएंगे मोदी, सपा-बसपा-कांग्रेस समेत दलों की नाकामियों को करेंगे उजागर

**इतिहास** कांग्रेस यहां अब तक हुए 17 चुनाव में 5 बार जीत चुकी है, वहीं भाजपा 3 बार, सपा 2 और बसपा 1 बार जीत का परचम फहरा चुकी है

## लोस चुनाव : डुमरियागंज में तीसरी बार खिलेगा कमल या सरपट भागेगी साइकिल !

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: डुम**रियागंज लोकसभा सीट सिद्धार्थनगर जिले में आती है। भगवान बुद्ध के क्रीड़ास्थल और कपिलवस्तु में ननिहाल होने के कारण सिद्धार्थनगर जिला काफी अहमियत रखता है। इस जिले का नाम भी गौतम बुद्ध के बचपन के नाम 'सिद्धार्थ' के नाम पर रखा गया है। इस क्षेत्र का 'काला नमक' चावल पूरी दुनिया में मशहूर है। उप्र की संसदीय सीट संख्या 60 डुमरियागंज में छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होगा।

**डुमरियागंज संसदीय सीट का इतिहास**

इस सीट के सियासी इतिहास की बात करें, तो साल 1952 के पहले चुनाव में कांग्रेस ने यहां पर जीत दर्ज की थी। केशव देव मालवीय इस सीट पर सांसद बने थे। साल 1957 में डुमरियागंज को बस्ती-गोंडा लोकसभा क्षेत्र से अलग किया गया। इस साल हुए आम चुनाव में कांग्रेस के रामशंकर लाल ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद साल 1962 में जनसंघ के नारायण स्वरूप शर्मा ने कांग्रेस का विजयरथ रोक दिया और क्षेत्र से सांसद बने। अगले चुनाव में कांग्रेस ने फिर वापसी की और केशव देव मालवीय एक बार फिर संसद पहुंचे। साल 1977 के चुनाव में जनता पार्टी से माधव प्रसाद त्रिपाठी ने इस सीट पर बाजी मारी थी। 1980 और 84 का चुनाव कांग्रेस और 1989 में जनता दल के प्रत्याशी यहां से जीते। 1991 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा का खाता खुला। रामपाल सिंह यहां से भाजपा के पहले सासंद बने थे। साल 1996 में सपा और 1998 व 1999 के चुनावमें भाजपा ने विजय पताका फहराई। 2004 में बसपा और 2009 में कांग्रेस को जीत हासिल हुई। 2014 और 2019 का चुनाव भाजपा की टिकट पर जगदम्बिका पाल ने जीता है। वो इस सीट एक बार कांग्रेस और बार भाजपा से लगातार चुनाव जीत कर हैट्रिक बना चुके हैं।



**समीकरण**

▸▸ उप्र की संसदीय सीट संख्या 60 डुमरियागंज में छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होगा

**पिछले दो चुनावों का हाल**

साल 2019 आम चुनाव में भाजपा उम्मीदवार जगदम्बिका पाल ने बसपा के आफताब आलम को 1 लाख 5 हजार 321 वोटों से हराया था। भाजपा उम्मीदवार को 492,253 (49.96%) वोट मिले थे, जबकि बसपा उम्मीदवार 385,932 (39.27%) वोट मिले थे। कांग्रेस के उम्मीदवार चन्द्रेश उर्फ चन्द्रेश कुमार उपाध्याय 60,549 (6.15%) वोट हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे थे। ।

बात 2014 के चुनाव की कि जाए तो इस चुनाव में भाजपा के टिकट पर जगदम्बिका पाल मैदान में थे। उन्होंने चुनाव में बसपा प्रत्याशी मुहम्मद मुकीम को 1 लाख 3 हजार 588 मतों के अंतर से हराया था। पीस पार्टी के उम्मीदवार डॉ. अय्यूब तीसरे और कांग्रेस उम्मीदवार वंसुधरा तीसरे और चौथे स्थान पर रहे।